RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 289
नई दिल्ली, रविवार, 29 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



तीसरे टेस्ट में भारत की करारी हार
स्पोर्ट्स-12

# राज्य के झूठ को उजागर करें बुद्धिजीवी: जस्टिस चंद्रचूड़

**● सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ जज ने एक ऑनलाइन व्याख्यान में कही ये बात, फेक न्यूज पर भी जताई चिंता**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट के वरिष्ठ जज जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि कि समाज के बुद्धिजीवियों का कर्तव्य बनता है कि वो 'राज्य के झूठ' को उजागर करें। 'सत्ता से सच बोलना' एक ऐसी बात जो यह बताती है कि सच बोलने वाले व्यक्ति ने सच का ऐसे व्यक्ति की आलोचना के लिए इस्तेमाल किया, जो ज्यादा ताकतवर है।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा 'इसका लक्ष्य सत्ता के खिलाफ सत्य की ताकत को स्थापित करना है। इस बात पर कोई भी विचार कर सकता है कि सत्ता से सच बोलना सभी नागरिकों का अधिकार है और लोकतंत्र में यह अधिकार होना चाहिए, लेकिन समान रूप से प्रत्येक नागरिक का एक कर्तव्य है। दार्शनिक अन्ना अरेंडट को उद्धृत करते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अधिनायकवादी सरकारें 'लगातार झूठ का सहारा लेती हैं जिसके कि वे अपना प्रभुत्व स्थापित कर सकें।' उन्होंने कहा कि आधुनिक लोकतंत्र को चलाने के लिए सत्य उसका अविभाज्य हिस्सा है। लोकतंत्र और सच्चाई साथ साथ चलते हैं। सच्चाई बरकरार रहे यह लोकतंत्र की जरूरत है।' जस्टिस चंद्रचूड़ ने 'नागरिकों के सत्ता से सच बोलने का अधिकार' विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान में ये बातें कहीं।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि लोकतंत्र में राज्य (सरकारें) राजनीतिक कारणों से झूठ नहीं बोल सकते हैं।' उन्होंने कहा कि सच्चाई के लिए केवल राज्य पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। इसलिए समाज के प्रबुद्ध लोग सरकारों के झूठ को उजागर करें। उन्होंने कहा कि एकदलीय सरकारें सत्ता को मजबूत करने के लिए झूठ पर निरंतर निर्भरता के लिए जानी जाती हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि कोरोना के समय में हम देख रहें हैं कि दुनिया भर के देशों में कोविड डेटा में हेरफेर करने का चलन बढ़ रहा है। उन्होंने फेक न्यूज पर भी निशाना साधा और कहा कि आज फेक न्यूज का चलन बढ़ता ही जा रहा है। वरिष्ठ जज ने कहा कि डब्लूएचओ ने कोरोना महामारी के दौरान इसे 'इन्फोडेमिक' कहते हुए पहचाना था। उन्होंने कहा कि इंसानों में सनसनीखेज खबरों की ओर आकर्षित होने की प्रवृत्ति होती है, जो अक्सर झूठ पर आधारित होती है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि ट्विटर जैसे सोशल मीडिया पर झूठ का बोलबाला है।



जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़

सच्चाई के बारे में लोगों का चिंतित न होना, सत्य के बाद की दुनिया में एक और घटना है।' छठे मुख्य न्यायाधीश एमसी छागला स्मृति व्याख्यान देते हुए, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, कोई केवल सच्चाई के लिए राज्य पर भरोसा नहीं कर सकता। अधिनायकवादी सरकारें सत्ता को मजबूत करने के लिए झूठ पर लगातार निर्भरता के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने एक 'पोस्ट-ट्रूथ' दुनिया के बारे में बात की, जिसमें 'हमारी सच्चाई' बनाम 'आपकी सच्चाई' के बीच एक प्रतियोगिता है, और एक 'सत्य' को अनदेखा करने की प्रवृत्ति है जो किसी की धारणा के अनुरूप नहीं है।

# हरियाणा में किसानों पर लाठीचार्ज, हाईवे किया जाम

**● 10 प्रदर्शनकारी जख्मी, राजमार्गों पर घंटों फंसे रहे लोग**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**भाजपा** की बैठक के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए करनाल की तरफ बढ़ रहे किसानों के एक समूह पर पुलिस ने शनिवार को कथित तौर पर लाठीचार्ज किया, जिसमें करीब दस लोग घायल हो गए। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, राज्य भाजपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

किसानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य पुलिस की आलोचना की गई और विरोध में कई स्थानों पर सड़कों को जाम किया गया। प्रभावित सड़कों में फतेहाबाद-चंडीगढ़, गोहाना- पानीपत और जींद-पटियाला राजमार्ग; अंबाला-कुरुक्षेत्र, करनाल के पास दिल्ली राजमार्ग, हिसार-चंडीगढ़ और कालका-जीरकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल हैं। कई यात्री घंटों तक राजमार्गों पर फंसे रहे। हरियाणा भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के प्रमुख गुरनाम सिंह चढूनी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने बर्बरतापूर्वक प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज किया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता दर्शन पाल ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने 'दर्जनों किसानों के' घायल होने और करनाल पुलिस द्वारा कुछ किसानों को हिरासत में लेने के विरोध में शनिवार को शाम पांच बजे तक सड़क एवं टोल प्जाजा जाम करने का आह्वान किया था, वहीं चढूनी ने कहा कि करनाल में हिरासत में लिए गए लोगों को छोड़े जाने तक सड़क जाम करना जारी रखा जाएगा।

करनाल से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर बस्तारा टोल प्लाजा के पास मौजूद कई प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस की कार्रवाई में आठ से दस लोग घायल हुए हैं। करनाल पुलिस की आईजी ममता सिंह ने कहा कि हमने हल्का बल प्रयोग किया क्योंकि वे राजमार्ग जाम कर रहे थे। पुलिस पर पथराव भी किया गया। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया। उन्होंने बताया कि पहले कुछ किसानों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हिरासत में लिया गया और उन्हें रिहा किया जा रहा है। केंद्र के कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसान हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन के कई सार्वजनिक कार्यक्रमों का विरोध कर रहे हैं। बीकेयू के आह्वान पर कई किसान करनाल के नजदीक बस्तारा टोल प्लाजा पर इकट्ठा हुए थे।



लाठीचार्ज के विरोध में टोल प्लाजा पर जाम लगाते किसान

# अफगानिस्तान के हालात मुश्किल: मोदी

**● प्रधानमंत्री ने जलियांवाला बाग के पुनर्निर्मित परिसर का किया उद्घाटन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अफगानिस्तान के ताजा हालात को मुश्किल और चुनौतीपूर्ण करार देते हुए कहा कि वहां फंसे लोगों को सुरक्षित वापस लाने के लिए जी-जान से प्रयास किए जा रहे हैं। जलियांवाला बाग के पुनर्निर्मित परिसर का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जिस प्रकार की वैश्विक परिस्थितियां बन रही हैं, उससे एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के मायनों का भी एहसास होता है।

उन्होंने कहा, यह घटनाएं हमें याद दिलाती हैं कि राष्ट्र के रूप में हर स्तर पर आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास दोनों जरूरी है। गुरबाणी की कुछ पंक्तियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमें सिखाती है कि सुख दूसरों की सेवा से ही आता है और हम सुखी तभी होते हैं जब हम अपने साथ-साथ अपनों की पीड़ा को भी अनुभव करते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए दुनिया भर में कहीं भी, कोई भी भारतीय अगर संकट में घिरता है तो भारत पूरे सामर्थ्य से उसकी मदद के लिए खड़ा हो जाता है। कोरोना काल हो या फिर अफगानिस्तान का वर्तमान संकट। दुनिया ने इसे निरंतर अनुभव किया है। ऑपरेशन देवी शक्ति के तहत अफगानिस्तान से भारत लाए जा रहे लोगों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, चुनौतियां बहुत हैं, हालात मुश्किल हैं लेकिन गुरु कृपा भी हम पर बनी हुई है। उन्होंने कहा, हम लोगों के साथ पवित्र गुरु ग्रंथ साहब के स्वरूप को भी सिर पर रखकर भारत लाए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों (अफगानिस्तान की) से सताए हुए अपने लोगों के लिए देश में नए कानून भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा, आज जिस प्रकार की वैश्विक परिस्थितियां बन रही है, उससे हमें यह एहसास भी होता है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के क्या मायने होते हैं।

यह घटनाएं हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र के रूप में हर स्तर पर आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास दोनों जरूरी है। आजादी के 75 वर्ष के अवसर पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने आह्वान किया, हम अपने राष्ट्र की बुनियाद को मजबूत करें और उस पर गर्व करें। आजादी का अमृत महोत्सव आज इसी संकल्प को लेकर (शेष पेज 8)



वीडियो कांफ्रेंसिंग से जलियांवाला बाग के पुनर्निर्मित परिसर का उद्घाटन करते नरेंद्र मोदी

# अमेरिका ने काबुल धमाकों के मास्टर माइंड मार गिराए

**● आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान से लिया बदला, ड्रोन की मदद से बोला हमला**

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** सेना ने शनिवार को कहा कि उसने अफगानिस्तान में एक ड्रोन हमला किया, जिसमें इस्लामिक स्टेट के दो साजिशकर्ताओं की मौत हो गई। हाल में काबुल हवाई अड्डे पर आत्मघाती धमाकों में 169 अफगान और 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जवाबी कार्रवा करने का वादा किया था। अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट से संबद्ध इस्लामिक स्टेट-खुरासान (आईएसआईएस-के) ने काबुल में हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को हुए हमलों की जिम्मेदारी ली थी।

ज्वाइंट स्टॉफ फॉर रीजनल ऑपरेशंस के उप निदेशक मेजर जनरल हैंक टेलर ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, आईएसआईएस के दो हाई-प्रोफाइल सदस्य मारे गए, और एक घायल हो गया। और इसमें कोई भी नागरिक हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, भविष्य की किसी भी योजना को बताए बिना, मैं कहूंगा कि हम अपनी रक्षा करने के वास्ते आवश्यकतानुसार आतंकवाद विरोधी अभियानों का संचालन करना जारी रखेंगे। उन्होंने ड्रोन हमले में मारे गए आईएसआईएस-के के साजिशकर्ताओं और सूत्रधारों के बारे में कोई और जानकारी देने से इनकार कर दिया।

अभी तत्काल यह पता नहीं चल सकता है कि ड्रोन हमले में लक्षित आईएसआईएस-के साजिशकर्ता विशेष रूप से बृहस्पतिवार के काबुल हवाई अड्डे पर हमले में शामिल थे या नहीं। पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि ये दोनों एक ही हमले में मारे गए और वे आईएसआईएस-के साजिशकर्ता और सूत्रधार थे। इस्लामिक स्टेट समूह के संभावित और हमलों के बारे में किर्बी ने संवाददाताओं से कहा, खतरे अभी भी बहुत वास्तविक हैं और हम इस समय उनकी (शेष पेज 8)

# त्योहारी सीजन में भीड़ पर काबू रखें राज्य: केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने शनिवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि आगामी त्योहारी सीजन के दौरान कोई बड़ी भीड़ एकत्र न हो और कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सक्रियता से कदम उठाने को कहा है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने जारी कोविड-19 दिशा-निर्देशों को एक और महीने के लिए 30 सितंबर तक बढ़ाते हुए कहा कि कुछ राज्यों में दिख रहे स्थानीय प्रसार को छोड़कर, वैश्विक महामारी की समूची स्थिति अब राष्ट्रीय स्तर पर काफी हद तक स्थिर दिखती है। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे गए एक जैसे पत्रों में कहा कि कुछ जिलों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या और उच्च संक्रमण दर चिंता का विषय बनी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह आठे बजे तक अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में देश में 46,759 लोगों (शेष पेज 8)

# कोवैक्सीन की एक खुराक से संक्रमित रहे व्यक्ति में दो डोज जितनी एंटीबॉडी



**● आईसीएमआर के अध्ययन में खुलासा, इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में हुआ प्रकाशित**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक अध्ययन के अनुसार यदि भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके कोवैक्सीन की एक खुराक किसी ऐसे व्यक्ति को दी गई जो पहले कोरोना वायरस से संक्रमित हुआ था तो वह दो खुराक जितनी ही एंटीबॉडी प्राप्त कर लेता है।

यह अध्ययन शनिवार को इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित हुआ। अध्ययन में कहा गया है, व्यापक आबादी के बीच किए गए अध्ययनों में हमारे प्रारंभिक निष्कर्षों की पुष्टि यदि की जाती है, तो पहले से सार्स-सीओवी-2 से संक्रमित व्यक्तियों (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,124 | |
| निफ्टी | 16,705 | |
| सोना | 46,312 | /10g |
| चांदी | 61,667 | /kg |

## क्विक न्यूज

**आयुर्वेदिक दवा नीरी-केएफटी गुर्दा ठीक करने में सहायक: शोध**

**नई दिल्ली।** शोधकर्ताओं की एकटीम ने दावा किया है नीरी-केएफटी नामक आयुर्वेदिक पॉली-हर्बल फॉर्मूले मे न केवल दीर्घकालिक गुर्दा रोग की प्रगति को धीमा करने बल्कि इस महत्वपूर्ण अंग के कार्यात्मक मापदंडो मे सामान्य स्थिति बहाल करने की भी क्षमता है। सऊदी जर्नल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज के नवीनतम संस्करण मे प्रकाशित एक समीक्षा मे उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि नीरी-केएफटी के फाइटो फार्माकोलॉजिकल मूल्यांकन से पता चलता है कि यह एंटीऑक्सिडेंट, नेफ्रोप्रोटेक्टिव और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी प्रभावों को बढ़ाकर गुर्दे की शिथिलता या दीर्घकालिक गुर्दा रोग (सीकेडी) रोगी में ऑक्सीडेटिव और तनाव से उत्पन्न होने वाले एपोप्टोसिस के खिलाफ पर्याप्त क्षमता प्रदर्शित करता है।

# अभिषेक व उनकी पत्नी को ईडी के समन से केंद्र पर बिफरीं ममता



**● बंगाल की मुख्यमंत्री ने विपक्ष के खिलाफ एजेंसियों के इस्तेमाल पर सभी मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाने का प्रस्ताव रखा**

**● सांसद अभिषेक ने गृहमंत्री शाह को दी त्रिपुरा में भाजपा को आगामी विस चुनाव में हार से बचाने की चुनौती**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर देश के संघीय ढांचे को तहस-नहस करने और राज्यों के अधिकारों को छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। तगड़ा प्रहार करते हुए ममता ने कहा कि विपक्षी दलों को दबाने के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने केंद्र के कथित अधिनायकवादी रवैये के खिलाफ लड़ने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाने का प्रस्ताव भी रखा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोयला घोटाला मामले में अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी को पूछताछ के लिए तलब किए जाने के बाद केंद्र (शेष पेज 8)

# बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा में दर्ज हुए 10 और केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा के मामलों की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चुनाव बाद हिंसा के सिलसिले में 10 और प्राथमिकी दर्ज की है। ये एफआईआर आधिकारिक तौर 11 अलग-अलग मामले दर्ज होने के एक दिन बाद किए गए हैं। जिसके बाद कुल केसों की संख्या 21 हो गई है। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि नादिया जिले में हत्या के कथित प्रयास के मामले में शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों आरोपियों बिजॉय घोष और असीम घोष को जांच एजेंसी ने गिरफ्तारी से पहले कुछ समय के लिए हिरासत में लिया था। एजेंसी ने कहा कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश (शेष पेज 8)

# सर्विस रोड, रैंप, लूप और साइकिल ट्रैक हुआ चालू

**● मयूर विहार फेस-1 में दिल्ली-नोएडा आने-जाने वालों को हुई सहूलियत, जाम और चक्कर काटने से बचेंगे**

**● मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया पूरी परियोजना का उद्घाटन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मयूर** विहार फेस-1 का बहुप्रतीक्षित सर्विस रोड, रैंप, लूप और साइकिल ट्रैक शनिवार से चालू हो गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसका उद्घाटन किया। बारापुला फेस-3 से जुड़े इन लूप और रैंप के खुलने से दक्षिणी दिल्ली और नोएडा के बीच सफर करना आसान हो गया है। साथ ही पूर्वी दिल्ली के लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।

उद्घाटन समारोह में सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और लोक निर्माण मंत्री सत्येंद्र जैन के साथ कोंडली से 'आप' विधायक कुलदीप कुमार और त्रिलोकपुरी के विधायक रोहित महरौलिया भी थे। अरविंद केजरीवाल ने समय से प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों और ठेकेदार को बधाई दी। मयूर विहार रैंप और सर्विस रोड दिल्ली में मयूर विहार से सराय काले खां तक फेज-3 एक्सटेंशन के तहत बारापुला एलिवेटेड रोड कॉरिडोर का हिस्सा है। ये रैंप और सर्विस रोड प्रोजेक्ट का आवश्यक हिस्सा हैं। ये रैंप मयूर विहार फेज-1 जंक्शन पर रेड लाइट से बचने के लिए किए गए हैं। इन रैंप से नोएडा से मयूर विहार फेज-1 और मयूर विहार फेज-1 से अक्षरधाम की तरफ जाने वालों को भी मदद मिलेगी।

वर्तमान में नोएडा से मयूर विहार फेज-1 जाने वाले यात्रियों को एनएच-24 फ्लाईओवर के नीचे से यू-टर्न लेने के लिए करीब एक किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। इसी तरह मयूर विहार फेज-1 से अक्षरधाम जाने वाले वाहनों को लिंक रोड पर एक और फ्लाईओवर के नीचे से यू-टर्न लेने के लिए नोएडा की ओर लगभग एक किलोमीटर तक जाना पड़ता है। इन रैंप और सर्विस रोड से मयूर विहार फेज-1 से अक्षरधाम और नोएडा से मयूर विहार फेज-1 तक सफर करने में कम से कम पांच मिनट बचेंगे। इससे यात्रियों के मानव-घंटे, ईंधन की खपत (शेष पेज 8)



सर्विस रोड, रैंप, लूप और साइकिल ट्रैक का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

# नोएडा में बनेंगे इलेक्ट्रिक रिक्शा-बाइक व कारें

## 100 एकड़ में विकसित होगी ई-व्हीकल सिटी, सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह से मिला प्रतिनिधिमंडल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। जब से यमुना सिटी में देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट का प्रस्ताव मिला तब से यह क्षेत्र निवेशकों के लिए मुफीद जगह बना हुआ है। अथॉरिटी को हजारों करोड़ रुपए का निवेश मिल चुका है। अब यहां इलेक्ट्रिक व्हीकल सिटी विकसित की जाएगी।

इसके लिए प्राधिकरण ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। सेक्टर-28 में 100 एकड़ में यह सिटी विकसित की जाएगी। यहां पर ई-रिक्शा स्कूटी बाइक कार और लिथियम बैटरी का भी उत्पादन हो सकेगा। जेवर एयरपोर्ट की वजह से यमुना प्राधिकरण निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चर वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन जय भगवान गोयल की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह से मुलाकात की थी।

इलेक्ट्रिक व्हीकल सिटी ईवी सिटी विकसित करने की मांग की थी। इसकी यहां पर तमाम संभावनाएं हैं। यमुना प्राधिकरण ने एसोसिएशन को ईवी सिटी विकसित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।



### 50 ईकाइयां लगाने को उद्यमी तैयार

प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-28 में 100 एकड़ में यह सिटी विकसित की जाएगी। सरकार ने 2018 में इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी बनाई थी। यमुना प्राधिकरण इस नीति को अपना चुका है। ईवी सिटी में आने वाली औद्योगिक इकाइयों को इसके अनुरूप सभी सहूलियत मिलेंगी। जय भगवान गोयल ने बताया कि 50 इकाइयां लगाने के लिए उद्यमी तैयार हैं। यमुना प्राधिकरण ने इस एसोसिएशन से जुड़े उद्यमियों से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मांगी है।

उम्मीद है कि जल्द ही इस परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट उद्यमी सौंप देंगे।

ईवी सिटी में कॉमन फैसिलिटी सेंटर रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर लैब टेस्टिंग स्किल डेवलपमेंट सेंटर ग्रीन इन्नोवेशन सेंटर आदि की सुविधाएं दी जाएंगी।

### एक छत के नीचे मिलेंगी सभी सुविधाएं

उद्यमियों को भटकना नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें एक छत के नीचे ही सारी सुविधाएं मिलने लगेंगी। इस क्षेत्र में इलेक्ट्रिक व्हीकल इकाई लगाने वालों को 7 साल तक ब्याज में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह पैसा सरकार वहन करेगी। रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर 5 प्रतिशत की सब्सिडी मिलेगी। इलेक्ट्रिक ड्यूटी 10 साल के लिए माफ होगी। स्टांप शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। स्टेट जीएसटी में 10 साल



तक 90 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 200 कर्मचारियों तक पीएफ में सरकार सहयोग करेगी।

# ऋतु माहेश्वरी बनीं कार्यवाहक जिलाधिकारी

- पैरा-ओलंपिक में हिस्सा लेने डीएम सुहास एलवाई टोक्यो रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

टोक्यो पैरा ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले देश के पहले आईएएस अफसर और गौतमबुद्ध नगर जिलाधिकारी सुहास एलवाई टोक्यो पहुंच गए है।

सुहास एलवाई अब 6 सितंबर को वापस गौतमबुद्ध नगर आएंगे। इतने दिनों तक नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी का कार्यभार संभालेंगी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी एससी मिश्रा ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर जिलाधिकारी सुहास एलवाई की गैरमौजूदगी में नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी गौतमबुद्ध नगर जिलाधिकारी का कार्यभार संभालेंगी। आपको बता दें कि ऋतु



माहेश्वरी उत्तर प्रदेश कैडर की 2003 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। माहेश्वरी इससे पहले गाजियाबाद के डीएम के रूप में नियुक्त रह चुकी है। गाजियाबाद को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए उनकी कड़ी कार्रवाई की व्यापक रूप से सराहना की गई। वर्तमान में ऋतु माहेश्वरी नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन की सीईओ भी हैं। जिलाधिकारी सुहास एलवाई शनिवार की सुबह टोक्यो पहुंचे है।

2 सितंबर को सुहास एलवाई बैडमिंटन के पुरुष सिंगल्स में अपना दम दिखाएंगे। डीएम इससे पहले भी कई बड़े मेडल अपने नाम दर्ज कर चुके हैं। सुहास एलवाई दुनिया के नंबर-3 बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन ने उनका सिलेक्शन किया है। इस बारे में इंडियन एसोसिएशन को जानकारी दे दी गई है। सुहास एलवाई का कहना है कि वह फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की पुरजोर कोशिश करेंगे। इस बार फिर स्वर्ण पदक हासिल करना उनका लक्ष्य है।

सुहास भारतीय पेशेवर पैरा.बैडमिंटन खिलाड़ी हैं और वर्ष 2007 बैच के आईएएस अफसर हैं। सुहास वर्तमान में पुरुष एकल में दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं। गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी के रूप करीब डेढ़ वर्ष से कार्यरत हैं।

वह पूर्व में प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत थे। तब मार्च 2018 में वाराणसी में आयोजित हुई दूसरी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल चैंपियन बने थे।

# अवकाश में भी अगले तीन दिन खुला रहेगा यमुना प्राधिकरण कार्यालय, लगेंगे विशेष कैंप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आवंटियों को राहत देने के लिए लगातार तीन दिन छुट्टी के बावजूद यमुना प्राधिकरण का कार्यालय खुला रहेगा। इन 3 दिनों में रजिस्ट्री के लिए स्पेशल कैंप लगाया जाएगा। अवकाश के दौरान भी कैंप में आकर आवंटी अपनी रजिस्ट्री करा सकेंगे।

इससे डेडलाइन के पहले यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और अथॉरिटी को भी फायदा मिलेगा। साथ ही आवंटी बिना जुर्माने के रकम का भुगतान कर सकेंगे। दरअसल यमुना प्राधिकरण ने रजिस्ट्री कराने के लिए 31 अगस्त तक छूट दे रखी है। अगर कोई कोई आवंटी इस तिथि के बाद रजिस्ट्री कराएगा तो उसे जुर्माना देना पड़ेगा। अंतिम तिथि को देखते हुए यमुना प्राधिकरण ने लगातार तीन दिन अवकाश में अपना दफ्तर खोलने का निर्णय लिया है। अथॉरिटी कार्यालय शनिवार रविवार और सोमवार को खुला रहेगा। हालांकि इन दिनों सिर्फ रजिस्ट्री के ही काम होंगे। इसके लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि छुट्टियों में दफ्तर खोलने का आदेश जारी किया गया है। सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे ताकि रजिस्ट्री कराने में किसी तरह की दिक्कत ना हो।

### अगले महीने होगी बोर्ड बैठक

नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक अगले महीने होगी। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 10 सितंबर को होगी। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 11 सितंबर को और यमुना प्राधिकरण की 14 सितंबर को संपन्न होगी। बोर्ड बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन करेंगे। बैठक को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इनमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाने हैं।

# पेपर मिल में लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर राख

- एक दर्जन से भी ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के थाना कासना क्षेत्र में एक कंपनी में शनिवार की सुबह आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पंहुची पुलिस और दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है।

मौके पर फिलहाल एक दर्जन दमकल विभाग की गाड़ियों मौजूद रही। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। कंपनी में रखा



लाखों का माल जलकर खाक हो गया। गौतमबुद्ध नगर के सीएफओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के थाना कासना क्षेत्र के साइट-5 में स्थित पेपर मिल कंपनी में शनिवार की सुबह सूचना मिली। यह आग शनिवार की सुबह लगी। देखते ही देखते आग करीब 15 मिनट में पूरी कंपनी में फैल गई, जिससे कंपनी में रखा लाखों का माल जलकर खाक हो गया है। यह कंपनी पेपर मिल की है। कंपनी में बड़े-बड़े पेपर के रोल है, जिससे आग जल्दी फैल गई। कंपनी के टिन शेड गिर जाने की वजह से आग बुझाने में दिक्कत आती रही।

### पीएनबी शाखा में लगी आग

**गाजियाबाद।** राजेंद्र नगर सेक्टर 5 स्थित पंजाब नेशनल बैंक की चिकम्बरपुर शाखा में शनिवार की सुबह अचानक आग लग गई। बैंक की इमारत से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी। दमकल कर्मियों ने समय से मिली सूचना का फायदा उठाते हुए आग पर काबू पा लिया और बैंक की ज्यादा क्षति होने से बच गई। राजेंद्र नगर सेक्टर 5 के व्यवसायिक खंड में पंजाब नेशनल बैंक की चिकम्बरपुर शाखा है। इस बैंक शाखा में शनिवार की सुबह लोगों ने धुआं उठते देखा और



पुलिस तथा दमकल विभाग को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मौके पर रवाना किया गया और 1 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। शनिवार के कारण बैंक बंद था, इसलिए उन्हें बैंक का ताला तोड़कर बैंक परिसर में प्रवेश किया। बैंक में धुंए के कारण आग पर काबू पाने में मुश्किल पेश आई।

# संक्षिप्त समाचार



नारियल फोड़कर सड़क का उद्घाटन करतीं मेयर आशा शर्मा।

### सड़क निर्माण का नारियल फोड़कर हुआ उद्घाटन

**गाजियाबाद।** गरिमा गार्डन वार्ड 64 में शनिवार को गाजियाबाद नगर निगम की महापौर आशा शर्मा ने 200 मीटर लंबे रास्ते के निर्माण के लिए नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। महापौर आशा शर्मा ने बताया कि इस निर्माण कार्य में 26 लाख रुपए की लागत आएगी। स्कूल के पास खाली पड़े मैदान के बीचो बीच इस रास्ते के बन जाने से कई कॉलोनी के लोगों को सुविधा होगी। स्थानीय पार्षद तेजपाल राणा ने बताया कि पहले लोगों को जलभराव के कारण कीचड़ भरे मार्ग से गुजरना पड़ता था। अब इस निर्माण के पूरा होने के बाद लोगों को परेशानी नहीं होगी।

### वायरल मानकर बुखार को हल्के में न लें : सीएमओ



डॉ. रेखा

**हापुड़।** जिले में बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। यूं तो इस मौसम में बदलाव के समय बुखार का प्रकोप बढ़ जाता है, लेकिन कोरोना के चलते अब हमें ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। यह बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. रेखा शर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ जाने से बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए इस मौसम में अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत होती है। ध्यान रहे कि इस मौसम में गरिष्ठ भोजन से भी बचना चाहिए। हल्का और सुपाच्य व ताजा भोजन करें। बुखार आने की स्थिति में खुद ही मेडिकल स्टोर से दवा लेकर न खाएं, बल्कि नजदीकि स्वासथ्य केंद्र जाकर चिकित्सक से सलाह लें। चिकित्सक की सलाह पर कोरोना की जांच भी अवश्य कराएं।

### फर्जी पत्रकार आईडी के साथ तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना विजय नगर पुलिस ने शनिवार को मिलिट्री ग्राउंड के पास चेकिंग के दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे व एक चाकू बरामद किया है। साथ ही इनके पास से एक प्रेस को फर्जी प्रेस आईडी भी बरामद हुई है। इस प्रेस आईडी के नाम पर पुलिस पर रौब जमा लेते थे। थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि पुलिस मिलिट्री ग्राउंड के पास चेकिंग कर रही थी, तभी तीन युवक मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखाई दिए।

### 'स्वर्ण पदक के सूत्रधार को न भूले देश'

**नोएडा/चंडीगढ़।** जहां भारत में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक जीतने के बाद जश्न का माहौल है वहीं इनके पीछे छुपी हुई मेहनत और सहयोग को सामने लाना भी जरूरी है। इसी कड़ी में एक नाम आता है, लेफ्टिनेंट जनरल अभय कृष्णा का जो कि लेफ्टिनेंट के पद से रिटायर होने के बाद चीफ कमिश्नर पद पर अपनी सेवाएं पश्चिम बंगाल सरकार को दे रहे है। बात उस समय की है जब आर्मी ने ओलंपिक में पदक जीने का बीड़ा उठाया और ऐसे होनहार नौजवानों को खोज शुरू की जब अभय कृष्णा लेफ्टिनेंट जनरल एवं कर्नल ऑफ दी राजपूताना राइफल रेजीमेंट के पद पर तैनात थे और उन्हें बिग्रेडियर आदिश यादव के नेतृव्य में एक टीम का गठन किया और उसी टीम ने नीरज चोपड़ा की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें सारी सुख सुविधाएं और ट्रैनिंग प्रदान की। उनकी इस दूरदर्शी सोच ने देश के मेडल दिलाने के साथ युवाओं नौजवानों को एक प्रेरणा और उत्साह से भर दिया। अभय कृष्णा और उसकी दूरदर्शी सोच ने देश में होनहार जवानों को चुनने का काम किया।

### बुलंदशहर में तैनात सिपाही की सड़क दुर्घटना में मौत

**नोएडा।** कोतवाली सूरजपुर क्षेत्र में बस की टक्कर से सिपाही की मौत हो गई। पुलिस ने परिजन को घटना की सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली सूरजपुर प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि एसएसपी ऑफिस में तैनात सिपाही जावेद खान गौतमबुद्ध नगर आया था। बाइक से वापस जाते समय तिलपता रोड पर अज्ञात बस ने में टक्कर मार दी और उसकी मौत हो गई। पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी की फुटेज की जांच कर बाइक में टक्कर मारने वाली बस के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित शार्प शूटर अमन उर्फ माया त्यागी पकड़ा गया

- पुलिस मुठभेड में आरोपी के दोनों पैरों में लगी थी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जिले के बड़े गैंग में शामिल शार्प शूटर बदमाश अमन उर्फ माया त्यागी को कोतवाली बादलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार बदमाश कोतवाली दादरी से वांछित चल रहा था। जिसके बाद से ही एसटीएफ और कोतवाली दादरी पुलिस की टीमें बदमाश की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थीं। आरोपी इससे पहले भी नोएडा में कोतवाली फेज-2 पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तार हो चुका है। माया त्यागी पर जनपद के अलग-अलग थानों में लूट और हत्या के करीब 16 मुकदमें दर्ज है। फिलहाल थाना दादरी से वांछित आरोपी पिछली बार कोतवाली फेज-2 पुलिस से मुठभेड के बाद गिरफ्तार होकर जेल गया था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के दोनों पैरों में दो गोली गली थी।

# अमित भाटी की हत्या में शामिल 4 गिरफ्तार

- 32 बोर की पिस्टल और एक तमंचा बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोतवाली दादरी क्षेत्र के ग्राम चक्रसैनपुर में अमित भाटी की दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में पुलिस ने चार फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली दादरी क्षेत्र के चक्रसैनपुर गांव में रहने वाले अमित भाटी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतक की मौसी के लड़के मनीष ने 8



आरोपियों के खिलाफ हत्या करने का नामजद मुकदमा दर्ज करवाया था।

इसमें अनुज सतीश मनोज नरेश मनीष सुरेंद्र सिद्धू और गजे लोहार के नाम शामिल हैं। कोतवाली दादरी पुलिस ने दीपक, जितेन्द्र उर्फ जिते और पटुआ उर्फ प्रदुमन्न को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली दादरी प्रभारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया की गिरफ्तार आरोपी दीपक से घटना मे प्रयुक्त 32 बोर की एक पिस्टल 2 जिन्दा कारतूस व अभियुक्त विकल से घटना मे प्रयुक्त एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किये गये हैं।

### विजन अहेड फाउंडेशन और सैनिक विहार मंडल टीम ने किया पौधरोपड़



**नोएडा।** वृक्षारोपण और स्वास्थ्य अभियान के तहत विजन अहेड फाउंडेशन और सैनिक विहार मंडल टीम ने सेक्टर 21 जलवायु विहार सामुदायिक केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमे नीम, अमरूद, संतरा, पीपल, कटहल, अनार, आम, टिक्का, चम्पा, चमेली,, कानून, मोगरा, रात की रानी के 50 से अधिक पेड़ और पौधे लगाए गए। सौ से अधिक लोगों ने इस पर्यावरण के अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर एक दूसरे का उत्साहवर्धन किया। बच्चो, नौजवानों, और सीनियर सिटिजनों ने पर्यावरण को बचाए रखने का प्रण लिया। विजन अहेड फाउंडेशन के संचालक मंजुल थपलियाल ने कहा पर्यावरण हमारी अनमोल धरोहर है।

# लोहा व्यापारी के खाते से उड़ाए 32 लाख

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोहा कारोबारी के खाते से ठगों ने एप पर ओटीपी शेयर कराकर फर्जी तरीके से 32 लाख रुपये निकाल लिए। जानकारी मिलने पर लोहा कारोबारी के होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन को दी। इसके बाद सिहानी गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस साइबर सेल व बैंक प्रबंधन ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बैंक के एजीएम पंकज तिवारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। सुनील कुमार अग्निहोत्री लोहे का लोहा मंडी में लोहे का बड़ा कारोबार है। उन्होंने बताया कि उनके बचत खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा नवयुग मार्केट गाजियाबाद से फर्जी तरीके से बहुत सारी ट्रांजेक्शन कर के लगभग 32 लाख रुपया ट्रांसफर कर लिया गया है। उन्हें इसका पता उस समय चला जब वह 26 अगस्त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा नवयुग मार्केट पहुंचे और अपने खाते से पैसा ट्रांसफर करने के लिए चेक काटा।

पता चला कि किसी ने कुछ जालसाजी करके पेटीएम, एटीएम और एनईएफटी इत्यादि के द्वारा बहुत सारे ट्रांजैक्शन किए हैं, जिसको लेकर बैंक से उनके पास कोई एसएमएस भी नही किया गया। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मण्डल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा नवयुग मार्केट में भी प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर मुख्य प्रबंधक से शिकायत कर दी गयी है।

### दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल परियोजना

# कॉरिडोर में ट्रैक बिछाने का काम दूसरे चरण में पहुंचा

- वेल्डिंग करने की सुविधा से लैस इस मोबाइल प्लांट को स्थापित करने के लिए 180 टन के क्रेन की मदद ली गई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

प्रायोरटी कॉरिडोर में आरआरटीएस ट्रैक बिछाने का कार्य दूसरे चरण में पहुँच गयी हैं। इसके अंतर्गत आरआरटीएस ट्रैक के निर्माण के लिए रेल की पटरियों को ट्रैक स्लैब पर रखने के बाद उन्हें आपस में जोड़ने के लिए मोबाइल फ्लैश बट्ट वैल्डिंग प्लांट को क्रेन से आरआरटीएस वायडक्ट पर स्थापित किया गया है।



आरआरटीएस के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि वायडक्ट पर ट्रैक बिछाने की गतिविधियों के अंतर्गत रेल की पटरियों की वैल्डिंग द्वारा ऐसा जोड़ा जाता है किसी भी प्रकार के जोड़ का पता नहीं चलता। मोबाइल फ्लैश बट्ट वैल्डिंग प्लांट 18-18 मीटर लंबे रेल के पटरियों को वायडक्ट पर उच्च क्वालिटी की वैल्डिंग द्वारा जोड़ देता है और यह दोनों दिशाओं के ट्रैक निर्माण में कार्य कर सकता है। वेल्डिंग करने की सुविधा से लैस इस मोबाइल प्लांट को स्थापित करने के लिए 180 टन के क्रेन की मदद ली गयी है। यह प्लांट अभी गुलधर व दुहाई के बीच स्थापित किया गया है और शीघ्र ही ट्रैक बनाने के काम को तेज करने के लिए इस प्रकार का एक और प्लांट साहिबाबाद से गाजियाबाद के बीच के वायडक्ट पर भी स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एनसीआरटीसी आरआरटीएस कॉरिडॉर के ट्रैक सिस्टम के लिए प्रीकास्ट ट्रैक स्लैब टेक्नालजी का उपयोग कर रहा है जो शताब्दी नगर स्थित कास्टिंग यार्ड में निर्मित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि एनसीआरटीसी हाइ स्पीड व हाइ फ्रिक्वेंसी वाली आरआरटीएस ट्रेन चलाने में सक्षम होगा व संचालन के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करेंगा जिसकी डिजाइन व औसत गति क्रमश: 180 किमी प्रति घंटा और 100 किमी प्रति घंटा की होगी ।

# अस्पताल से नवजात गायब, लगाया जाम

- मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक, कार्रवाई का दिया आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्मा नवजात शिशु गायब हो गया। इसके बाद नाराज परिजनों ने जमकर हंगामा किया और नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा कर जाम खुलवाया।

पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर ली है। दरअसल निकटवर्ती गांव सुराना निवासी संदीप की पत्नी मीनू को मुरादनगर के स्वास्थ केन्द्र में भर्ती



स्वास्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर महिलाएं।

कराया गया था। उसे डिलीवरी होनी थी। परिजनों ने बताया कि मीनू ने एक शिशु को जन्म दिया।

उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि स्टाफ की मिलीभगत से 28 अगस्त की तड़के तीन बजे शिशु लापता हो गया। इसकी सूचना जैसे उन्हें मिली तो उन्होंने अस्पताल स्टाफ से इसको लेकर पूछताछ की तो संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। इसके बाद परिजनों में पहले अस्पताल में हंगामा किया और उसके बाद इसकी सूचना पुराना गांव के लोगों ने जिला पंचायत सदस्य विकास यादव को दी।

सभी लोग इकट्ठे होकर अस्पताल पहुंचे और इसके बाद नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ करवाई की जाएगी।

### पुलिस के दुर्व्यवहार का आरोप लगा थाने को घेरा

**गाजियाबाद।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र की फर्रुखनगर चौकी क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान हुए विवाद में युवक को हिरासत में लेने और उसके साथ कथित रूप से मारपीट कर घायल करने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और थाने के सामने रास्ता जाम कर दिया।

थाना टीला मोड़ की पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। जांच के दौरान गजेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति के पास बाइक का प्रदूषण संबंधी प्रमाण पत्र नहीं था। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। युवक का कहना था कि वह प्रमाण पत्र आगे दिन दिखा देगा। लेकिन पुलिस ने उसका चालान काट दिया। आरोप है कि गजेंद्र सिंह के साथ वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने मारपीट की।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# दिल्ली के सभी अस्पतालों को एक मंच पर लाया जाएगा

## लंबी लाइनों से मुक्ति, फोन पर ही ले सकेंगे अप्वाइंटमेंट

● एचआईएमएस परियोजना के लिए 139 करोड़ रुपए मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

दिल्ली सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी एचआईएमएस परियोजना के लिए 139 करोड़ रुपए से अधिक की मंजूरी दी है। इस परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी के सभी अस्पतालों को एक मंच पर लाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। बयान में दावा किया गया है कि इसके लागू होने के बाद दिल्ली देश का एकमात्र ऐसा राज्य बन जाएगा, जिसके पास क्लाउड-आधारित स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली होगी। वर्तमान में, स्वीडन और जर्मनी सहित कुछ विकसित देशों में ऐसी प्रणाली उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक कार्यक्रम में परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन प्रणाली (एचआईएमएस) परियोजना का जिम्मा मेसर्स एनईसी कॉर्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है, जो एक बहुराष्ट्रीय निगम है। बयान में कहा गया है, दिल्ली के सभी अस्पतालों को एचआईएमएस से जोड़ा जा रहा है। सभी चिकित्सा सेवाओं को एचआईएमएस पोर्टल के माध्यम से एक मंच के तहत लाया जाएगा। इससे हमें यह जानने में मदद मिलेगी कि अस्पताल में कितने बिस्तर खाली हैं, दवाओं का भंडार और कर्मचारियों की स्थिति, वेंटिलेटर की संख्या और चिकित्सा बुनियादी ढांचे के बारे में कोई अन्य जानकारी एचआईएमएस मंच पर उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा, किसी को अब अस्पतालों में कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं होगी, आप फोन पर ही डॉक्टर से मिलने का समय ले सकेंगे और अपनी सुविधा के अनुसार जा सकेंगे। बयान में कहा गया है कि दिल्ली सरकार एचआईएमएस को दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों में जल्द से जल्द लागू करने की कोशिश कर रही है और निजी अस्पतालों को भी चरणबद्ध तरीके से जोड़ा जाएगा।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, सरकार परियोजना को लागू करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है, जिसके लिए निविदा हो गई है। इसमें कहा गया है कि परियोजना के लिए दिल्ली कैबिनेट द्वारा 139,80,24,436 रुपए का बजट मंजूर किया गया है। बयान में कहा गया है कि स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन प्रणाली के लागू होने के बाद, लोग एक ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग करके डॉक्टर से मिलने का समय प्राप्त कर सकेंगे।

### प्रोजेक्ट के प्रमुख उद्देश्य

● प्रत्येक स्वास्थ्य सुविधा में एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया होगी। ● बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। ● उपलब्ध संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और कर्मचारियों की दक्षता में वृद्धि। ● नीति निर्माण निर्णय/समग्र शासन में मदद मिलेगी। ● ज्ञान साझा करने वाली अनुसंधान पहलों के माध्यम से देखभाल में प्रगति को सक्षम बनाना। ● व्यक्तिगत देखभाल को बढ़ावा देकर बेहतर मरीज अनुभव।

### मुख्य विशेषताएं

●वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप, कियोस्क या टोल-फ्री स्वास्थ्य हेल्पलाइन के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण/ पूर्व पंजीकरण/नियुक्ति निर्धारण किया जाएगा। ●मरीजों के बायोमेट्रिक चेहरे की पहचान की जाएगी।●सामुदायिक स्तर पर आशा और एएनएमएस द्वारा घरेलू सर्वे के माध्यम से प्रत्येक परिवार के सामान्य स्वास्थ्य और कल्याण के लिए स्क्रीनिंग की जा सकेगी।

## स्कूलों में जारी रहेगा टीकाकरण व राशन वितरण

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि स्कूलों में स्थापित टीकाकरण और राशन वितरण केंद्र एक सितंबर से नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं शुरू होने के बाद भी चालू रहेंगे। स्कूलों में कई कक्षाएं हैं और जगह की कोई कमी नहीं है। जिन स्कूलों में टीकाकरण और राशन वितरण चल रहा है वहां यह जारी रहेगा।

सीएम ने बताया कि एक सितंबर से पहले चरण में केवल चार कक्षाओं के छात्रों को बुलाया जा रहा है, इसलिए जगह कोई बड़ी समस्या नहीं होगी। टीकाकरण क्षेत्र को छात्रों की कक्षाओं से अलग रखा जाएगा। कोविड-19 महामारी की संभावित तीसरी लहर बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में कोविड की स्थिति नियंत्रण में है। पहले माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए तैयार नहीं थे लेकिन अब वे भी चाहते हैं कि उनके बच्चे स्कूल जाएं और कक्षा में पढ़ाई करें।

# तीसरी लहर से निपटने को स्वास्थ्य सेवा मजबूत करने पर फोकस

## चिकित्सा सुविधा ऐसी हों जो जरूरत पड़ने पर सामान्य बेड भी तुरंत आईसीयू में बदला जा सके : जैन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण नियंत्रण में है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार चरणबद्ध तरीके से सब कुछ खोल रही है। एक सितंबर से स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और कोचिंग सेंटर भी खुल जाएंगे। बावजूद इसके आम आदमी पार्टी की सरकार कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर के आने से पहले उससे निपटने की पूरी तैयारियां कर रही है। साथ बच्चों को लेकर भी अस्पतालों में बड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

सत्येंद्र जैन ने तीसरी लहर के खिलाफ केजरीवाल सरकार की रणनीति का भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार तीसरी लहर के लिए सभी मोर्चों पर तैयारी कर रही है। 37,000 कोविड-19 समर्पित बेड बनाए जा रहे हैं और इनमें 12,000 आईसीयू शामिल हैं। इसके साथ ही, 80 से ज्यादा पीएसए प्लांट बनाए जा रहे है। जिनमें से 47 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट और 5 एलएमओ स्टोरेज टैंक स्थापित किए जा चुके हैं। हमारी दृष्टि राजधानी में आईसीयू सुविधाओं को इतना सुलभ बनाने पर है कि एक सामान्य ऑक्सीजन बेड को भी तत्काल रोगियों को स्थानांतरित किए बिना जरूरत पड़ने पर आईसीयू में परिवर्तित किया जा सके।


कोविड-19 महामारी से लड़ने में स्वास्थ्यकर्मियों की असाधारण सेवा के लिए सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन व विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल।

उन्होंने कहा वह अपनी तरफ से तीसरी लहर को रोकने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पिछले अनुभव से सीख भी ले रहे हैं, लेकिन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए लोगों को कोविड-19 प्रोटोकोल का सख्ती से पालन करना चाहिए क्योंकि लापरवाही घातक साबित हो सकती है। जैन ने यह बात शनिवार को सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे कोविड वॉरियर्स के सम्मान में विधानसभा में आयोजित छठें सम्मान समारोह में कही। इस समारोह में इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस), वसंत कुंज,दीप चंद बंधु अशोक विहार, संजय गांधी स्मारक अस्पताल मंगोलपुरी और बुराडी सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया फ्रंटलाइन योद्धा का नाम बिल्कुल सही है। सीमा पर सेना की तरह उन्होंने अपने जीवन के बारे में नहीं सोचा और निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की।

# पद्म अवार्ड के लिए छांटे तीन डॉक्टरों के नाम

● आईएलबीएस के डॉ. एसके सरीन, एलएनजेपी के डॉ. सुरेश कुमार व मैक्स डॉ. संदीप बुद्धिराजा शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा राज्यों से पद्म अवार्ड्स के लिए मांगे गए सुझावों में दिल्ली सरकार ने तीन डॉक्टरों के नाम तय किए हैं। राज्य सरकार की एक समिति ने इस साल पद्म पुरस्कारों के लिए तीन डॉक्टरों आईएलबीएस के डॉ एसके सरीन, एलएनजेपी के डॉ. सुरेश कुमार और मैक्स के डॉ. संदीप बुद्धिराजा के नामों को चुना है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अरविंद केजरीवाल ने शरिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों का जीवन बचाने में चिकित्सकों, नर्स एवं अन्य अर्द्धचिकित्सा कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश उनके योगदान का सम्मान करता है।

हर साल केंद्र पद्म पुरस्कारों के लिए राज्यों से नाम की अनुशंसा करने के लिए कहता है। दिल्ली सरकार ने केवल चिकित्सकों एवं अर्द्धचिकित्सा कर्मियों का नाम इस वर्ष पुरस्कार के लिए भेजने का निर्णय किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 9,427 लोगों द्वारा कुल 740 चिकित्सकों और अर्द्धचिकित्सा कर्मियों (पैरामेडिक्स) के नामों की पुरस्कार के लिए अनुशंसा की गई थी, जिनमें से तीन नामों का चयन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा किया गया। समिति ने आईएलबीएस के कुलपति डॉ. एस. के. सरीन जिन्होंने दिल्ली सरकार के पहले प्लाज्मा बैंक और जीनोम सीक्वेंसिंग केंद्र की स्थापना की, एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार और मैक्स अस्पताल के समूह निदेशक डॉ. संदीप बुद्धिराजा का नाम चुना है।

उनकी सरकार ने इस साल पद्म पुरस्कारों के लिए केवल चिकित्सकों और अर्द्ध चिकित्साकर्मियों के की सिफारिश करने का फैसला किया है और दिल्लीवासियों से नामों पर सुझाव मांगे थे।

# निजी स्कूलों के कर्मचारियों को वैक्सीन लगाने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की सरकार ने निजी सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे एक सितंबर से कक्षा 9वीं से 12वीं के लिए स्कूलों को फिर से खुलने से पहले अपने शिक्षकों और कर्मचारियों का टीकाकरण कराएं।

शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में एक परिपत्र भी जारी किया। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में शुक्रवार को यह फैसला लिया गया। डीडीएमए द्वारा गठित एक समिति ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी जिसमें स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से फिर से खोलने की सिफारिश की गई थी।

# डोरस्टेप डिलीवरी का समय बढ़ा घर बैठे मिलती रहेंगी सेवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कैबिनेट ने 1076 हेल्पलाइन नंबर को टोल फ्री करने के प्रावधान पर लगाई मुहर

राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को घर बैठे मिलती रहेंगी सरकारी सेवाएं। इसकी सफलता से उत्साहित दिल्ली सरकार ने डोर स्टेप डिलीवरी ऑफ पब्लिक सर्विसेज के कार्यकाल को आगे भी जारी रखने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट की बैठक में इसकी मंजूरी दे दी है।

इसके साथ ही दिल्ली कैबिनेट ने 1076 हेल्पलाइन नंबर को टोल फ्री करने के प्रावधान पर भी अपनी मुहर लगा दी है। केजरीवाल ने कहा कि यह सर्विस केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में अपनी तरह की इकलौती सर्विस है। दिल्ली वालों को डोर स्टेप डिलीवरी ऑफ पब्लिक सर्विसेज के तहत घर बैठे 150 से अधिक सरकारी सेवाओं का लाभ मिलता रहेगा। इस संबंध में सीएम ने कहा कि डोरस्टेप डिलीवरी ऑफ पब्लिक सर्विसेज एक क्रांतिकारी कदम है, जिसके तहत सरकार खुद लोगों के घर पर सरकारी सेवाएं पहुंचाती है। इसकी अवधि इसी महीने खत्म होने वाली है।

### दक्षिणी नगर निगम की पहल

# पार्कों में काम आएगी गीले कूड़े से बनी जैविक खाद

## स्थायी समिति के अध्यक्ष और आयुक्त ने 10,000 किलो जैविक खाद से भरे दो ट्रक किए रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दक्षिणी निगम नगर निगम ने गीले कूड़े से जैविक खाद बनानी शुरू कर दी है। स्थायी समिति के अध्यक्ष कर्नल बीके ओबेरॉय एवं आयुक्त ज्ञानेश भारती ने शनिवार को पश्चिमी क्षेत्र के टैगोर गार्डन में स्थित जैविक कंपोस्ट साइट में निर्मित 10,000 किलो जैविक खाद से भरे दो ट्रकों को निगम पार्कों में इस्तेमाल के लिए रवाना किया।

पश्चिमी क्षेत्र की अध्यक्ष श्वेता सैनी, दक्षिणी निगम के प्रमुख अभियंता पीसी मीणा, स्वच्छ भारत अभियान के नोडल अधिकारी राजीव जैन सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गीले कूड़े से जैविक खाद बनाने का काम पिछले साल 5 सितंबर से शुरू हुआ था। टैगोर गार्डन स्थित इस कंपोस्ट संयंत्र की प्रारंभिक क्षमता एक मीट्रिक टन प्रतिदिन थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 5 मीट्रिक टन कर दिया गया है। इस कंपोस्ट संयंत्र की निर्माण लागत महज 50000 रुपए है। यानी बेहद कम लागत में बेहतर संयंत्र लगाकर कूड़े का निपटान किया जा सकता है। यह संयंत्र अपने आप में अनूठा है क्योंकि ज्यादातर कंपोस्ट संयंत्र ईंटो से निर्मित गड्ढों का प्रयोग करते हैं, लेकिन वायर मैश तकनीक पर आधारित इस कंपोस्ट पिट में अधिक वायु मिश्रण के कारण कम्पोस्टिंग की प्रक्रिया तेजी से होती है। वायर मैश आधारित इस कंपोस्ट साइट का डिजाइन दक्षिणी निगम के स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी राजीव जैन ने तैयार किया था। कंपोस्ट संयंत्र में कार्बन एवं नाइट्रोजन का अनुपात बनाए रखने के लिए गीले कूड़े के साथ लकड़ी का बुरादा मिलाया जाता है तथा कम्पोस्टिंग की प्रक्रिया जल्दी पूरा करने के लिए थोड़ी मात्रा में पुराना कंपोस्ट खाद मिलाया जाता है।

# संक्षिप्त समाचार


फ्रेंड्स कॉलोनी औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक का उत्पादन करने वाली फैक्ट्री में लगी आग के दौरान निकलता काला धुंआ।

## प्लास्टिक फैक्ट्री में आग, कोई घायल नहीं

**नई दिल्ली।** राजधानी में प्लास्टिक का उत्पादन करने वाली एक फैक्ट्री में शनिवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी औद्योगिक इलाके में हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह छह बजकर 12 मिनट पर आग लगने के बारे में जानकारी मिली और दमकल के 14 वाहन घटनास्थल पर भेजे गए। उन्होंने बताया, यह आग बुझाने के सबसे कठिन अभियानों में से एक था क्योंकि फैक्ट्री बेहद संकरे इलाके में स्थित थी और पानी का कोई स्रोत भी उपलब्ध नहीं था। हमें पतली-पतली गलियों से पानी पहुंचाना पड़ा। अधिकारी ने बताया कि आग बुझा ली गई लेकिन स्थान को ठंडा करने का काम जारी है। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है।

## आयोजक की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जंतर-मंतर के निकट इस महीने की शुरुआत में आयोजित उस कार्यक्रम के एक आयोजक की जमानत याचिका खारिज कर दी है, जिसमें साम्प्रदायिक नारे लगाए गए थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल अंतिल ने इस मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार प्रीत सिंह को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि संविधान में सभा करने और अपने विचार व्यक्त करने के अधिकार दिए गए हैं, लेकिन ये अधिकार निरंकुश नहीं हैं और अंतर्निहित उपयुक्त प्रतिबंधों के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए। सिंह पर आठ अगस्त को जंतर मंतर पर एक रैली के दौरान विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने और युवाओं को एक विशेष धर्म के खिलाफ प्रचार करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था।

## करोलबाग थाने के बाहर अधिवक्ता से लूटपाट

**नई दिल्ली।** करोल बाग पुलिस थाने के बाहर शुक्रवार तड़के कुछ लोगों ने एक वकील के साथ कथित तौर पर मारपीट और उसे लूट लिया। ये लोग एक दुर्घटना में खाद्य पदार्थ पहुंचाने वाले एक व्यक्ति के मारे जाने के बाद वहां एकत्रित हुए थे।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विनोद कुमार (45) बृहस्पतिवार रात को भोजन की डिलीवरी करने जा रहा था तभी एक कार ने उसे टक्कर मार दी। यह कार रचित सिंघल नामक व्यक्ति चला रहा था जो कथित तौर पर नशे में था। उन्होंने बताया कि पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

# राजधानी में कोरोना संक्रमण के 29 नए मामले सामने आए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में लगातार तीसरे दिन शनिवार को कोविड-19 से किसी की मौत नहीं हुई, जबकि वायरल बीमारी के 29 नए मामले सामने आए तथा संक्रमण दर 0.04 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आँकड़ों से यह जानकारी मिली। राष्ट्रीय राजधानी में महामारी की दूसरी लहर आने के बाद से यह 18वीं बार है, जब एक दिन में इस बीमारी के कारण कोई मृत्यु नहीं हुई है।

दो मार्च को, राजधानी में वायरस के कारण शून्य मृत्यु की सूचना मिली थी। उस दिन दैनिक मामलों की संख्या 217 थी और संक्रमण दर 0.33 प्रतिशत थी। अप्रैल-मई में शहर में महामारी की दूसरी लहर आ गई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को 46 नए मामले सामने आए, संक्रमण दर 0.06 प्रतिशत थी, जबकि कोविड-19 के कारण कोई मौत नहीं हुई। नवीनतम स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, शनिवार को दैनिक मामलों की संख्या और संक्रमण दर घटकर क्रमश: 29 और 0.04 प्रतिशत रह गई।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की थी पति की हत्या

## टैटू से सुलझा मामला-पत्नी, सास समेत सात आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली।

दक्षिण पूर्वी जिले के थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की टीम ने युवक की हत्या के एक सनसनीखेज हत्याकांड मामले को टैटू के आधार पर सुलझा लिया है। यह हत्या पत्नी ने अपने ब्वाय फ्रेंड व अन्य के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने इस मामले में पत्नी, सास समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है और हत्या में प्रयुक्त चाकू और खून से सने कपड़े बरामद किया गया है।



पुलिस के अनुसार 10 अगस्त को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना के अंतर्गत सुखदेव विहार के पास नाले में शव मिला था। चेहरा सड़ने के कारण युवक को पहचाना नहीं जा सका। शव के दाहिने हाथ पर 'नवीन' नाम का एक टैटू बना था और हाथ में कड़ा था। पूछताछ करने पर कोई ठोस जानकारी नहीं मिला। पुलिस की एक टीम ने जांच शुरू की तो पता चला कि नेबसराय थाने में देवली गांव का नवीन 12 अगस्त से लापता है। लापता होने की रिपोर्ट मुस्कान पत्नी नवीन ने दर्ज कराई गई थी। उसने बताया कि पति नवीन 8 अगस्त से लापता है। बाद में पुलिस को मुस्कान के गायब होने पर पुलिस ने खानपुर से मुस्कान, मां और उसकी दो साल की बेटी खोज निकाला। मुस्कान लगातार पुलिस टीम को गुमराह करती रही और किसी भी टैटू की जानकारी नहीं। मुस्कान के मोबाइल के तस्वीरों की बारीकी से जांच में नवीन के दाहिने हाथ पर टैटू का पता चलने के बाद मामले का खुलासा हुआ।

# भजनपुरा में रंगदारी नहीं देने पर दुकानदार को मारी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

उत्तरपूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में कथित तौर पर जबरन उगाही की रकम देने से इंकार करने पर 25 वर्षीय एक दुकानदार को गोली मारने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान नव प्रभात (35), जुनैद (27) और मोहम्मद आसिफ (32) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, घटना बृहस्पतिवार को हुई जब पीड़ति अलाउद्दीन अपनी दुकान पर था और तीन लोग वहां पहुंचे और उसे हर हफ्ते 2,000 रुपए देने या गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि जब पीड़ित ने इनकार किया, तो जुनैद ने उस पर गोली चला दी और तीनों मौके से भाग गए। हालांकि, अलाउद्दीन गोली लगने के बावजूद बच गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) संजय कुमार सैन ने कहा कि तकनीकी निगरानी के साथ-साथ अन्य सूत्रों से, आरोपियों के स्थान का पता लगाया गया और शुक्रवार को हमारी टीम ने छापेमारी की।

# डीएसईयू से निकलेगा वर्ल्ड स्किल्स शंघाई 2022 का सितारा

## उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली में चल रही राज्य स्तरीय स्किल प्रतियोगिताओं का किया मुआयना, प्रतिभाओं से भी मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी से निकलेगा वर्ल्ड स्किल्स शंघाई 2022 का सितारा। डीएसईयू ने 8 कार्यक्षेत्रों में स्किल का महायुद्ध के राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के दूसरे चरण का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं का मकसद कौशल आधारित कोर्स के जरिए सपनों और जुनून को पूरा करने के लिए युवाओं में आत्मविश्वास भरना।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने वर्ल्ड स्किल्स संघाई 2022 के लिए दिल्ली में चल रही राज्य स्तरीय स्किल प्रतियोगिताओं के ऑन-ग्राउंड कार्यक्रमों का निरीक्षण करने के लिए डीएसईयू द्वारका और आईटीआई निजामुद्दीन का दौरा किया।


वर्ल्ड स्किल्स शंघाई 2022 के लिए पहली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के कार्यक्रमों का डीएसईयू व आईटीआई निजामुद्दीन में निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री।

मनीष सिसोदिया और डीएसईयू की उपकुलपति प्रो. नेहारिका वोहरा ने शनिवार को वर्ल्ड स्किल्स शंघाई 2022 के लिए दिल्ली की पहली राज्य स्तरीय दिल्ली में वर्ल्ड स्किल्स के लिए अपनी पहली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन का जिक्र करते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के युवाओं को दुनिया की सबसे बड़ी स्किल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पहले अलग-अलग राज्यों में जाना पड़ता था।

उन्हें गर्व है कि दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी वर्ल्ड स्किल्स शंघाई 2022 के क्षेत्रीय दौर में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतियोगियों के चयन के लिए इस प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि युवा सितारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए ऐसे मंचों की जरूरत है। युवाओं को इंडस्ट्री में आगे बढ़ाने के लिए उनके कौशल निखारने पर जोर देने की जरूरत है।

# रोजाना अतिक्रमण हटाएं : कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कहा-कभी-कभार अभियान चलाकर कर्तव्य से न बचें

हाईकोर्ट ने कहा है कि फुटपाथों को लगातार अतिक्रमण से मुक्त रखा जाना चाहिए और अधिकारी कभी-कभार अतिक्रमण रोधी अभियान चलाकर अपनी जिम्मेदारियों से नहीं बच सकते। अदालत ने यह टिप्पणी उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनआरडीएमसी) को मंगोलपुरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए की कि वहां फिर से अतिक्रमण नहीं हो। अदालत ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि फुटपाथों के अवैध अतिक्रमणों को दैनिक आधार पर हटाया जाए।

न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने कहा, कभी-कभार अतिक्रमण हटाने की कवायद कर प्रतिवादी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि फुटपाथों को लगातार अवैध अतिक्रमणों और फेरीवालों से मुक्त रखा जाए। अदालत राजन नाम के एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने आरोप लगाया कि यहां मंगोलपुरी में एक बाजार के सामने फुटपाथ पर स्टॉलों के रूप में अनधिकृत एवं अवैध अतिक्रमण किये गये हैं।

# नागरिक अस्पताल में कमियों को दूर करने के आदेश

### बेडों पर नई चादरें बिछाने के भी दिए आदेश

### शौचालयों में लगे डिस्पेंसर में लिक्विड साबुन लगातार भरने को कहा

### अस्पताल के डीएमएस डॉ. नीरज यादव ने जताया आभार



वॉश रूमें पहले और बाद का दृश्य।




पायनियर के 28 अगस्त 2021 के अंक में प्रकाशित खबर।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पायनियर** के शनिवार 28 अगस्त, 2021 के अंक में-नागरिक अस्पताल: क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के नाम पर भी दिखावा..शीर्षक से समाचार प्रकाशित होने के बाद शनिवार को ही इसका खबर का असर भी दिखा। अस्पताल में कमियों को उजागर करने से अधिकारियों ने संबंधित स्टाफ को भी झाड़ लगाई। साथ ही तुरंत सुधार करने के आदेश दिए। चाहे शौचालयों में डिस्पेंसर हो या फटी हुई चादरें और गाउन।

शनिवार सुबह ही अस्पताल के डीएमएम डा. नीरज यादव ने सभी कमियों को दूर करने को कहा। साथ ही अस्पताल की कमियों को उजागर करने के लिए पायनियर के पत्रकार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने अस्पताल के वाट्सअप ग्रुप में अस्पताल की कमियों वाली तस्वीरों को सांझा करते हुए कहा कि स्टाफ सदस्यों से सवाल किया कि क्यों ये सोप डिस्पेंसर खाली हैं। सभी स्टाफ इसे गंभीरता से लें और रोजाना सुबह खाली डिस्पेंसर में लिक्विड साबुन भरें। अस्पताल में किसी भी सामान की कमी नहीं है। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वॉशरूम में तुरंत डिस्पेंसर में लिक्विड साबुन भरकर ग्रुप में तस्वीरें भी मंगवाई। इसके अलावा बेड शीट और गाउन को लेकर भी उन्होंने आदेश दिए कि फटी, पुरानी चादरें बेड पर ना बिछाएं। नई चादरें बिछी होनी चाहिए। साथ ही गाउन फटे नहीं होने चाहिए। अस्पताल की बाकी समस्याओं को लेकर डीएमएस डा. नीरज यादव ने कहा कि सभी समस्याओं, कमियों को जल्द ही दूर कर दिया जाएगा।

अस्पताल की कमियों को उजागर करने के लिए उन्होंने संवाददाता का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि आप अपनी पत्रकार की भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। नमन।

### 20 अगस्त को निरीक्षण के बाद हटाई थी सुविधाएं

**बता** दें कि गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में बीती 20 अगस्त 2021 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड्स (एनक्यूएएस) टीम द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जांच की गई थी। इसके लिए कई दिनों से अस्पताल में तैयारी चल रही थी। अस्पताल में सुविधाएं दिखाने के लिए वार्ड और आम जनता के शौचालयों में सुविधाएं दी गई। जैसे ही टीम का निरीक्षण खत्म हुआ तो जनता के शौचालयों से उन सुविधाओं को हटा लिया गया। यानी निरीक्षण में दिखावे को यह सब किया गया था। सामान्य तौर पर न तो पहले ऐसी सुविधाएं थी और उसके बाद भी हटा दी गई। इसके अलावा शौचालयों में अन्य कमियों को उजागर किया। अस्पताल प्रबंधन के काम पर भी सवाल उठा कि आखिर यह सब दिखावा क्यों किया गया। इस खबर का ही असर रहा कि शनिवार खबर छपने के साथ ही अस्पताल में अधिकारी सुविधाएं देने के लिए सक्रिय हो गये।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व क्रिकेटर चेतन शर्मा ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ




**गुरुग्राम।** बलियावास के क्रिकेट मैदान पर पहले ऑल इंडिया एसपीजे क्रिकेट टूर्नामेंट का पूर्व क्रिकेटर चेतन शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन को आयोजकों को बधाई दी। एसपीजे कार्गो प्राइवेट लिमिटेड की ओर से यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा हे। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भारतीय क्रिकेट टीम सिलेक्टर चेतन शर्मा और अंतराष्टीय अम्पायर अनिल चौधरी ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आयोजकों की तरफ से पूरन जोशी और हेमन्त बेनियाल ने अतिथियों का स्वागत किया। एसपीजे से आशीष देवरानी ने बताया कि टूर्नामेंट के पहले दिन हुए मुकाबले में एचडीसी और एलबी शास्त्री टीमें विजेता रही हैं। टूर्नामेंट में देशभर से करीबन 18 टीमें हिस्सा लेंगी। पहले मुकाबले में एचडीसी ने बाजी मारी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। मौके पर केपी शर्मा, मनोज कुमार, श्रीकुमार, सुनील रैना आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

### डिजिटली होगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महा-महोत्सव-2021

**गुरुग्राम।** सेक्टर-45 स्थित इस्कॉन श्रीराधा गोपीनाथ मंदिर में 30 अगस्त 2021 को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। कोरोना महामारी को देखते हुए इस बार भी जन्माष्टमी डिजिटली मनाई जाएगी। लोग अपने घरों में बैठकर ही इस उत्सव में भाग ले सकते हैं। पूजा और आरती कर सकते हैं। शनिवार को यह जानकारी इस्कॉन के अध्यक्ष अच्युत हरिदास ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर को दो दिनों तक मनाएंगे। पहला दिन जो 30 अगस्त को जन्माष्टमी का दिन है। हमेशा की तरह मध्यरात्रि में मंगल आरती, भोग आरती, कलश अभिषेक और महाभिषेक होगा और लोग उत्सव को फेसबुक, यूट्यूब और हमारी वेबसाइट जैसे डिजिटल प्लेटफार्म पर लाइव देख सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जो आरती करना चाहता है, वह वेबसाइट पर पूजा के लिए अपना स्लॉट बुक कर सकता है। मंदिर के हमारे पुजारी और ब्रह्मचारी पूजा की पेशकश करेंगे। पूजा समाप्त होने के बाद प्रसादम, चरणामृत और आध्यात्मिक उपहार दो दिनों के भीतर घर के पते पर वितरित किया जाएगा। कोरोना वायरस की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। हमारी मुख्य चिंता यह है कि भक्तों की सुरक्षा में कोई बाधा न आए। कार्यक्रम में सिर्फ मंदिर के श्रद्धालु ही शामिल होंगे। कृष्ण के आशीर्वाद से घर पर रहें। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन कीर्तन महोत्सव होगा। कृष्णा पुस्तक हिंदी पढ़ना, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के खेल, मजेदार गतिविधियां, कौन बनेगा कृष्ण का भक्त प्रश्नोत्तरी, स्लोका पाठ, दिन भर। लोगों को डिजिटल कार्ड के माध्यम से डिजिटल रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मध्यरात्रि में महाभिषेक समाप्त होने के बाद भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा।

### लोकतंत्र की आवाज दबा रही सरकार : डागर



**पलवल।** किसान नेता जगन डागर ने करनाल में पुलिस द्वारा किसानों की बर्बरता पूर्वक पिटाई की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि किसान इस देश का अन्नदाता है जिस दिन किसान का हल रुक जाएगा देश में भुखमरी फैल जाएगी। देश की इतनी बड़ी आबादी का पेट भरने वाले किसान की पिटाई जिस तरह से मनोहर लाल खट्टर सरकार करा रही है उस का पलवल में धरने पर बैठ किसान घोर निंदा करते हैं। श्री डागर ने कहा कि बेशक लाठी चार्ज करनाल में धरने पर बैठ किसानों पर हुआ है लेकिन इसका दर्द पूरे हरियाणा के किसानों को है। भाजपा सरकार अत्याचार कर के लोकतंत्र की आवाज दबा नहीं सकती बल्कि किसान अब और दोगुनी ताकत से आंदोलन करेगा। किसान भाजपा सरकार के आगे न तो झुकेगा और न ही रूकेगा । करनाल में किसानों पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की कठोर शब्दों में निंदा करता हूं। भाजपा-जजपा सरकार दमनकारी नीतियां अपनाकर किसानों-मजदूरों की आवाज को दबाना चाहती है। आज इन सरकारों को अपनी भाषा में बता देना चाहता हूं कि जुल्मी जब जब जुल्म करेगा सत्ता के हथियारों से, चप्पा-चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से। पलवल किसान मजदूर आंदोलन में करनाल में हुए इस अपराध के चलते सभी किसान मजदूर साथियों ने हाथ उठा कर निदनीय अपराध का समर्थन दिया और यह भी निर्णय लिया गया कि सभी किसान मजदूर वक्त आने पर इन सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे।

## विवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**सोहना।** सोहना निवासी विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत सास, ननद, जेठ, जेठानी और बुआ के लड़का के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर क्रेटा कार और 5 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है।

सोहना के कायश्तवाड़ा मोहल्ला निवासी विवाहिता मीनाक्षी पत्नी महाबीर ने अपने पति, सास मधु गुप्ता, प्रेम गुप्ता उर्फ बेबी पत्नी महाबीर, नन्द हर्षिता, जेठ नितिन गुप्ता, जेठानी रविना व बोबी पति की बुआ के लड़के निवासी महरौली पर शादी में कम दहेज लेकर आने पर मानसिक व शारीरिक रुप से परेशान करने का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी महाबीर गुप्ता से 19 अप्रैल 2018 में हुई थी। शादी में मिले सामान से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे।

# थाना प्रभारी के खिलाफ सड़क पर उतरे नागरिक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सिटी** थाना एसएचओ के खिलाफ वार्ड-13 की पहाड़ कॉलोनी के निवासी सड़कों पर उतर आए। एसएचओ पर जबरन हवालात में बंद करना और महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। एसीपी ने एसएचओ पर लगाए आरोपी की जांच करने का आश्वासन दिया है।

शनिवार को शहर की वार्ड-13 पहाड़ कॉलोनी के लोग शहर में करीब एक किलोमीटर विरोध प्रदर्शन करते हुए सिटी थाने पहुंचे। विरोध प्रदर्शन करने वालों में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक थी। विरोध प्रदर्शन से जागरूक पुलिस प्रशासन शनिवार सुबह से ही सचेत था। सदर सोहना और भोंडसी से पुलिस बल के साथ क्यूआरटी फोर्स सुबह ही बुला लिया था। सिटी थाने की बैरिकेडिंग करते हुए सुबह नौ बजे घेराबंदी कर दी थी। वहीं एसीपी सोहना संदीप मलिक प्रदर्शनकारियों से पहले ही सिटी थाने पहुंच गए थे। प्रदर्शनकारी साढ़े 11 बजे कॉलोनी से चलकर करीब 30 मिनट पैदल यात्रा करके 12 बजे सिटी थाना के समक्ष पहुंचे।




बेरिगेट से घेराबंदी करके प्रदर्शनकारियों को थाने में घुसने से रोकती हुई।



एसीपी संदीप मलिक प्रदर्शनकारियों से मामले को लेकर बातें करते हुए।

### क्यों आया नागरिकों को गुस्सा

**विरोध** प्रदर्शन भीम आर्मी सेना के सदस्यों के सहयोग से सड़क पर उतरे शहरवासियों की अगुवाई कर रहीं सीमा डागर ने बताया कि 25 अगस्त को उनकी कॉलोनी में दो गुटों के बीच आपसी झगड़ा हो गया था। पुलिस ने दोनों गुटों को सिटी थाना में बुलाया और यहां आने पर दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया, लेकिन सिटी थाना प्रभारी ने आपसी समझौता न मानते हुए दो पक्ष के लोगों को हवालात में बंद कर दिया। छह माह तक झगड़ा न करें इसके लिए बाध्य करते हुए मामला दर्ज कर दिया। जिसकी दोनों गुटों के सदस्यों को जमानत मिल गई थी। सीमा डागर का कहना है कि जब एसएचओ को हवालात से बाहर निकाले को बोला तो उन्होंने अभद्रता की और बिना कारण के मामला दर्ज किया।

### सिटी थाना प्रभारी के तबादले की मांग

**प्रदर्शनकारियों** ने पुलिस प्रशासन से सिटी थाना प्रभारी का तुरन्त प्रभाव से तबादला करने की मांग की है। तबादला न होने पर हर दिन एक घंटा कॉलोनी के निवासी अंबेड़कर बाईपास चौक पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे की चेतावनी दी है।

### क्या कहते हैं एसीपी

**सोहना** एसीपी संदीप मलिक ने बताया कि उन्हें एसएचओ के खिलाफ लिखित में शिकायत मिल गई है। जिसकी वे अपने स्तर पर जांच करेंगे और जांच में कानून की अवहेलना करने का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आप नेताओं ने कहा...सत्ता में रहकर विपक्ष जैसे बयान दे रहे हैं विधायक

### आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बताया जनता के साथ मजाक

### बारिश से हुए नुकसान की जिम्मेदारी विधायक सुधीर सिंगला को लेनी पड़ेगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



डॉ. सरिका वर्मा मुकेश डागर।

**आम** आदमी पार्टी की दक्षिण हरियाणा प्रवक्ता डॉ. सारिका वर्मा ने कहा कि जिस तरह गुड़गांव के विधायक सुधीर सिंगला जलभराव, जल निकासी और सफाई की समस्या के बारे में विधानसभा में बयान दे रहे हैं, ऐसा लगता है विपक्ष का नेता अपना पक्ष रखते हुए सरकार से काम करवाने की मांग कर रहा हो।

उन्होंने कहा कि भाजपा जेजेपी की सरकार सत्ता में है और यह उनकी जिम्मेदारी है कि अधिकारियों से काम करवाएं। ऐसे बयान देने से काम नहीं होगा। विधायक अपने ही विधानसभा में जनता की मूलभूत सुविधाओं पर काम नहीं करवा सकते, तो उन्हें सत्ता में रहने का क्या हक है।

डा. सारिका वर्मा ने कहा कि इस वर्ष कई करोड़ों रुपए खर्च ने के बाद भी गुड़गांव में जलभराव की समस्या और बिगड़ी है...विधायक यह बताएं कि अधिकारियों ने किस से पूछकर करोड़ों रुपए खर्च कर दिए, जब उसका कोई फायदा नहीं हुआ। सरकार इस पर जांच कमेटी गठित करे और लापरवाही अधिकारियों पर कार्यवाही हो। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश डागर ने कहा की इस साल जब भी कुछ घंटों की बारिश हुई लोगों के घरों में पानी भर आया। दुकानों और गोदामों में कई लाख रुपयों का सामान खराब हो गया। लोगों की गाड़ियां, स्कूटर ऑटो रिक्शा और मोटरसाइकिल बारिश में खराब होने से जो नुकसान हुआ है, इसकी जिम्मेदारी विधायक सिंगला जी को लेनी पड़ेगी।

## चोरी का ऑटो बेचने निकला एक पकड़ा

**फरीदाबाद।** शहर में हो रहे अपराध और फरार चल रहे आरोपियो का सज्ञांन लेते हुए पुलिस कमिश्नर श्री ओपी सिंह ने सभी अपराध शाखाओं को निर्देश दिये हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच टीम सेक्टर-56 ने आरोपी अजय कुमार को समय पुर रोड सेक्टर-56 से गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी की पहचान अजय कुमार निवासी गांव घराण जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश हाल चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ के रुप में हुई है। आरोपी पहले एक प्राईवेट कम्पनी में काम करता था। उसकी नौकरी छुट गई थी खर्चे को चलाने के लिए उसने दिनांक 22 अगस्त को थाना सेक्टर- 58 के क्षेत्र से एक सी एन जी ऑटो चोरी किया था। क्राइम ब्रांच प्रभारी ने बताया कि शिकायात करता ने थाना सेक्टर-58 में ऑटो चोरी होने की एक शिकायत थाना में दी जिस पर चोरी की धारों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

## जीएमडीए ने बिछाई 12.5 किमी लंबी पेयजल भूमिगत पाइप लाइन

### बसई-धनवापुर के बीच बिछाई गई है यह पाइप लाइन

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा जलापूर्ति को सुचारू और बेहतर किया जा रहा है। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि जलापूर्ति के लिए बिछाई गई भूमिगत पाइप लाइन को स्काडा (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्विजिशन) से जोड़ा गया है।

इसके तहत जलापूर्ति को ऑनलाइन जांचा जा सकता है और नियंत्रण किया जा सकता है। इससे अनाधिकृत एवं गैर राजस्व पानी पर नियंत्रण होगा। जलापूर्ति की सही मात्रा के अनुसार उचित बिलिंग होगी। सुधीर राजपाल ने निर्देश दिए कि जलापूर्ति को ओर बेहतर व उपभोक्ताओं के लिए सुविधाजनक बनाया जाए। व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अन्य विशेषताओं पर भी ध्यान दिया जाए।

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा 12.5 किलोमीटर लंबी 1200 एमएम की भूमिगत पाइप लाइन बसई-धनवापुर के बीच में बिछाई गई है। पाइप लाइन से क्षेत्र की कॉलोनियों को जलापूर्ति की जा रही है। इस पाइपलाइन के अंतर्गत आने वाले बसई, डूंडाहेड़ा, कार्टर पुरी, मुल्लाहेड़ा, पालम विहार, सराय गांव, कोलंबिया एशिया, मारुति सुजुकी प्लांट, सूर्य विहार, सेक्टर 14, 18, 21, 22, 23ए, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, चौमा खेड़ा, राजीव नगर, ओल्ड डीएलएफ कॉलोनी, मानसरोवर बिल्डिंग, बेस्टटेक बिल्डिंग आदि क्षेत्रों के 31 भूमिगत पानी के टैंकों को भी जोड़ा गया है।

# बालक अयांश के माता-पिता की अमेरिकी टीके पर टिकी हैं निगाहें

### रोते हुए अयांश की मां बोली, बेटे को खोना नहीं चाहती

### टीके के लिए फंड जुटाने को लगे हैं दिन-रात

### अयांश के लिए 50 हजार लोगों की बन चुकी है टीम

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



अयांश के माता-पिता के साथ मीडिया से बात करते नवीन गोयल और अन्य।

**बालक** अयांश को 16 करोड़ का टीका लगवाने के लिए उसके माता-पिता प्रवीण मदान एवं वंदना मदान दिन-रात इंसानों और भगवान की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं। कोई उन्हें सांत्वना देता है तो कोई आर्थिक मदद देकर अयांश के ठीक होने की उम्मीद बंधाता है। बता दें कि अयांश एसएमए (स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रोफी) नामक बीमारी से जूझ रहा है। दो साल की उम्र पूरी होने से पहले उसे टीका लगाकर उपचार किया जा सकता है।

अयांश के लिए फंड इकट्ठा करने की मुहिम में अब तक 50 हजार लोग जुड़ चुके हैं। अपने-अपने स्तर पर सब जनता से अपील कर रहे हैं। बहुतेरे ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने खुद भी दान दिया है और वे दूसरों को भी दान देने की लगातार अपील कर रहे हैं। अयांश को लगने वाला टीका सिर्फ 16 करोड़ का नहीं है, बल्कि उसे अमेरिका से भारत लाने तक टैक्स समेत पूरा खर्च 22 करोड़ का है। भारत सरकार ने इस टीके के आयात के लिए टैक्स माफ कर दिया है। यानी अब टीके लिए 16 करोड़ रुपये ही चाहिए। फोर्टिस अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट एवं चाइल्ड न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. आरके जैन ने कहा कि भारत आने के बाद टीके को अस्पताल में नि:शुल्क लगाया जाएगा। शनिवार को यहां शमा पर्यटक केंद्र में अयांश व उसके माता-पिता की मौजूदगी में कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक एवं प्रदेश प्रमुख पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा नवीन गोयल ने कहा कि अयांश का जीवन बचाने को हम सबकी भागीदारी जरूरी है। इसलिए अपने सामर्थ्यनुसार दान देकर 16 करोड़ का टीका मंगवाने में सहयोग करें। अयांश के लिए अपील भी खूब हो रही है, दुआएं भी खूब और रही हैं और दान भी लोग खूब कर रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अभी तक अयांश को लगने वाले 16 करोड़ रुपये के टीके के लिए अब तक 6.5 करोड़ रुपये एकत्रित हो चुके हैं। अपने बिजनेसमैन मित्रों के साथ मिलकर एकत्रित किए गए साढ़े 4.81 लाख रुपये भी नवीन गोयल ने अयांश के माता-पिता को सौंपे।

### केंद्र व राज्य सरकार भी करें पहल: अभय जैन

**इस** अवसर पर मानव आवाज संस्था के संयोजक एडवोकेट अभय जैन ने कहा कि अयांश के माता-पिता व समाजसेवियों के प्रयासों से अब तक साढ़े छह करोड़ रुपये इकट्ठे किए जा चुके हैं। यह बहुत बड़ी बात है। अब केंद्र व राज्य सरकार भी अपनी ओर से अयांश का जीवन बचाने में आर्थिक सहयोग करे। साथ ही उन्होंने जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग से भी अपील की है कि वे गुरुग्राम की कंपनियों में सीएसआर फंड के तहत अयांश की मदद कराने में सहयोग करें। इस अवसर पर वर्ल्ड ऑटो फोरम के सीईओ अनुज गुगलानी, समाजसेवी गगन गोयल, अलका दलाल आदि ने भी आमजन से सहयोग की अपील की।

# मायके में रहकर सुनीता ने किया था नर्सिंग कोर्स

### नौकरी करना चाहती थी, पर परिवार ने ऐसा नहीं होने दिया

### परिजनों का आरोप-सास, ससुर और पति करते थे झगड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राजेंद्रा** पार्क में चार हत्याओं के मामले में आरोपी राव राय सिंह की पुत्रवधू के मायके वालों ने अब शिकायत देकर कहा है कि सुनीता को ससुराल में शादी के समय से ही तंग किया जाता था। उसे नर्सिंग कोर्स करना था, जो कि मायके में ही रहकर करना पड़ा।

यहां राजेंद्रा पार्क थाना में महेंद्रगढ़ जिला के कनीना कस्बा निवासी अशोक कुमार ने कहा है कि उसकी बहन सुनीता यादव के ससुरालियों ने शादी के बाद से ही उसे तंग करना शुरू कर दिया था। उसकी शादी 10 नवम्बर 2010 को राय सिंह के पुत्र आनंद यादव के साथ हुई थी। राय सिंह के परिवार ने शादी के बाद दहेज की मांग शुरू कर दी। राय सिंह की पत्नी बिमलेश यादव व सुनीता का पति आनंद यादव हमेशा सुनीता पर दबाव बनाते थे कि वह अपने मायके से अपने हिस्से की जमीन बेच दे।

सुनीता के भाई ने यह भी बताया कि शादी के बाद करीब चार साल तक सुनीता मायके में ही रही। वहां उसने नर्सिंग कोर्स किया। इसके बाद जब भी उसे ससुराल भेजा गया, यहां सास-ससुर के अलावा पति उससे मारपीट करते थे। मारपीट करके दो-चार दिन में यहां से भगा देते थे। इस बारे में दो बार उनके गांव से पंचायत लेकर राजेंद्रा पार्क गुड़गांव में वे सब आए। पंचायत में ससुरालीजन माफी मांगते और भविष्य में ऐसा करने की बात कहते।

फरवरी 2021 में ससुराल में छोड़कर गये थे। उस दिन सुनीता के पति आनंद यादव ने उसे धमकी दी कि अपने गांव में सुनीता के हिस्से की जमीन बेचकर हमें दे दो। अगर यह मर जाएगी तो हिस्सा तो हमारा ही होना है। अशोक कुमार ने कहा है कि सुनीता के पति आनंद पेशे से वकील हैं। उसने उसकी बहन की साजिश रची है। क्योंकि आनंद पहले ही धमकी दे चुका था। सुनीता के भाई ने शिकायत में कहा है कि उसकी बहन सुनीता से ससुराल वाले अकेले बात करने से रोकते थे। अपने सामने ही मायके में बात करवाते थे।

भाई अशोक कुमार ने आरोप लगाया कि पति आनंद यादव, ससुर राय सिंह व सास बिमलेश के अलावा आनंद की मौसी व उनके बेटे राहुल ने मिलकर सुनीता की हत्या की है। जब शोर सुनकर किरायेदार आए तो उन्होंने देखा कि सुनीता की हत्या सास, ससुर व पति सुनीता की हत्या कर रहे हैं तो कृष्णा तिवारी घबराकर अपने कमरे की तरफ भागा। हत्यारों ने उसकी व उसके परिवार की भी हत्या कर दी। इस बारे में उन्हें गुड़गांव से पड़ोसी मीनू ने फोन करके यह जानकारी दी। सुनीता के भाई अशोक कुमार ने कहा है कि उनकी बहन की नृशंस हत्या की गई है। जमीन हड़पने के लिए ससुराल वाले सदा दबाव बनाते थे। इसलिए इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# 22 फुट के झूले पर झुलेंगे 18 फुट के श्री बांके बिहारी

## कहीं गोल्डन झूला तो कहीं 250 किलो सामग्री से बनेगी पंजीरी

**कविता।** फरीदाबाद



**शहर** में जन्माष्टमी की तैयारियों की शुरू हो गई हैं। इस बार शहर में कहां क्या देखने लायक होगा, पायनियर द्वारा मंदिर कमेटियों के प्रधानों से जाना। जिससे पता चला कहीं 22 फुट के झूले पर 18 फुट के बांके बिहारीजी की झांकी, तो कहीं पंजीरी का प्रसाद, कहीं फूलों का झूला, तो कहीं गोल्डन झूला श्रद्धालुओं को आकृर्षित करेगा।

### मास्क में होंगे श्रीकृष्ण

**एनएच-एक** स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर कमेटी के प्रधान राजेश भाटिया ने बताया कि इस बार मंदिर के बाहर 22 फुट के झूले पर 18 फुट के श्रीकृष्ण की मूर्ति देखने लायक होगी। वहीं चार फीट के श्रीकृष्ण भगवान मुंह पर मास्क और हाथ में सैनिटाइजर के साथ नजर आएंगे।

आकर्षण का केन्द्र बजरंग बलि द्वारा शिवलिंग की पूजा की झांकी भी होगी। सिर कटा भैरव और 56 भोग की झांकी के अलावा कोरोना काल में बचाव के लिए लगाई जाने वाली वैक्सीन के प्रचार के लिए अलग से एक झांकी बनाई है। मंदिर में 25 हजार टॉफी और सीटियां दर्शकों के बीच बांटी जाएगी।

### गोल्डन झूला और मंदिर

**राधा** सर्वेश्वर मंदिर में इस बार अलग नजारा देखने को मिलेगा। भगवान श्रीकृष्ण का गोल्डन झूला और गोल्डन टैम्पल के दर्शन कराये जाएगे। मंदिर के संस्थपक मुनिराज जी ने बताया कि कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू हो जाएगा। रात नौ से 12 बजे तक भजन कीर्तन होगा। 12 बजे भगवान का जलाभिषेक किया जाएगा। फिर महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### परमिशन पर होगा

**तिकोना** पार्क स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में झांकियां तो तैयार की गई हैं, लेकिन परमिशन मिलने पर ही आगे कार्यक्रम तय होंगे। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि मंदिर के अंदर ही कार्यक्रम होंगे। रात को केक काटा जाएगा। कोरोना के कारण ज्यादा कुछ नहीं कर सकते।

### फूलों का होगा झूला

**एनएच** पांच स्थित बांके बिहारी मंदिर के प्रधान ललित गोस्वामी ने बताया कि इस बार मंदिर में आर्कषण का केन्द्र होगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि और महाकाल की सुन्दर झांकी।



जिसे कुशल कारीगर भगवान कुमावत और उनकी टीम द्वारा तैयार झांकी ऐसी होगी जैसे श्रीकृष्ण और महाकाल साक्षात धरती पर उतर आए हों। अन्य सुन्दर झांकियां श्रीकृष्ण जन्म, मथुरा जेल, कंस वध, श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी। फुलों का झूला विशेष होगा। मंदिर में मलिक म्यूजिकल ग्रुप के तरुण सागर प्रसिद्ध गायक और लोकल ग्रुप के द्वारा रात 8 से रात 12 बजे तक भजन प्रस्तुत करेंगे।

# सरकार की योजनाओं के केंद्र पर हैं सवा सौ करोड़ देशवासी : गुर्जर

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के निरीक्षण के अवसर पर उपस्थित लोगों को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल के दौरान भविष्य की सोच और दूरदर्शिता के साथ कई बड़े निर्णय लिए। इस दौरान जनहित की अनेक कई योजनाएं शुरू की गई। मोदी सरकार ने अपनी कार्यशैली से लोगों को बता दिया कि सूझ-बूझ और गंभीरता से योजनाओं को क्रियान्वित कर देश में व्यापक बदलाव लाया जा सकता है।

यह बात केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शनिवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के निरीक्षण के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी योजनाओं के केंद्र में सवा सौ करोड़ देशवासियों को रखा है। केन्द्र सरकार की हमेशा सोच दूरदर्शी रही है। जिसमें आने सभी संबंधित वर्गों का ख्याल रखा गया है। गरीब और किसानों के लिए कई क्रांतिकारी योजनाओं पर अमल, कौशल विकास की योजनाओं के साथ युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के कदमों पर भी जोर रहा है। डिजिटल इंडिया पर फोकस करने के साथ विकास की तमाम योजनाओं में अत्याधुनिक तकनीक के सहारे सरकार की कोशिश भारत को पूर्णत: आत्मनिर्भर बनाने की है, जो विश्वशक्ति के रूप में भारत की पहचान को स्थापित करने वाला साबित होगा और एक नए भारत का उदय होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी अक्सर कहते हैं कि सरकार और लोगों के बीच का रिश्ता चुनाव के नतीजों के बाद खत्म नहीं हो जाता है बल्कि वास्तव में शुरू होता है। उनके इस कथन के मुताबिक उनकी सरकार अच्छी तरह समझती है कि सामूहिक प्रयास के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। लोगों की भागीदारी और जन शक्ति की बदौलत सरकार सही मायने में बदलाव ला सकती है, बशर्ते लोग पूरे दिल से परिवर्तन के लिए प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर बहुत से लोगों ने अपनी एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी - जनभागीदरी का यह एक अभूतपूर्व उदाहरण है। इसी तरह की सामूहिक भागीदारी उस वक्त भी देखी गई जब सरकार ने काले धन और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णय लिया, पूरे देश ने भ्रष्टाचार और आतंकवाद के खिलाफ सरकार का साथ दिया। अस्थायी असुविधाओं के बावजूद लोग सरकार के इस निर्णय के समर्थन में मजबूती के साथ खड़े रहे। भ्रष्टाचार और कर चोरी के खिलाफ लड़ने के उद्देश्य से लोगों ने लेस-कैश अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटल लेनदेन को भी अपनाया। सरकार ने विद्यार्थियों की योग्यता को बढ़ावा देने के लिए लाखो स्कूली और कॉलेज छात्रों को करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। माध्यमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रोत्साहन योजना के तहत स्कूली छात्राओं के लिए प्रोत्साहन राशि मंजूर की गई। इनके अलावा डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों को प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की रकम मुहैया कराई गई।

पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, पार्षद मनवीर बढ़ाना, महेश मणि, राकेश भड़ाना, राकेश खटाना, सुरेंद्र भड़ाना, आरएन सिंह उपस्थित थे।

# श्रीकृष्णा जन्माष्टमी पर मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी दुरुस्त

## मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को पालन करना होगा कोविड प्रोटोकॉल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**30 अगस्त** को जन्माष्टमी के पावन अवसर पर फरीदाबाद में मंदिर समिति और श्रद्धालुओं के सौजन्य से जगह-जगह सांस्कृतिक भक्ति कार्यक्रम, कृष्णलीला झांकी और प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फरीदाबाद पुलिस अतिरिक्त बल के साथ ड्यूटी लगाई जाएगी।

पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने सभी थाना प्रबंधक चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि त्योहार के लिए खरीदारी को लेकर बाजारों और भीड़ वाले क्षेत्रों में चेन स्नैचिंग, झपटमारी आदि घटना रोकने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाना सुनिश्चित करें। जिन मंदिरों में सार्वजनिक भंडारा का आयोजन है, वहां भी पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस को आयोजकों के साथ समन्वय बनाकर काम करने को कहा गया है। सार्वजनिक जमघट वाले स्थानों पर कोविड प्रोटोकॉल जैसे- सोशल डिस्टेंसिंग, अनिवार्य रूप से मास्क पहनना आदि के पालन को सुनिश्चित कराया जाएगा।

सभी थाना व चौकी प्रभारी के साथ पर्यवेक्षण अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी करने के साथ आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की गतिविधियों को नियंत्रित किया जाएगा। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव उचित कदम उठाया जाएगा। इसके लिए फरीदाबाद पुलिस की तकनीकी सेल निरंतर अपनी लगातार नजर रखेगी। सभी थानाक्षेत्र में स्थित मंदिरों के आसपास पुलिस सादे लिबास में भी तैनात रहेगी और महिला श्रद्धालुओं के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत व प्रभावी बनाते हुए क्षेत्र के अनुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है।

# अनूप चिण्डालिया बने सीवरमैन यूनियन के प्रधान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई नगर निगम सीवरमैन कर्मचारी यूनियन का त्रिवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। जिसमें अनूप चिण्डालिया 48 मतों से प्रधान पद का चुनाव जीते।

चुनाव अधिकारी व नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के उपमहासचिव सुनील कुमार चिण्डालिया, जिला प्रधान गुरचरण खाण्डिया, जिला सचिव नानकचंद खैरालिया ने बताया कि आज संघ की इकाई नगर निगम सीवरमैन कर्मचारी यूनियन का चुनाव मदन मोहन मालवीय वाटिका दशहरा मैदान में नौ बजे से चार बजे तक मतदान द्वारा करवाया गया तथा मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित करते हुए चुनाव अधिकारी सुनील चिण्डालिया ने बताया कि इस चुनाव में सुभाष फेटमार को 34 मत, गुलाब सिंह चिण्डालिया को 46 मत तथा अनूप चिण्डालिया को 94 मत प्राप्त हुए। अनूप चिण्डालिया को 48 मतों से निर्वाचित घोषित किया गया।

नवनिर्वाचित प्रधान अनूप चिण्डालिया बीके चौक स्थित नगर निगम यूनियन कार्यालय पहुंचे जहां नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने नवनिर्वाचित प्रधान अनूप चिण्डालिया का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

# कथा श्रवण करने से जीवन सुधरता है

**फरीदाबाद।** गांव ताराका में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ब्राह्मण सुरेन्द्र शर्मा बबली ने शिरकत की। इस अवसर पर गांव ताराका की सरदारी ने बबली का भव्य स्वागत व मान सम्मान किया। सुरेन्द्र शर्मा बबली ने व्यास का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। ये कथा श्रवण करने से जीवन सुधरता है। मानव मात्र के कल्याण के लिए सनातन धर्म का पालन करते हुए भगवान के शरणागत होकर जीव परम गति को प्राप्त करता है। सुन्दर आयोजन व मान सम्मान के लिए सरदारी का सह्रदय आभार। इस अवसर पर देवराज, रामजीलाल, कवि श्रीचंद भंवर, मुकेश वशिष्ठ, प्रभु दयाल, लेखराज सरपंच, गंगा नम्बरदार, एच के भारद्वाज, मनोहर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 9195 लोगों ने लगवाई वैक्सीन की डोज





**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में शनिवार को 9195 लोगों को कोविड-19 से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें तीन हेल्थ केयर वर्करों के अलावा 18 प्लस आयुवर्ग में 7424 और 45 प्लस आयुवर्ग में 1768 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया।

सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि कोविड-19 के वायरस के बचाव के लिए दोनों डोज लगाए गए। नोवल कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण एक सशक्त माध्यम है। टीकाकरण से स्वास्थ्य पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता, कोविशील्ड व कोवैक्सीन का एक समान प्रभाव है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि जिले में अब तक 1526069 लोगों को वैक्शीनेशन की डोज लगाई गई हैं। इनमें पहली डोज 1151804 लोगों को और दूसरी डोज के 374265 लोगों को लगाए गए वैक्शीनेशन शामिल हैं।

### तीन ठीक, तीन पॉजिटिव

**जिले** में जहां एक तरफ वैक्सीनेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कोरोना के मरीज भी सामने आ रहे हैं। तीन मरीजों के पॉजिटिव आने से जहां जिले में पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 99825 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में तीन मरीज ठीक हो गए। जिससे जिले में फिलहाल एक्टिव केसों की संख्या सात पर है। इनमें एक मरीज अस्पताल में और छह होम आईसोलेशन में हैं। वहीं जिले का रिकवरी रेट 99.28 प्रतिशत पर है। जिले में शनिवार को 2573 टेस्ट किए गए। जिसमें फिलहाल 1024 की रिपोर्ट आनी शेष है।

# जेसी बोस और सीएसआईआर के बीच समझौता

## दोनों संस्थान मिलकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, नीति अध्ययन और विज्ञान संचार को बढ़ावा देंगे

## विज्ञान को समाज से जोड़ने के लिए मिलकर करना होगा काम : प्रो रंजना अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**विज्ञान,** प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई), नीति अध्ययन और विज्ञान संचार को बढ़ावा देने के लिए, जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने सीएसआईआर के राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर), नई दिल्ली के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं।

एनआईएससीपीआर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक प्रयोगशाला है जो सीएसआईआर के दो संस्थान राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं सूचना स्रोत संस्थान (निस्केयर) और राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं विकास अध्ययन संस्थान (निस्टैड्स) के विलय के बाद वर्ष 2021 में अस्तित्व में आया है।

विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समझौते पर जेसी बोस विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर, नई दिल्ली की ओर से निदेशक प्रो रंजना अग्रवाल ने हस्ताक्षर किये। कार्यक्रम का संचालन निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली ने किया।

प्रो. रंजना अग्रवाल ने कहा कि दोनों संस्थानों की 50 से अधिक वर्षों की लंबी विरासत रही है। जेसी बोस विश्वविद्यालय की उद्योग-अकादमिक संबंधों पर अच्छी पकड़ है और पूर्व छात्रों का एक मजबूत नेटवर्क है जबकि सीएसआईआर मुख्य रूप से अनुसंधान एवं विकास संगठन है। इस तरह दोनों संस्थान पुस्तकालयों और प्रयोगशालाओं सहित अन्य संसाधनों को साझा करके अपनी क्षमताओं एवं योगदान से एक-दूसरे को मजबूत कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि देश में विज्ञान को लेकर हमेशा से एक अलग नजरिया रहा है, जिसके कारण विज्ञान समाज से नहीं जुड़ पाया है। इससे पहले कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दोनों संस्थानों के बीच साझेदारी वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान को बढ़ावा देगी जिससे समाज को लाभ होगा।

इस अवसर पर डीन प्लेसमेंट, एलुमनाई और कॉरपोरेट अफेयर्स, प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने छात्रों के कौशल और रोजगार क्षमता को और बेहतर बनाने के लिए उत्कृष्टता के नए केंद्र स्थापित किये हैं। साथ ही, विश्वविद्यालय ने शोध प्रकाशन में महत्वपूर्ण सुधार किया है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से विश्वविद्यालय को शोध की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलेगी।

# वन क्षेत्र में पार्किंग बनाए जाने का ग्रामीणों ने जताया विरोध

**फरीदाबाद।** प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से रेडक्रास से पर्ची कटवाकर एक पूर्व ईटीओ अधिकारी गांव पाली में पाली चौकी के पास अवैध पार्किंग बनाने का काम कर रहा है। बदमाशों की शह पर यहां पर काम करने का प्रयास किया जा रहा है और ग्रामीणों को भी हथियारों के बल पर धमकाते हैं। इस पार्किंग के खिलाफ शनिवार को पाली गांव के तमाम लोग एकत्रित हुए और जमकर पूर्व में ईटीओ अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की।

ग्रामीणों का आरोप था कि पूर्व अधिकारी अपनी राजनेतिक एवं प्रशासनिक साठगांठ का फायदा उठाकर यहां पार्किंग बनाना चाहता है। जिसे किसी भी कीमत पर बनने नहीं दिया जाएगा। पाली क्रेशर जोन के प्रधान धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि पूर्व अधिकारी सैटिंग करके रेडक्रास से पर्ची कटवाकर यहां पर अवैध पार्किंग बनाना चाहता है, जिसे किसी भी कीमत पर बनने दिया जाएगा। भड़ाना ने कहा कि गांव पाली व नगर नगम का हाईकोर्ट में केस चल रहा है। ऐसे में प्रशासन किस प्रकार इस जमीन को पार्किंग के लिए अलॉट कर सकता है।

सभी गांव के लोग इसके खिलाफ धरने पर बैठेंगे। इसके खिलाफ वन विभाग एवं बिजली विभाग को शिकायत की गई है। इन्होंने अवैध तरीके से बिजली का कनैक्शन डायरेक्ट लिया हुआ है। वन विभाग की जमीन पर बिना किसी परमिशन के यहां पेड काट दिए गए। इस अवसर पर गांव पाली के रघबर प्रधान, सूका ठेकेदार, श्यामबीर, विनोद, संजय, प्रकाश पंडित, मनोज, जयकिशन, वेद प्रकाश, अशोक त्यागी, जसबीर चेयरमैन, सच्चे, होशियार, कविराज भड़ाना, देशराज, महेश भड़ाना, जग्गी भड़ाना, महेन्द्र, अशोक भड़ाना, कृष्णपाल एव जसवंत ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जूनियर रेडक्रॉस का सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान



**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार पैन इंडिया निबंध लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी नंबर तीन की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइडस ने मिलकर प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के निर्देशन में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त जागरुकता अभियान चलाया। मनचन्दा ने बताया कि भारत सरकार की तरफ से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि कोविड-19 के कारण सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा, प्राध्यापिका शीतू, कविता और गीता ने छात्राओं तनु, वैशाली और नेहा को क्रमश: निबंध लेखन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय घोषित किया और प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान का दूत बताया तथा कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथो में सुरक्षित है। रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि हम सभी बाजार जाते समय थैला अवश्य साथ लेकर जाए तो भी हम पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत निर्माण में सहयोग कर सकते हैं।

## स्पोर्ट्स क्यूब ने पांच विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** 7वां ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने हरियाणा क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्यण लिया। हरियाणा क्रिकेट अकादमी की टीम ने 36.3 ओवर में 10 विकेट पर 163 रन बनाए। रविंद्र ने 37 रन, शुभम ने 31 रन, कबीर, स्वस्तिक और विपुल ने 19-19 बनाए। करण पासवान ने तीन विकेट, राज और तहमीद ने दो-दो विकेट, हरिओम और पवन ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने 33.1 ओवर में पांच विकेट में 164 रन बनाकर जीत हासिल की। मोदशीर ने 48 रन, प्रिंस ने 37 रन, सक्षम ने 26 रन बनाए। अमन ने दो विकेट, धर्मेंद्र, सीजे पाल और चैतन्या बिश्नोई ने एक-कए विकेट ली। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार एम्पयर लखन ने करण पासवान को दिया गया।

## शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित




**फरीदाबाद।** गांव झाड़ सैतंली में ग्रामीण लक्ष्मण डागर ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। पवन और बीके अस्पताल ने मिलकर रक्त एकत्रित किया। कैम्प में रक्तदाता रतन डागर ने 50वीं बार रक्तदान किया। वहीं उनके बेटे नितिन डागर ने पहली बार रक्तदान करके अपना खाता खोला। रतन डागर ने बताया कि इस शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। उन्होंने कहा कि आगे भी कैम्पों का आयोजन ग्रामीण इलाके में किया जाएगा। ताकि लोग रक्तदान के प्रति जागरूक हो और अधिक से अधिक रक्तदान को आगे आए। जिससे जिले में रक्त की कमी नहीं होगी और समय पर जरूरतमंदों को रक्त मिल सकेगा।

## भूमि अधिग्रहण एक्ट में बदलाव पर कांग्रेसियों का ढोंग



**फरीदाबाद।** किसान संघर्ष सीमित ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि आज कांग्रेसी नेता भूमि अधिगृहण कानून में संशोधन एक्ट का विरोध एक ड्रामा है। वशिष्ठ ने कहा की कांग्रेस के कार्यकाल में ही नहर पार हजारों एकड़ जमीन बैगर किसानों की मर्जी के 16 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से कांग्रेस सरकार ने अधिग्रहण कर ली। किसानों ने अपनी जमीन को बचाने के लिए कई सालों तक संघर्ष किया, लेकिन किसान अपनी जमीन नहीं बचा पाए। रही सही कसर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला 1230 वर्ग गज का मुआवजा घटा कर 645 वर्ग गज कर दिया। यह सब कांग्रेस की पिछली सरकार की वजह से हुआ है। आज जो कांग्रेस के नेता कह रहे कि वर्तमान सरकार किसानों और भू मालिकों की 70 फीसदी मर्जी का नियम खत्म करने और प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप ( पीपीपी ) के लिए जमीन अधिग्रहण को खतरनाक करार दे रहे हैं। कांग्रेसी नेता कह रहे कि सरकार कोरनी कैपिटलिज्जम (सहचर पूंजीवाद ) की ओर बढ़ रही है। यह कहना कांग्रेसी नेता का किसानों के साथ ढोंग जैसा है। नहर पार के किसान हर तरीके से बर्बाद हो चुके हैं।

## बच्चों के लिए एक खास कार्यक्रम का किया आयोजन




**फरीदाबाद।** कोरोना काल के बाद समाज में एक सकारात्मक माहौल बनाने के उदेश्य से और त्योहारों के मौसम में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभगिता को जारी रखते हुए टीम खुशी एक एहसास ने प्रकाशदीप ट्रस्ट के बच्चों के लिए द पैलेस बैंक्वेट लॉन में एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां 10 होनहार, प्रतिभाशाली व जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में शामिल 100 छात्राओं को मिठाई, कोरोना से बचाव के लिए सेनिटाइजर और माउथ मास्क प्रदान किये गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंशा ग्रुप के चेयरमैन और रोटेरियन क्लब ऑफ फरीदबाद ग्रेटर के प्रधान रोटेरियन नरेश मलिक चेयरमैन मंशा ग्रुप, गेस्ट ऑफ हॉनर के रूप में नीरज शर्मा मैनेजिंग डायरेक्टर वीनस केमिकल्स, प्रकाशदीप ट्रस्ट की संस्थापक सविता दत्त के साथ शिक्षिकाएं और वालंटियर, टीम खुशी एक एहसास के सदस्य व वालंटियर शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से की गयी और उसके बाद बच्चों ने संगीत और नृत्य प्रतिभा के साथ कार्यकर्म में चार चांद लगाए। सभी बच्चों को स्नैक्स बॉक्स भी बांटे गए और सभी बच्चों ने कार्यक्रम का पूरा आनंद उठाया। वेन्यू पार्टनर के तौर पर द पैलेस बैंक्वेट हाल के चेयरमैन अशोक चोपड़ा भी इस मौके पर उपस्थित रहे और बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा। मुख्य अतिथि नरेश मलिक, गेस्ट ऑफ हॉनर नीरज शर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन की भरपूर प्रशंसा की और किसी प्रकार से भी बच्चों की मदद के लिए वायदा किया। सविता दत्त ने टीम खुशी एक एहसास के योगदान और प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रोत्साहन भरे कार्यकर्म आयोजित करने के लिए उम्मीद जताई। टीम खुशी एक एहसास के सदस्य सुनील भोला इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीम के उन सभी सदस्यों के योगदान के लिए धन्यवाद किया और बताया की इस प्रकार टीम के सभी सदस्य हमेशा समाज में, मुख्य रूप से बच्चों की शिक्षा के लिए प्रतिबद है। सुनील भोला ने कार्यकर्म में भाग लेने आये सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और अशोक चोपड़ा को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# गहलोत ने राजस्थान को आदर्श राज्य बनाने का लिया संकल्प

**भाषा। जयपुर**

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में राजस्थान को एक आदर्श राज्य बनाने का संकल्प लेते हुए शनिवार को कहा कि राज्य संक्रमण की संभावित तीसरी लहर से निपटने की पूरी तैयारी कर रहा है।

गहलोत की शुक्रवार को यहां राजकीय सवाई मानसिंह अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई थी और वह अभी अस्पताल में ही हैं। गहलोत ने उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक बयान में कहा, पिछले डेढ़ साल में राजस्थान में कोरोना वायरस से निपटने की दिशा में बेहतरीन काम हुआ है जिसके कारण देश-विदेश में राज्य का मान-सम्मान बढ़ा है। राजस्थान में विशेषज्ञों की राय के अनुसार संक्रमण की संभावित तीसरी लहर से लड़ने की पूरी तैयारी की जा रही है। मेरा संकल्प है कि कोरोना वायरस के विरुद्ध लड़ाई में राजस्थान एक आदर्श राज्य बने। गहलोत ने अपने स्वास्थ्य के बारे में कहा, मेरी धमनी में अवरोध की समस्या थी, जिसमें अब स्टेंट डाल दिया गया है। मैं अभी कुछ समय तक जयपुर के राजकीय सवाई मानसिंह अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में रहूंगा। उन्होंने कहा, चिकित्सकों ने मुझे कुछ दिन पूर्ण आराम की सलाह दी है।

## ● कोरोना के खिलाफ तीसरी लहर से निपटने की पूरी तैयारी कर रहा है राज्य



आप सभी की शुभकामनाओं से मैं जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर पूर्व की भांति आपकी सेवा में लग जाऊंगा। 70 वर्षीय गहलोत इस साल अप्रैल में कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। तभी से वह कोरोना वायरस से उबरने के बावजूद संक्रमण के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों से जूझ रहे हैं। गहलोत ने कहा, कोरोना वायरस से संक्रमित होने से पहले मुझे हृदय संबंधी कोई भी समस्या नहीं थी। चिकित्सकों के मुताबिक यह कोरोना वायरस संक्रमण के बाद का प्रभाव है। मुझे कोविड-19 से ठीक हुए तीन महीने से अधिक हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि महामारी की दूसरी लहर के चरम पर होने के दौरान वह संक्रमित हुए थे और उस समय ऑक्सीजन एवं अस्पतालों में बिस्तरों की कमी से हाहाकार मचा हुआ था, इसलिए संक्रमित होने के बावजूद भी वह दिन-रात लगातार काम करते रहने तथा डॉक्टरों की सलाह के अनुरूप पर्याप्त आराम नहीं कर सके। गहलोत ने कहा कि इसी के परिणामस्वरूप उन्हें कोविड-19 संक्रमण से उबरने के बावजूद इतने लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। उन्होंने लोगों से कोरोना वायरस संक्रमण संबंधी प्रोटोकॉल यानी मास्क पहनने, सामाजिक दूरी का पालन करने एवं बार-बार हाथ धोने का गंभीरता से पालन करने तथा समय पर टीका अवश्य लगवाने की अपील की है।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत की सभी जांच रिपोर्ट ठीक

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की एंजियोप्लास्टी के बाद की सारी जांच रिपोर्ट ठीक आई हैं और वह ठीक महसूस कर रहे हैं। जयपुर के सरकारी सवाई मान सिंह अस्पताल के प्राचार्य डॉ सुधीर भंडारी ने शनिवार दोपहर संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की एंजियोप्लास्टी के बाद की सारी जांच रिपोर्ट ठीक आई हैं। वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। भंडारी ने कहा कि इस तरह के मामलों में आमतौर पर रोगी को एंजियोप्लास्टी के 24 घंटे के बाद घर भेज दिया जाता है। मुख्यमंत्री को घर भेजने के बारे में फैसला शाम तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गहलोत की शुक्रवार को सवाई मान सिंह अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई और वह अभी अस्पताल में ही हैं। भंडारी ने बताया था कि , मुख्यमंत्री की तीन मुख्य धमनियों में से एक में 90 प्रतिशत अवरोध मिला। उनकी एक धमनी की एंजियोप्लास्टी हुई।

# सीतारमण ने माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम का किया उद्घाटन

## ● मोबाइल एटीएम वाहन को दिखाई हरी झंडी

**भाषा। अगरतला**

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को त्रिपुरा में एक मोबाइल एटीएम वाहन को हरी झंडी दिखाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को माहवारी के दौरान बरती जाने वाली साफ-सफाई के बारे में जागरूक करने के लक्ष्य से एक कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

सीतारमण ने मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के साथ गोमती जिले के एक विद्यालय में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से बातचीत की। एक अधिकारी ने बताया कि नाबार्ड और नाबफाउंडेशन की ओर से किला गांव में शुरू की गई पहल माई पैड, माई राइट से ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को आजीविका भी मिलेगी और उन्हें माहवारी के दौरान बरती जाने वाली स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। नाबार्ड के एक अधिकारी ने बताया, इस कार्यक्रम के जरिए जिला स्तर पर स्वयं सहायता समूहों को पैड बनाने वाली एक मशीन प्रदर्शन के तौर पर दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने बाद में त्रिपुरा स्टेट कॉ-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के एक मोबाइल एटीएम वाहन को हरी झंडी दिखाई। इससे दक्षिणी त्रिपुरा जिले के सभी ग्राम पंचायतों और ग्राम समितियों को सेवा प्रदान की जाएगी। इससे पहले दिन में सीतारमण ने गोमती जिले के त्रिपुरेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। वह अपराह्न में दिल्ली के लिए रवाना हो गईं।



अगरतला में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते त्रिपुरा के सीएम बिप्लब कुमार

# संविधान, धर्मनिरपेक्षता की बातें हिंदुओं के बहुसंख्यक रहने तक ही हो पाएंगी: पटेल

**भाषा। अहमदाबाद**

**गुजरात** के उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा भारत के संविधान, कानून और धर्मनिरपेक्षता की बातें तभी तक की जाएंगी जबतक देश में हिंदू बहुसंख्यक हैं और अगर अगले 1,000-2000 वर्षों में घटकर हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएं तो देश की अदालतें, लोकसभा, संविधान, धर्मनिरपेक्षता कुछ नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा, संविधान, कानून, धर्मनिरपेक्षता की बात करने वाले ऐसा तब तक करते रहेंगे जब तक इस देश में हिंदू बहुसंख्यक हैं। भगवान न करे कि ऐसा हो, लेकिन अगर अगले 1,000-2,000 वर्षों में, हिंदुओं की संख्या कम हो जाती है, और दूसरे धर्म के लोगों की संख्या बढ़ जाती है, तो कोई अदालत नहीं होगी, लोकसभा, संविधान, धर्मनिरपेक्षता ... ए सब कुछ हवा-हवाई हो जाएगा, कुछ भी नहीं रहेगा। गांधीनगर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा आयोजित देवी भारत माता के मंदिर में मूर्ति स्थापना समारोह को मनाने के लिए शुक्रवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह सभी मुसलमानों या ईसाइयों के बारे में बात नहीं कर रहे, क्योंकि उनमें से बड़ी संख्या में लोग देशभक्त हैं। पटेल ने कहा, मैं सबके बारे में बात नहीं कर रहा हूं। हजारों और लाखों मुसलमान, ईसाई देशभक्त हैं। हजारों मुस्लिम भारतीय सेना में हैं, सैकड़ों मुस्लिम गुजरात पुलिस बल में हैं। वे सभी देशभक्त हैं। लेकिन मैं उनकी बात कर रहा हूं जो देशभक्त नहीं हैं। पटेल ने गुजरात धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) अधिनियम, 2021 को चुनौती देने के लिए एक मुस्लिम संगठन (जमीयत उलेमा-ए-हिंद) की आलोचना की - जो बल का उपयोग करके अंतरधार्मिक विवाह के माध्यम से धर्मांतरण को रोकना चाहता है - और आश्चर्य जताया कि उसे कानून से परेशानी क्यों है जबकि यह धर्म-विशिष्ट नहीं है।

## पाकिस्तान की जेल में बंद मध्यप्रदेश का व्यक्ति अगले सप्ताह स्वदेश लौटेगा

**सागर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के सागर जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अनजाने में पड़ोसी देश पाकिस्तान में प्रवेश करने के बाद वहां की जेल में लंबे समय तक बंद रहा 57 वर्षीय व्यक्ति रिहा होकर अगले सप्ताह अपने घर वापस लौटेगा। सागर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अतुल सिंह ने शनिवार को बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 46 किलोमीटर दूर गौरझामर थाना क्षेत्र के घोसी पट्टी गांव का निवासी प्रहलाद सिंह को 30 अगस्त को वाघा सीमा पर भारत को सौंपा जाएगा। अधिकारी ने बताया कि वह व्यक्ति 30 साल पहले अपने घर से लापता हो गया था और जनवरी 2014 में मध्यप्रदेश सरकार को यह पता चला कि वह पाकिस्तान की जेल में बंद है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 2014 में प्रहलाद को पाकिस्तान से वापस लाने के लिए पहचान और पत्राचार की प्रक्रिया शुरू की थी। एसपी ने कहा कि शुक्रवार को सूचना मिली है कि पाकिस्तान प्रहलाद को भारत को सौंप देगा।

# मैसूरु सामूहिक बलात्कार मामले में तमिलनाडु के रहने वाले पांच श्रमिक गिरफ्तार

**भाषा। मैसूरु**

**कर्नाटक** के पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक प्रवीण सूद ने शनिवार को कहा कि यहां पास में एक कॉलेज की छात्रा के साथ दुष्कर्म में कथित रूप से शामिल पांच श्रमिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पांचों श्रमिक हैं, जो अक्सर मैसूरु आते रहते हैं और बढ़ई व ड्राइविंग जैसे काम करते हैं। वे तमिलनाडु के तिरुपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा, प्रारंभिक पूछताछ के अनुसार उनमें से एक किशोर है, जिसकी आयु 17 वर्ष है। हालांकि, उसकी आयु की अभी पुष्टि नहीं हुई है। छठा आरोपी फरार है।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि आरोपियों ने 24 अगस्त को मैसूरु के बाहरी इलाके में चामुडी तलहटी के पास शुरू में कॉलेज की छात्रा और उसके पुरुष मित्र को लूटने की कोशिश की और जब वे सफल नहीं हुए, तो उन्होंने कथित तौर पर छात्रा के साथ बलात्कार किया। सूद ने कहा कि शुरू में यह लूटपाट का मामला था। आरोपियों ने तीन लाख रुपए की मांग की थी। हालांकि, सूद ने विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा अब तक इस मामले में ब्लैकमेल किए जाने की कोई बात सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि आरोपी अपने दोस्तों के साथ किसी काम से पड़ोसी राज्य से थोक सब्जी मंडी बंदीपल्या एपीएमसी में आया करते थे। सूद ने कहा, (तमिलनाडु) वापस जाने से पहले उन्हें शराब पीने और पार्टी करने की आदत थी। वे उस दिन (24 अगस्त) वहां थे। उसके बाद क्या हुआ आप सभी जानते हैं। पुलिस सूत्रों ने कहा कि पीड़िता इतने सदमे में है कि वह घटना को लेकर पुलिस को बयान देने की स्थिति में नहीं है। सूद ने कहा, वह जिस आघात से गुजर रही है, उसके प्रति हमें संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा, पुलिस उसके पुरुष मित्र से जानकारी एकत्र कर सकती है, लेकिन चूंकि वह शाम सात से आठ बजे (अंधेरे में) के बीच हुई घटना के समय बेहोश था, इसलिए सीमित जानकारी ही मिल पाएगी। सूद ने कहा कि ऐसी जानकारी है कि कुछ आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और वे तमिलनाडु में कई मामलों में संलिप्त थे। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, हम जल्द से जल्द आरोप पत्र दाखिल करेंगे। सूद ने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीमें पूर्णकालिक तौर पर जांच कर रही हैं। उन्होंने उच्च न्यायालय से मामले की सुनवाई में तेजी लाने की अपील की। सूद ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो एक विशेष अभियोजक नियुक्त किया जाएगा और अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

# कोविड दिशा-निर्देशों पर अमल करते हुए कोटा के कोचिंग संस्थान एक सितंबर से खुलेंगे

**भाषा। कोटा (राजस्थान)**

**राजस्थान** सरकार द्वारा सभी स्कूलों को फिर से खोलने की मंजूरी देने के बाद कोटा में कोचिंग संस्थान एक सितंबर से खुलने जा रहे हैं। बहरहाल, कोचिंग संस्थानों ने छात्रों में कोरोना वायरस फैलने से रोकने के लिए कई सुरक्षा मानकों की घोषणा की है। यह जानकारी संस्थान के मालिकों ने दी। उन्होंने बताया कि छात्रावासों एवं मेस में बायोमेट्रिक उपस्थिति के बजाय रजिस्टर के माध्यम से उपस्थिति दर्ज होगी जिसमें बुखार जैसी बीमारी के लिए कॉलम होगा और उन्हें नियमिति चिकित्सा देखभाल की सलाह दी जाएगी और चिकित्सा टीम उनकी निगरानी करेगी। देश भर से करीब पौने दो लाख छात्र विभिन्न इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रति वर्ष कोटा आते हैं। शहर में करीब 35 से 40 बड़े कोचिंग संस्थान हैं। ए छात्र करीब तीन हजार छात्रावासों में रहते हैं और मेसाढाबों में खाना खाते हैं जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है जो कोविड-19 महामारी के कारण बुरी तरह प्रभावित है। संस्थानों का कहना है कि उन्होंने टीकाकरण सुनिश्चित किया है और कोविड-19 प्रोटोकॉल का प्राथमिकता के साथ पालन किया जाएगा। जिला के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि छात्रों के शहर पहुंचने पर उनके टीकाकरण के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं और जिन छात्रों का टीकाकरण नहीं हुआ है उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर टीका लगवाया जाएगा। कोटा के जिलाधिकारी उज्ज्वल राठौर ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा कि कोचिंग संस्थानों से कहा गया है कि छात्रों के शहर में पहुंचने पर उनकी आरटी-पीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट और टीका प्रमाण पत्र की जांच करें।



चेन्नई में आयोजित एक विशेष टीकाकरण कैम्प में कोविड की वैक्सीन लगवाती छात्रा

# जम्मू में पुलिस की मनमानी के खिलाफ एबीवीपी का प्रदर्शन

**भाषा। जम्मू**

**एबीवीपी** से जुड़े छात्रों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन जिले में एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कथित बदसलूकी के खिलाफ शनिवार को यहां दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने नौ घंटे से अधिक समय तक रामबन शहर के पास राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के एक समूह ने पुलिस और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जम्मू शहर के पनामा चौक पर मुख्य सड़क को जाम कर दिया।

अधिकारियों ने कहा कि बाद में उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए संभागीय आयुक्त, जम्मू के कार्यालय की ओर मार्च करने की कोशिश की, लेकिन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। बृहस्पतिवार की रात एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने उच्च माध्यमिक विद्यालय और जिला अस्पताल के निर्माण के लिए दी गई जमीन पर ऑक्सीजन संयंत्र लगाने के विरोध में रामबन में प्रदर्शन किया था। पूर्व विधायक नीलम कुमार लेंगा सहित रामबन के भाजपा नेताओं ने भी प्रदर्शन में भाग लिया था। एबीवीपी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा है। प्रदर्शनकारियों ने बृहस्पतिवार रात एक एबीवीपी कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर मारपीट करने और कई अन्य लोगों को हिरासत में लेने के खिलाफ शुक्रवार को जम्मू और रामबन में विरोध प्रदर्शन किया।

# अश्लील तस्वीरें, वीडियो भेजकर बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार


**भाषा। मुंबई**

**मुंबई** पुलिस ने सोशल मैसेजिंग ऐप्लीकेशन के माध्यम से अश्लील तस्वीरें और वीडियो भेजकर 10 वर्षीय बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों ने नाबालिग को अपनी नग्न तस्वीरें और वीडियो उनके साथ साझा करने के लिए भी मजबूर किया और ऐसा नहीं करने पर उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान भिवंडी निवासी सन्नी भजनलाल जनियानी (29) और अजय तुकाराम म्हात्रे (30) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना का पता बृहस्पतिवार दोपहर को उस समय चला, जब बच्ची के पिता ने मेघवाड़ी पुलिस थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कहा, बच्ची के माता-पिता ने ऑनलाइन कक्षाओं और पढ़ाई के लिए उसे एक स्मार्टफोन दिया था, लेकिन जब उसने स्नैपचैट ऐप पर अपने खाते में लॉग इन किया, तो उसे एक अज्ञात व्यक्ति से अश्लील तस्वीरें और वीडियो मिले। आरोपी ने उसे बार-बार तस्वीरें और वीडियो भेजना शुरू कर दिया और उसका नंबर अपने दोस्त को भी दे दिया। उसके दोस्त ने भी स्नैपचेट एवं व्हाट्सऐप के जरिए ऐसी ही सामग्री भेजी। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता डर गई, लेकिन उसने इस बारे में किसी को नहीं बताया। इसके बाद आरोपियों ने लड़की को अपनी नग्न तस्वीरें और वीडियो भेजने के लिए मजबूर करना शुरू कर दिया और ऐसा नहीं करने पर उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद बच्ची ने अपने माता-पिता को इस बारे में जानकारी दी। डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) दत्ता नलवाडे (डिटेक्शन -1) ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू की और तकनीकी विश्लेषण के बाद पता चला कि एक आरोपी का मोबाइल नंबर भिवंडी का था। उन्होंने कहा, इसके बाद पुलिस निरीक्षक महेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में अपराध शाखा की एक टीम भिवंडी गई और उसने एक आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ठाणे से एक अन्य आरोपी को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि यह पता चला है कि दोनों आरोपी मवेशियों के चारे की आपूर्ति का व्यवसाय करते हैं। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को मुंबई लाया गया और मेघवाड़ी पुलिस को सौंप दिया गया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# देश में कोविड-19 के 46,759 नए मामले, 509 और लोगों की मौत

**भाषा। नई दिल्ली**



**भारत** में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 46,759 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या शनिवार को बढ़कर 3,26,49,947 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या में लगातार चौथे दिन बढ़ोतरी हुई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 509 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,37,370 हो गई। देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,59,775 हो गई है, जो कुल मामलों का 1.10 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.56 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 14,876 मामलों की बढ़ोतरी हुई है। संक्रमण के दैनिक नए मामलों की संख्या लगातार 62 दिन से 50,000 से नीचे है।

आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 51,68,87,602 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 17,61,110 नमूनों की जांच शुक्रवार को की गई। दैनिक संक्रमण दर 2.66 प्रतिशत है, जो पिछले 33 दिन से तीन प्रतिशत से कम है। वहीं, साप्ताहिक संक्रमण दर 2.19 प्रतिशत है, जो पिछले 64 दिन से तीन प्रतिशत से कम है। देश में अभी तक कुल 3,18,52,802 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है।

मंत्रालय ने बताया कि शनिवार सुबह सात बजे तक की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने शुक्रवार को कोविड-19 टीके की रिकॉर्ड 1,03,35,290 खुराक लगाईं और देश में कोविड-19 रोधी टीकों की कुल 62.29 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। लोगों को ए खुराक 67,19,042 सत्रों में दी गई हैं। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार चले गए। देश में 19 दिसम्बर को ए मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे। आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से जिन 509 लोगों की मौत हुई, उनमें से केरल के 179 और महाराष्ट्र के 170 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से अभी तक कुल 4,37,370 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 1,36,900 लोग, कर्नाटक के 37,248 लोग, तमिलनाडु के 34,835 लोग, दिल्ली के 25,080 लोग, उत्तर प्रदेश के 22,796 लोग, केरल के 20,313 लोग और पश्चिम बंगाल के 18,410 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं।

## मिजोरम में कोविड-19 के 886 नए मामले आए, दैनिक संक्रमण दर 10.33 प्रतिशत रही

**आइजोल।** मिजोरम में पिछले 24 घंटों में 186 बच्चों सहित 886 और लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है, जिससे राज्य में कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 56,642 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दैनिक संक्रमण दर 10.33 प्रतिशत रही क्योंकि 8,576 नमूनों की जांच के बाद 886 नए मामले सामने आए। उन्होंने बताया कि आइजोल में सबसे ज्यादा 383, लुंगलेई में 118 और कोलासिब में 98 मामले सामने आए। 886 नए मामलों में से 112 की पुष्टि आरटी-पीसीआर जांच के माध्यम से, 739 की रैपिड एंटीजन जांच और 35 की ट्रूनेट जांच के माध्यम से की गई। अधिकारी ने बताया कि पांच रोगियों ने बाहर की यात्रा की थी, जबकि बाकी 881 स्थानीय रूप से वायरस से संक्रमित पाए गए। मिजोरम में वर्तमान में 8,100 कोविड-19 मरीजों का इलाज चल रहा है, जबकि 48,336 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं, जिनमें शुक्रवार को ठीक हुए 256 लोग शामिल हैं। राज्य में अब तक कम से कम 206 लोगों ने संक्रमण के कारण दम तोड़ा है। राज्य में अब कोविड-19 से ठीक होने की दर 85.33 प्रतिशत है और मृत्यु दर 0.36 प्रतिशत है। राज्य में अब तक कोविड-19 के लिए 8.37 लाख से अधिक नमूनों की जांच की गई है।

## चरित्र संदेह में व्यक्ति ने अपनी पत्नी के निजी अंगों की सिलाई की

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला मुख्यालय बैढ़न से लगभग 30 किलोमीटर दूर माडा थाना क्षेत्र के एक गांव में 55 वर्षीय एक नीम हकीम डॉक्टर ने चरित्र शंका में अपनी पत्नी के निजी अंगों को सील दिया। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पति की मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना से क्षुब्ध महिला ने बन्धौरा पुलिस चौकी में मामला दर्ज कराया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने बताया कि घटना 24 अगस्त को रैला गांव की है। 52 वर्षीय पीड़ित महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई की कि पेशे से झोलाछाप डॉक्टर उसके पति राम कृपाल साहू द्वारा चरित्र पर शक की वजह से उसके निजी अंगों को टांका लगाकर सीला गया है। उन्होंने बताया कि अधेड़ दंपति के बच्चे हैं और उनकी शादी हो चुकी है। महिला को तुरंत चिकित्सालय में भर्ती कराकर उसके निजी अंगों में लगे टांके कटवाए गए।

# उत्तराखंड के बेनीताल को खगोल-ग्राम बनाने के प्रयास जारी: अधिकारी

**भाषा। गोपेश्वर (उत्तराखंड)**

**चमोली** जिला प्रशासन ने कर्णप्रयाग प्रखंड के बेनीताल को खगोल-गांव के रूप में विकसित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी हिमांशु खुराना के नेतृत्व में एक टीम ने बृहस्पतिवार को बेनीताल का दौरा किया ताकि यह पता लगाया जा सके कि आगामी परियोजना में पर्यटकों के बीच रुचि पैदा करने के लिए क्या किया जा सकता है।

अधिकारियों ने कहा कि समुद्र तल से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, बेनीताल जब बड़ी दूरबीनों और नाइट-विज़न गुंबद से लैस एक खगोल-गांव बन जाएगा तो आगंतुकों को सितारों, ग्रहों और खगोलीय घटनाओं का एक आसान और नज़दीकी दृश्य प्रदान करेगा। खुराना ने कहा कि पर्यटन विभाग बेनीताल में कॉटेज, पैदल पथ, टेंट प्लेटफॉर्म, रेस्तरां और दो पार्किंग स्थल भी बना रहा है। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) ने कहा कि विभाग ने परियोजना पर कुल 5 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया है और प्रशासन को रिपोर्ट सौंपी है। विभाग ने गढ़वाल मंडल विकास निगम को बेनीताल को खगोल-गांव के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए वन भूमि के हस्तांतरण के लिए प्रारंभिक मंजूरी पहले ही प्राप्त कर ली गई है। खुराना ने विभाग को सलाह दी कि वह तुरंत सिमली से बेनीताल तक सड़क की मरम्मत शुरू करे और अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मार्ग पर साइन बोर्ड लगाए। उन्होंने कहा, बेनीताल में पहले से ही अपने मनोहर स्थान के कारण पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है। एक बार जब यह एक खगोल-गांव बन जाएगा, तो यह पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि के कारण स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा कर सकता है।

# स्वतंत्र रूप से घूमना मौलिक अधिकार

## किसी को देश में कहीं भी रहने, घूमने के अधिकार से वंचित नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

भाषा। नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि किसी व्यक्ति को देश में कहीं भी रहने या स्वतंत्र रूप से घूमने के उसके मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम की पीठ ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र के अमरावती शहर में जिला अधिकारियों द्वारा एक पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता के खिलाफ जारी जिलाबदर आदेश को रद्द करते हुए की। पीठ ने कहा, किसी व्यक्ति को देश में कहीं भी रहने या स्वतंत्र रूप से घूमने के मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। जिला बदर आदेशों में किसी व्यक्ति की कुछ स्थानों पर आवाजाही पर रोक लगाई जा सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए केवल असाधारण मामलों में ही आवाजाही पर कड़ी रोक लगानी चाहिए। अमरावती शहर पुलिस उपायुक्त जोन -। ने महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 56 (1) (ए) (बी) के तहत पत्रकार रहमत खान को अमरावती शहर या अमरावती ग्रामीण जिला में एक साल तक आवाजाही नहीं करने निर्देश दिया था। खान ने सूचना का अधिकार अधिनियम तहत आवेदन दाखिल कर जोहा एजुकेशन एंड चेरिटेबल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित प्रियदर्शनी उर्दू प्राइमरी एंड प्री-सेकेंडरी स्कूल और मद्रासी बाबा एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अल हरम इंटरनेशनल इंग्लिश स्कूल समेत विभिन्न मदरसों को प्रतिपूर्ति किए गए कोष में हुईं कथित अनियमितताओं के बारे में जानकारी मांगी थी। खान ने तर्क दिया कि उनके खिलाफ यह कार्वाई इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक धन के कथित दुरुपयोग को समाप्त करने और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्वाई शुरू करने के लिए कदम उठाया था। अपीलकर्ता ने कहा कि तेरह अक्टूबर, 2017 को, खान ने जिलाधीश और पुलिस से मदरसों की सरकारी अधिकारियों से मिलीभगत और सरकारी अनुदान के कथित दुरुपयोग की जांच करने का अनुरोध किया था। इसके बाद प्रभावित व्यक्तियों ने खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद अमरावती के गागड़े नगर संभाग के सहायक पुलिस आयुक्त के कार्यालय की ओर से तीन अप्रैल 2018 को खान के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जिसमें उन्हें बताया गया कि उनके खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 56 (1) (ए) (बी) के तहत जिला बदर कार्वाई शुरू की गई है।

### युवा वकीलों को मध्यस्थ नियुक्त करने के लिए बंबई हाईकोर्ट की सराहना की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने युवा वकीलों को मध्यस्थ नियुक्त करने को लेकर बंबई उच्च न्यायालय की सराहना करते हुए कहा कि इससे इन वकीलों को वैकल्पिक विवाद निस्तारण तंत्र में प्रशिक्षण प्रदान करने में मदद मिलती है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने सिलेंडरों की कीमत तय करने संबंधी एक मध्यस्थता विवाद पर सुनवाई के दौरान शुक्रवार को कहा कि यह अच्छा है कि दोनों पक्ष प्रक्रिया के लिए एक समान नाम पर सहमत हुए हैं। पीठ ने कहा, बंबई उच्च न्यायालय ने अब युवा जानकार वकीलों को न्यूनतम लागत पर मध्यस्थ के रूप में नियुक्त करने की परंपरा शुरू की है। ए युवा वकील उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त किया जाने को अपने लिए सम्मान की बात समझते हैं। वे मेहनत से काम करते हैं और दो-तीन बैठकों में उसे पूरा करते हैं। वे दूसरों की तुलना में शुल्क भी कम लेते हैं और वे बहुत बड़ा काम कर रहे हैं।



मथुरा में जन्माष्टमी उत्सव से पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़

## बिरला ने पैंगोंग झील का दौरा किया, संरपंचों, जवानों से बातचीत की

**पैंगोंग सो (लद्दाख)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि लद्दाख के स्थानीय लोगों और रक्षा कर्मियों के बीच अद्भुत तालमेल है जो इस क्षेत्र को पूरी तरह से सुरक्षित बनाता है। पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए संसदीय पहुंच कार्यक्रम के तहत लद्दाख क्षेत्र के तीन दिवसीय दौर पर आए बिरला ने पैंगोंग सो (झील) का दौरा किया। वह लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास दूर-दराज के इलाकों का दौरा करने वाले संभवत: पहले लोकसभा अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ और विपक्ष दोनों पक्षों के सांसदों ने पैंगोंग झील और आसपास के इलाकों का दौरा किया है और देशभर से पर्यटक इस क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। बिरला ने यहां के स्थानीय सरपंचों, पर्वतीय परिषद सदस्यों और पर्यटकों से भी बातचीत की।

## कांग्रेस बंगाल चुनाव में हारी जरूर, लेकिन मैदान नहीं छोड़ा है: अधीर

**कोलकाता।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भले ही उनकी पार्टी की हार हुई हो, लेकिन उसने न तो युद्ध का मैदान छोड़ा है और न ही हार मानी है। बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी, पार्टी की छात्र शाखा छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर कोलकाता में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, चुनावों में जीत या हार हो सकती है, लेकिन यह कार्यकर्ताओं की मानसिकता में नहीं दिखनी चाहिए। हम हार गए हैं, लेकिन न तो जंग का मैदान छोड़ा है और न ही हार मानी है। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए छात्र आंदोलन में छात्र परिषद द्वारा निभाई गई ।

# अगले हफ्ते राज्य के दौरे पर आएंगे राहुल गांधी : बघेल



भाषा। रायपुर

### रायपुर पहुंचे सीएम

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद के बंटवारे की चर्चा और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को रायपुर पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में उनके समर्थक स्वागत के लिए मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह राहुल गांधी स्वयं राज्य के दौरे पर आएंगे। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता का प्यार कांग्रेस के प्रति अटूट रहा है। कभी कम नहीं हुआ है और यह लगातार बढ़ते जा रहा है। राज्य में पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री पद के कथित ढाई-ढाई वर्ष के बंटवारे की चर्चा और इस बीच लगातार नई दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ बैठकों के बाद बघेल शनिवार को दोपहर बाद विधायकों और अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ रायपुर पहुंचे। इस दौरान हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे। रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बघेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावना तथा हमारे मंत्रियों और विधायकों की



भावनाओं का सम्मान करते हुए राहुल जी अगले सप्ताह बस्तर आएंगे। वह दो दिन यहां रूकेंगे। मध्य छत्तीसगढ़ और उत्तर छत्तीसगढ़ भी जाएंगे।लगातार वह दौरा करेंगे। छत्तीसगढ़ मॉडल को देखेंगे और यहां का जो विकास कार्य है इसे लेकर वह पूरे हिंदुस्तान में जाएंगे। बघेल ने कहा कि यहां की सरकार ने किसानों, आदिवासी, महिलाओं और युवाओं के लिए जो कार्य किया है। गरीबों के लिए जो कार्य किया है। यहां के विकास के लिए व्यापार और उद्योग जगत के लिए जो काम किया है, वह उन सारे कार्यों से रूबरू होंगे। सभी लोगों से मिलेंगे पर्याप्त समय राहुल गांधी जी देंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता का प्यार कांग्रेस के प्रति अटूट रहा है। कभी कम नहीं हुआ है और यह लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल जी से बहुत विस्तार से बात हुई। राजनीतिक चर्चा हुई। शासकीय योजनाओं को लेकर चर्चा हुई। विभिन्न वर्ग के लोगों के बारे में चर्चा हुई और अंत में मैंने उन्हें निमंत्रण दिया जिसपर उन्होंने आने की अपनी सहमति दी है। अगले सप्ताह वह आएंगे। वह यहां के सभी लोगों से मिलेंगे।

## पुलिस ने पीडीपी की युवा इकाई को बैठक करने से रोका : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को आरोप लगाया कि पुलिस ने अनंतनाग में पार्टी की युवा शाखा को बैठक की अनुमति नहीं दी और पार्टी सदस्यों के साथ मारपीट भी की। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने यह भी कहा कि केंद्र सभी कश्मीरियों को हिंसक अपराधी के रूप में पेश करके अपने कड़े रुख वाले दृष्टिकोण को सही ठहराना चाहता है।महबूबा ने ट्वीट किया, पीडीपी युवाओं को आज बिजबेहरा में सभा करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। मुफ्ती साहब की कब्र की ओर जाने वाले द्वारों को बंद करके कांटेदार तारों से अवरुद्ध कर दिया गया है। क्या जम्मू-कश्मीर पुलिस बता सकती है कि इन युवकों के साथ मारपीट क्यों की गई?

### क्विक न्यूज

## गुर्दे को ठीक करने में मदद कर सकती है हर्बल दवा नीरी-केएफटी: शोध

**नई दिल्ली।** शोधकर्ताओं की एक टीम ने दावा किया है नीरी-केएफटी नामक आयुर्वेदिक पॉली-हर्बल फॉर्मूले में न केवल दीर्घकालिक गुर्दा रोग की प्रगति को धीमा करने बल्कि इस महत्वपूर्ण अंग के कार्यात्मक मापदंडों में सामान्य स्थिति बहाल करने की भी क्षमता है। सऊदी जर्नल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज के नवीनतम संस्करण में प्रकाशित एक समीक्षा में उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि नीरी-केएफटी के फाइटो फार्माकोलॉजिकल मूल्यांकन से पता चलता है कि यह एंटीऑक्सिडेंट, नेफ्रोप्रोटेक्टिव और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी प्रभावों को बढ़ाकर गुर्दे की शिथिलता या दीर्घकालिक गुर्दा रोग (सीकेडी) रोगी में ऑक्सीडेटिव और तनाव से उत्पन्न होने वाले एपोप्टोसिस के खिलाफ पर्याप्त क्षमता प्रदर्शित करता है। नीरी-केएफटी, औषधीय पौधों से निकाली गई एक हर्बल दवा है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कम करने के लिए जाने जाने वाले ऑक्सीडेटिव के साथ-साथ सूजन के कारण होने वाले खिंचाव को ठीक करने का काम करती है। शोध लेखकों ने 2000 और 2020 के बीच प्रकाशित साइंस डायरेक्ट, गूगल स्कॉलर, एल्सेवियर, पबमेड, स्प्रिंगर, एसीएस प्रकाशन जैसे पांच से अधिक इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस में से किडनी की बीमारियों के लिए फॉर्मूलेशन से डेटा लेने के बाद यह बात कही है। एमिल फार्मा के प्रबंध निदेशक केके शर्मा ने इसके लिए हरिद्रा, वरुण, शिरीष, गोखरू, पुनर्नवा और अनंतमूल जैसी 20 से अधिक विभिन्न शक्तिशाली जड़ी-बूटियों को श्रेय दिया जो अपने नेफ्रोकरेक्टिव, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सिडेंट गुण और गुर्दे की कोशिकाओं के पुनर्योजी पुनर्जनन के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि कड़े परीक्षणों के बाद किडनी के रोगियों को राहत देने के लिए इस फॉर्मूलेशन को विकसित किया गया है।

## ग्रीन टी से बढ़ता है इम्यून

**मुंबई।** टाटा की टेटली चाय अपने अनूठे नवाचार इम्यून के लिए फायदे वाला है। एंटीऑक्सिडेंट की अच्छाइयों से भरपूर ग्रीन टी टेटली इम्यून में अब विटामिन सी भी है। विटामिन सी हमारे शरीर की रोग प्रतिरोध क्षमता को समर्थन देने में मददगार होने के लिए जाना जाता है। टेटली ग्रीन टी इम्यून में चार रोमांचक प्रकार उपलब्ध हैं।. क्लासिक, लेमन एंड हनीए जिंजर मिंट एंड लेमन और मैंगो वैरिएंट, ताकि चाय का हर घूंट तन और मन में नयी ताकत देगा। इससे जुड़े पुनीत दास ने कहा कि भारत में ग्रीन टी सेगमेंट में पहला ब्रांड है। वर्तमान महामारी के दौर में शरीर की रोग प्रतिरोध क्षमता काफी महत्वपूर्ण है, इसलिए हम अपना पूरा ध्यान वेलनेस सेगमेंट में उभरते नए ट्रेंड्स को पूरा करने पर दे रहे हैं।

# जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान राणे ने पीएम के दिशानिर्देशों का पालन नही किया : राउत

भाषा। मुंबई-नासिक



**केंद्रीय** मंत्री नारायण राणे के अहंकारी और प्रतिशोधपूर्ण रवैए ने भाजपा को बैकफुट पर ला दिया है। यह बात शनिवार को शिवसेना के सांसद संजय राउत ने कही और उन्होंने आरोप लगाया कि कोंकण के कद्दावर नेता जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। नासिक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राउत ने राणे के इस बयान पर पलटवार किया कि वह पुराने मामलों को खोद-खोदकर बाहर निकालेंगे। राउत ने कहा कि शिवसेना के पास राणे की कुंडली है और वह संदूक खोल सकती है। राउत ने कहा, राणे के अलावा महाराष्ट्र से नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री -- भारती पवार, कपिल पाटिल, भागवत कराड भी जन आशीर्वाद यात्रा के तहत विभिन्न इलाकों का दौरा कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार के कार्यों का प्रचार करने के प्रधानमंत्री मोदी के दिशानिर्देशों के बजाए राणे शिवसेना, उद्धव ठाकरे और एमवीए सरकार पर निशाना साध रहे हैं। राणे और उनकी पार्टी भाजपा को आत्ममंथन करना होगा। भाजपा को (राणे को पार्टी में शामिल करने की) गलती का जल्द अहसास होगा।

## नाम बदलकर योजनाओं को नए सिरे शुरू करने में विशेषज्ञ हैं प्रधानमंत्री: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से जन-धन योजना के सात साल पूरा होने पर इसकी सराहना किए जाने के बाद शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री पुरानी योजनाओं के नाम बदलकर उन्हें नए सिरे से शुरू करने में विशेषज्ञ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह जन-धन योजना की सातवीं वर्षगांठ नहीं है, बल्कि संप्रग सरकार के समय शुरू हुई बुनियादी बचत बैंक जमा खाता योजना का नाम बदले जाने की वर्षगांठ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री ने जन धन योजना की सातवीं वर्षगांठ पर इसकी सराहना की है। असल में यह संप्रग सरकार के समय शुरू हुई बुनियादी बचत बैंक जमा खाता योजना का नाम बदले जाने की सातवीं वर्षगांठ है। उन्होंने आरोप लगाया, (योजनाओं का) नाम बदलकर, नए सिरे से शुरू करने में क्या विशेषज्ञ हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के सात साल पूरे होने के अवसर पर शनिवार को कहा कि इस पहल ने ना सिर्फ भारत के विकास की गति को हमेशा के लिए बदल दिया है बल्कि इसने अनगिनत भारतीयों का वित्तीय समावेशन, सम्मान का जीवन और सशक्तीकरण सुनिश्चित किया है।


**PUBLIC NOTICE**

It is to be informed to Public at large that the insurance cover notes bearing following Numbers of The oriental insurance co Ltd. Has been found missing. Kindly note that Cover Note With following Numbers are invalid & hence insurance co. will not liable to pay any claim what so ever arising on from these.

MOTOR - BOOK NO 789419 SR.NO 2143002 014474801 TO 4474802 BOOK NO 789421 SR.NO 2143002014474853 TO 214300201 4474875 . MISCELLANEOUS 11996 SR.NO 21CN222404

Sd/- Rajnish Kapoor
Dev.Officer,The Oriental Insurance Co.Ltd, D.O.17 Kirti Nagar New Delhi # 9810293183

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Rajesh Jain is owner of Property bearing No. 1/424/26 area measuring 38 sq. yds. out of Khasra No. 1956/952/364, situated at Village Chandrawali, situated at Friends Colony, Industrial Area, G.T. Road, Jhilmil Illaqa Shahdara, Delhi, vide Sale Deed dated 17.03.2021, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take a Loan from Fullerton India Credit Company Ltd. if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Rajesh Jain in respect of the said property its Sale / Mortgage, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com


## हम एकजुट हैं, मामूली मतभेद हल कर लिए जाएंगे : कांग्रेस नेता भट्टल

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की पंजाब इकाई में चल रही खींचतान के बीच पार्टी की वरिष्ठ नेता राजिंदर कौर भट्टल ने कहा कि सभी एकजुट हैं और मामूली मतभेदों को हल कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह शुक्रवार को भट्टल के आवास पर आए थे और कांग्रेस नेता ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। कभी सिंह की नापसंद रहीं भट्टल के आवास का उनका दौरा तब हुआ है जब एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के करीब 55 विधायकों और आठ सांसदों से रात्रिभोज पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद भट्टल ने कहा, हम सभी एकजुट हैं। मतभेदों को हल कर लिया जाएगा।

## ममता की हत्या की धमकी देने के आरोप में कलकत्ता विवि के प्राध्यापक के खिलाफ मामला दर्ज : पुलिस

**कोलकाता।** सोशल मीडिया पर कथित तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जान से मारने की धमकी देने के लिए कलकत्ता विश्वविद्यालय के एक प्राध्यापक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पीएचडी शोधार्थी तमाल दत्ता द्वारा की गई शिकायत के आधार पर हरे स्ट्रीट पुलिस थाने ने जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक अरिंदम भट्टाचार्य के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) मुरलीधर शर्मा ने बताया कि भट्टाचार्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 505 (1बी) (जनता को डराने या चिंतित करने की मंशा), 506 (जान से मारने या गंभीर चोट पहुंचाने की धमकी) और 120बी (आपराधिक षड्यंत्र रचने) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्राध्यापक को फिलहाल हिरासत में नहीं लिया गया है। भट्टाचार्य से संपर्क करने पर उन्होंने बताया, मैंने मुख्यमंत्री के खिलाफ किसी तरह की टिप्पणी नहीं की। शिकायतकर्ता तृणमूल कांग्रेस का समर्थक है। मैं पुलिस के कदम उठाने की प्रतीक्षा कर रहा हूं और उसके बाद ही इस पर कानूनी सलाह लूंगा। फेसबुक मैसेंजर पर बातचीत के दौरान एक दोस्त ने प्राध्यापक से कहा, चुनाव से पहले आपने एक व्हाट्सऐप ग्रुप में लिखा था कि आप मुख्यमंत्री को मारना चाहते हैं।



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर का मनाली जिले के बड़ागांव के बिहाल क्षेत्र में स्वागत किया गया


**NOTICE**

**LOSS OF SHARE CERTIFICATE**

Notice is hereby given that Share Certificates bearing Folio No. NAT100019 of Dalmia Refractories Limited having 350 Shares vide Certificate No. 12681, 12694 – 12696, 15640 – 15641 and 15685 bearing Distinctive No. 514001 to 514050, 514651 to 514800, 661951 to 662050 and 664201 to 664250 respectively standing in the name of Mr. Joydeep Basu has been lost/misplaced and the advertiser have applied to the Company for issue of duplicate share certificate(s) in lieu thereof. Any person(s) who has /have claim(s) on the said shares should lodge such claim(s) with the Company's Registrars and Transfer Agents viz KFin Technologies Private Limited, Selenium Tower B, Plot Nos. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad – 500032, e-Mail einward.ris@kfintech.com, Toll-Free 1-800-309-4001 within 15 days from the date of this notice failing which the Company will proceed to issue duplicate share certificate(s) in respect of the said shares.

Date : 29-08-2021
Joydeep Basu
New Delhi

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वः सुरज पुत्र स्वः फूला निवासी ग्राम सुल्तानपुर तेहसील दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर, ने प्लाट रक्बा 252 वर्ग मी. में से अपने हिस्से का प्लाट रक्बा 63 वर्गमी. सम्बन्धित खसरा नं.–411, स्थित ग्राम सुल्तानपुर तेहसील दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर, की एक वसीयत श्री राजपाल सिंह चौहान पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी ग्राम असगरपुर जागीर तहसील दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर के पक्ष में दिनांक 31.01.2015 को सब–रजि. कार्यालय 3, नौएडा में पंजीकृत की थी। सुरज उपरोक्त की मृत्यु दिनांक 05.12.2019 को हो चुकी है, अब वसीयत के आधार पर श्री राजपाल सिंह चौहान उपरोक्त के पक्ष में दाखिल खारिज /Mutation किया जा रहा है किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सर्वसाधारण सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर नौएडा प्राधिकरण के आवासीय विभाग में अपनी आपत्ति दर्ज करायें।

राजपाल सिंह चौहान



THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I, Chandni W/o. Mohammad Salman, R/o. 8983, 1st & 2nd Floor, Naya Mohalla, Pul Bangash, Delhi-110006 have Changed my name as Sabiha Rehman for all future purposes.
PD(9062)A

**CHANGE OF RELIGION**

I, Amit Kumar S/o. Devendra Kumar, R/o. D-278, JJ Colony Jalebi Chok Madanpur Khadar, Sarita Vihar, Delhi-110076 have changed my religion from Hindu to Islam (Muslim) w.e.f.11.04.2013.
PD(9063)A

**LOST & FOUND**

मैं नेहा नवाब, पुत्री स्वर्गीय असगर अली, C-1/98, यमुना विहार, दिल्ली–110053 कि मालकिन हूँ। रास्ते में जाते समय मेरा बैग कहीं गिर गया जिसमें मेरा प्रोपर्टी के कागज, पज़ेशन लैटर, एलॉटमेंट लैटर और पज़ेशन स्लिप थी। जिस किसी को मिलें कृप्या संपर्क करें 9810427881
PD(9064)A

मैं शमा नवाब, पुत्री स्वर्गीय असगर अली, C-1/56, यमुना विहार, दिल्ली–110053 कि मालकिन हूँ। रास्ते में जाते समय मेरा बैग कहीं गिर गया जिसमें मेरा प्रोपर्टी के कागज, परपेचुअल लीज डीड, फार्म सी, फार्म डी, पज़ेशन लैटर थे। जिस किसी को मिलें कृप्या संपर्क करें 9810427881
PD(9065)A


## पालघर लिंचिंग: अदालत ने दो प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने का आदेश दिया

**ठाणे।** महाराष्ट्र की एक विशेष अदालत ने अप्रैल 2020 में पालघर जिले में दो साधुओं सहित तीन लोगों की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में दर्ज दो प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने का आदेश दिया है ताकि समय और संसाधनों की बर्बादी और विभिन्न मुकदमों से बचा जा सके। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेश गुप्ता ने अभियोजन पक्ष की ओर से दायर एक अर्जी के आधार पर 12 अगस्त को दो प्राथमिकियों को मिलाने का आदेश दिया था। शनिवार को आदेश की प्रति उपलब्ध कराई गई। न्यायहित में और समय व संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी तथा मुकदमों की बहुलता से बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की अमितभाई अनिलचंद्र शाह बनाम सीबीआई मामले में की गई टिप्पणियों के मद्देनजर सुनवाई संयुक्त रूप से करना उचित और वैध होगा।

## असम पुलिस ने भीड़ को हमले के लिए उकसाया होगा : मेघालय के डीएसपी का आरोप

**शिलॉन्ग।** मेघालय में असम के साथ लगती सीमा पर भीड़ के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए राज्य के पुलिस उपाधीक्षक फिरोज रहमान ने शनिवार को आरोप लगाया कि इलाके में परेशानी को भांपते हुए असम पुलिस लड़ाई के लिए तैयार थी, लेकिन जब उन पर हमला हुआ तो उसने मदद नहीं की और ऐसा हो सकता है कि असम पुलिस के कुछ कर्मियों ने भीड़ को हमले के लिए उकसाया हो। री-भोई जिले में तैनात रहमान को उम्लापर में हालात का जायजा लेने के लिए जिला प्रशासन ने बुधवार को वहां भेजा था। इससे एक दिन पहले स्थानीय लोगों ने असम पुलिस द्वारा लगाए एक शिविर का घेराव कर लिया था।

# मोदी ने वैज्ञानिकों को कोविड-19 रोधी टीका विकसित करने के लिए प्रेरित किया : खटीक

भाषा। जबलपुर

**केंद्रीय** मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वैज्ञानिकों और डॉक्टरों को चिकित्सा अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण भारत में कोविड-19 रोधी टीके का विकास हुआ। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री ने शनिवार को यहां पत्रकारों से कहा, यह पहली बार है कि हमें किसी वायरस से लड़ने के लिए टीके प्राप्त करने हेतु किसी अन्य देश पर निर्भर होने की आवश्यकता नहीं है।



### गोवा में 111 नए मामले आए, दो मौतें

**पणजी।** गोवा में शनिवार को कोरोना वायरस के 111 नए मामले सामने आए और दो लोगों की मौत हो गई, जबकि इस दौरान 92 मरीज स्वस्थ हुए। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नए मामले के साथ गोवा में संक्रमितों की कुल संख्या।,73,717 हो गई, मृतक संख्या 3,193 हो गई और अब तक ठीक होने वाले लोगों की संख्या।,69,572 हो गई। राज्य में अब 952 उपचाराधीन मरीज हैं। उन्होंने बताया कि 4,681 नई जांच के साथ, गोवा में अब तक जांची गईं नमूनों की कुल संख्या 11,93,853 हो गई है।

### ओडिशा में 779 नए मामले, 68 लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में कोविड-19 के 779 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,05,654 हो गई। नए संक्रमितों में 105 बच्चे हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 68 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 7,765 हो गई। अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 71,137 नमूनों में से 779 में संक्रमण की पहचान हुई और संक्रमण दर 1.09 फीसदी दर्ज की गई।


**लापता महिला की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका **नाम:** प्रेम देवी, **पत्नी:** श्री स्व. लक्ष्मण लाल, **पता:** मकान नं. 138, डबल स्टोरी कबूल नगर, शाहदरा, दिल्ली, **उम्र:** 82 साल, **कद:** 5 फीट 6 इंच, **रंग:** साँवला, **शरीर:** साधारण, **चेहरा:** लम्बा, **पहनावा:** गुलाबी रंग की साड़ी, स्वेटर व नारंगी रंग की चप्पल पहने हुए, दिनांक 16.08.2021 को थाना क्षेत्र शाहदरा से लापता हो गयी है।

इस संदर्भ में DDNo.64-A, दिनांक 18.08.2021, थाना शाहदरा में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना शाहदरा, दिल्ली
फोन: 8595833162, 7065036027
DP/549/SHD/2021

# झारखंड में रोजगार के दो लाख अवसर पैदा होंगे : सोरेन



झारखंड निवेशक सम्मेलन के दौरान संबोधित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**भाषा।** नई दिल्ली

**झारखंड के** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उद्योगपतियों से किए वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताते हुए शनिवार को कहा कि राज्य में 10,000 करोड़ रुपए का निवेश आएगा

● आएगा 10,000 करोड़ रु का निवेश

जिससे रोजगार के दो लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अवसर पैदा होंगे। झारखंड निवेशक सम्मेलन के दौरान सोरेन ने यहां झारखंड औद्योगिक और निवेश संवर्धन नीति (जेआईआईपीपी) 2021 का शुभारंभ करते हुए निवेशकों का रियायतों और सुविधाओं के साथ स्वागत किया और उनसे उनकी प्रतिबद्धताओं का पूरा करने का आग्रह किया। सोरेन ने टाटा, सेल, वेदांता और डालमिया जैसे उद्योग समूहों को संबोधित करते हुए कहा, राज्य सरकार निवेशकों के सहयोग से आगे बढ़ना चाहती है। प्रकृति ने झारखंड को जो अनंत संसाधन दिए हैं, हम उनका लाभ उठाकर विकास के पथ पर चलने की कोशिश कर रहे हैं। हम अपने वादों को पूरा करेंगे और ऐसी ही हम उद्योगपतियों से उम्मीद रखते हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से राज्य के लिए 10,000 करोड़ रुपए के निवेश की उम्मीद है, जिससे लगभग दो लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शुरू ही प्रदेश में रोजगार के अवसर पैदा करने पर काम कर रही है। झारखंड सरकार ने सभी संभावित निवेशकों से वादा किया है कि यदि वे अनुसूचित जनजाताअनुसूचित जनजाति के 35 प्रतिशत कर्मचारियों को अपने कार्यबल में शामिल करने की प्रतिबद्धता जताते हैं तो उन्हें नई जेआईआईपीपी-2021 के मौजूदा प्रावधानों के अलावा अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाएंगे। दो दिन के सम्मेलन के दौरान टाटा स्टील ने अगले तीन वर्षों में राज्य में 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। वही डालमिया समूह ने अपने सीमेंट संयंत्र का विस्तार करने, सौर ऊर्जा संयंत्र और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सार्वजानिक क्षेत्र की स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) ने भी चार हजार करोड़ रुपए का निवेश करना की प्रतिबद्धता जताई है। जबकि आधुनिक पावर ने 1,900 करोड़ रुपए के निवेश के लिए समझौता किया है और प्रेम रबड़ वर्क्स प्राइवेट लि. ने राज्य में 50 करोड़ रुपए के निवेश के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## टाटा स्टील अगले तीन साल में झारखंड में 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** घरेलू इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने अगले तीन साल के दौरान क्षमता विस्तार के लिए झारखंड में 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड औद्योगिक एवं निवेश संवर्द्धन नीति (जेआईआईपीपी) के शुभारंभ के मौके पर कंपनी ने यह प्रतिबद्धता जताई। झारखंड सरकार का लक्ष्य दो दिन के निवेशक सम्मेलन के जरिए राज्य में एक लाख करोड़ रुपए का निवेश लाने और पांच लाख रोजगार के अवसरों के सृजन का है। यह सम्मेलन शनिवार को संपन्न हुआ। टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट सेवाएं) चाणक्य चौधरी ने कहा, टाटा स्टील की योजना राज्य में अगले तीन साल में 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की है। चौधरी ने कहा कि टाटा स्टील झारखंड में 114 साल से है। यह इस्पात कंपनी का घर है। सोरेने कहा, आप झारखंड परिवार का हिस्सा हैं।

# व्यक्तिगत वाहनों के लिए नई बीएच पंजीकरण श्रृंखला, राज्यों के बीच हस्तांतरण होगा सुगम

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्यों के** बीच व्यक्तिगत वाहनों के सुगमता से हस्तांतरण के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय ने नई पंजीकरण श्रृंखला शुरू की है। मंत्रालय ने इस व्यवस्था के तहत नए पंजीकरण चिह्न भारत श्रृंखला (बीएच-सीरीज) को अधिसूचित किया है। इस व्यवस्थता के तहत वाहन मालिकों को एक राज्यासंघ शासित प्रदेश से दूसरे राज्यासंघ शासित प्रदेश में स्थानांतरित होने पर नए सिरे से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा, भारत श्रृंखला के तहत रक्षा कर्मियों, केंद्र सरकाराराज्य सरकार, केंद्रीयाराज्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी क्षेत्र की कंपनियों या संगठनों के उन कर्मचारियों को यह सुविधा स्वैच्छिक आधार पर उपलब्ध होगी, जिनके कार्यालय चार या अधिक राज्योंसंघ शासित प्रदेशों में हैं। इस योजना के तहत राज्योंसंघ शासित प्रदेशों के बीच व्यक्तिगत वाहनों की आवाजाही सुगमता से हो सकेगी। बयान में कहा गया, वाहनों के पंजीकरण के लिए आईटी आधारित समाधान इस दिशा में एक प्रयास है। एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरण पर वाहनों का पुन: पंजीकरण कराने की जरूरत होती थी, जो काफी परेशानी वाला काम होता था। बीएच श्रृंखला का पंजीकरण चिह्न ..वाईवाई बीएच इइइइएक्सएक्स होगा। वाईवाई से आशय पहले पंजीकरण के वर्ष से होगा। बीएच भारत श्रृंखला का कोड होगा। इइइइ चार अंकों की संख्या और एक्सएक्स दो अक्षर होंगे। मंत्रालय ने 26 अगस्त, 2021 को जारी अधिसूचना के जरिए नए वाहनों के पंजीकरण के लिए नया पंजीकरण चिह्न भारत श्रृंखला शुरू किया है। इस पंजीकरण चिह्न वाले वाहनों के मालिकों को दूसरे राज्य में स्थानांतरित होने पर नए सिरे से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। अधिसूचना के अनुसार बीएच-श्रृंखला के गैर-परिवहन वाहनों के पंजीकरण के समय राज्योंसंघ शासित प्रदेशों द्वारा 10 लाख रुपए तक के वाहन पर आठ प्रतिशत का मोटर वाहन कर लिया जाएगा। 10 से 20 लाख रुपए के वाहन पर यह कर 10 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से अधिक के वाहन पर 12 प्रतिशत होगा। डीजल वाहनों पर दो प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों पर दो प्रतिशत कम शुल्क लगेगा।

● 10 से 20 लाख रुपए के वाहन पर यह कर 10 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से अधिक के वाहन पर 12 प्रतिशत होगा

## वाहन डीलरशिप को डिजिटल कौशल उपलब्ध कराने के लिए हीरो मोटोकॉर्प ने एएसडीसी से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने देश में वाहनों की डीलरशिप में डिजिटल कौशल में कमी को पूरा करने और वृद्धि की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में क्षमता का निर्माण करने के लिए वाहन कौशल विकास परिषद (एएसडीसी) से हाथ मिलाया है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार भागीदार डीलरशिप के कर्मचारियों को इस समझौते के तहत प्रशिक्षित करेंगे। एएसडीसी के अध्यक्ष निकुंज सांघी ने बयान में कहा, हम हीरो मोटोकॉर्प के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। यह हमें बड़ी संख्या में युवाओं तक पहुंचने में मदद करेगी, जिन्हें कुशल बनाया जा सकता है और बाद में उन्हें उद्योग में रोजगार मिल सकता है। उन्होंने कहा कि यह भी महत्वपूर्ण है कि देश की युवा पीढ़ी जो काम कर रही है उसमें वह अपने हाथ और दिमाग के अलावा दिल भी लगाए।

# एमएमटीसी धोखाधड़ी मामले में ईडी ने आभूषण कंपनी की 363 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एमएमटीसी से कथित धोखाधड़ी से जुड़ी मनी लांड्रिंग जांच के सिलसिले में एक आभूषण कंपनी की 363 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां कुर्क की हैं। एक बयान में कहा गया है कि धन शोधन रोधक कानून के तहत एमबीएस ज्वेलर्स प्राइवेट लि., एमबीएस इम्पेक्स प्राइवेट लि., सुकेश गुप्ता, अनुराग गुप्ता, नीतू गुप्ता, वंदना गुप्ता और उनके समूह की इकाई की 45 अचल संपत्तियों को अस्थाई तौर पर कुर्क किया गया है। ईडी ने यह मामला हैदराबाद में सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की प्राथमिकी और आरोपपत्र (2014 में दाखिल किया गया) के आधार पर सुकेश गुप्ता और अन्य पर दायर किया था। यह मामला क्रेता ऋण योजना के तहत गोल्ड बुलियन की खरीद में एमएमटीसी लि. (मेटल्स एंड मिनरल्स ट्रेडिंग कॉरपोरेशन) के साथ धोखाधड़ी से संबंधित है। ईडी का आरोप है कि सुकेश गुप्ता ने एमएमटीसी, हैदराबाद के कुछ अधिकारियों के साथ साठगांठ में बिना फॉरेक्स कवर के सोना उठाया। यहां तक कि गुप्ता ने पर्याप्त गारंटी भी जमा नहीं कराई। ईडी के अनुसार, गुप्ता के बकाया की एमएमटीसी मुख्यालय में लगातार गलत जानकारी दी गई। गुप्ता की कंपनी ने अपने व्यक्तिगत लाभ में लगातार एमएमटीसी से सोना उठाया। इससे एमएमटीसी को 504.34 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। एजेंसी ने कहा कि गुप्ता ने एमएमटीसी, हैदराबाद के विभिन्न अधिकारियों से साठगांठ में अपने खाते की सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराई।

# रिलायंस के साथ सौदे पर हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ फ्यूचर रिटेल की सुप्रीम कोर्ट में अपील

**भाषा।** नई दिल्ली

**किशोर** बियानी की अगुवाई वाली कंपनी फ्यूचर रिटेल लि. (एफआरएल) ने रिलायंस रिटेल के साथ अपने 24,713 करोड़ के सौदे पर दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय ने रिलायंस रिटेल के साथ के कंपनी के सौदे पर यथास्थिति कायम रखने और सिंगापुर के आपात पंचाट के आदेश के प्रवर्तन का निर्देश दिया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में फ्यूचर रिटेल ने कहा, कंपनी ने दो फरवरी, 2021 और 18 मार्च, 2021 को सुनाए गए एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में विशेष अवकाश याचिका (एसएलपी) दायर की है। समय के साथ इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश की पीठ ने दो फरवरी को फ्यूचर रिटेल को रिलायंस रिटेल के साथ 24,713 करोड़ रुपए के सौदे में यथास्थिति कायम रखने का निर्देश दिया था। अमेरिका की ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने इस सौदे पर आपत्ति जताई थी। न्यायमूर्ति जे आर मिधा ने कहा था कि अदालत इस बात को लेकर संतुष्ट है कि अमेजन के अधिकारों के संरक्षण के लिए तत्काल अंतरिम आदेश पारित करने की जरूरत है। इसके बाद 18 मार्च को अदालत ने सिंगापुर आपात पंचाट (ईए) के फ्यूचर रिटेल को रिलायंस रिटेल को अपना कारोबार 24,713 करोड़ रुपए में बेचने के सौदे पर रोक के आदेश को उचित ठहराया था। न्यायमूर्ति जे आर मिधा ने फ्यूचर रिटेल को निर्देश दिया था कि वह रिलायंस के साथ सौदे पर आगे कोई कार्वाई नहीं करे।



ठाणे में जन्माष्टमी के अवसर पर खरीदारी करते लोग

## क्विक न्यूज

### टीकाकरण में तेजी, बुनियादी ढांचे पर खर्च से अर्थव्यवस्था पुनरोद्धार की राह पर: राजीव कुमार

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा है कि कोविड-19 की रोकथाम के लिए टीकाकरण में तेजी, मानसून में सुधार, सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे के निवेश पर जोर और निर्यात मे वृद्धि से अर्थव्यवस्था मे एक मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। कुमार ने कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमानों में कमी के बावजूद भारत दुनिया मे सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार रहेगा। उन्होंने कहा, तेजी से टीकाकरण, मानसून बेहतर रहने से कृषि उपज बेहतर रहने की संभावना, सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे के निवेश पर जोर, निर्यात जैसे क्षेत्रों ने अप्रैल-जून 2021 के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अर्थनीति से साक्षात्कार में कहा हमें वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही के दौरान उपभोग में सुधार की भी उम्मीद है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए देश के वृद्धि दर के अनुमान को पहले के 10.5 प्रतिशत से घटाकर 9.5 प्रतिशत कर दिया है, जबकि विश्वबैंक ने 2021 मे भारत की अर्थव्यवस्था के 8.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। कुमार के अनुसार कोविड की दूसरी लहर के बाद प्रतिबंधों में चरणबद्ध तरीके से छूट के बाद आर्थिक गतिविधियो ने गति पकड़ी है। सरकार ने भी स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, कृषि, बुनियादी ढांचे, एमएसएमई और निर्यात पर ध्यान केंद्रित करते हुए 6.3 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन पैकेज दिया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कुमार ने कहा कि विश्वबैंक का अनुमान है कि 2021 मे वैश्विक अर्थव्यवस्था 5.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगी।

### ब्रिटेन, यूएई के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है एफटीए वार्ता : गोयल

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित अन्य देशों के साथ भारत की मुक्त व्यापार करार (एफटीए) को लेकर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। गोयल ने कहा कि हम इन देशों के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। एफटीए के तहत दो व्यापारिक भागीदार एक-दूसरे के बीच कारोबार वाले अधिकतम उत्पादों पर सीमा शुल्क को या तो घटाते हैं या पूरी तरह समाप्त करते हैं। इसके अलावा एफटीए से सेवाओं के व्यापार के नियम सुगम होते है तथा निवेश को प्रोत्साहन मिता है। गोयल ने जेआईटीओ व्यापार महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ऐसी अर्थव्यवस्थाओं के साथ करार के लिए बातचीत कर रहा है, जहां नियमों मे पारदर्शिता है। इन देशों के साथ भारत निष्पक्ष करार की उम्मीद कर सकता है। गोयल ने कहा, एफटीए को लेकर ब्रिटेन, यूएई तथा खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के अन्य देशों कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारी बातचीत में काफी प्रगति हुई है। मंत्री ने कहा कि उनकी हाल में दिल्ली में अमेरिका के अंतरिम राजदूत अतुल केशप के साथ बातचीत हुई है। दोनों के बीच आपसी व्यापार को 500 अरब डॉलर पर पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर काम करने की सहमति बनी है।गोयल ने कहा कि चाहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हो या विदेशी मुद्रा भंडार या खाद्य भंडार और कृषि उत्पादन या विनिर्माण, सभी क्षेत्र वृद्धि की राह पर हैं।

### आधार को पैन, ईपीएफओ से जोड़ने की सुविधा में कोई रुकावट नहीं: यूआईडीएआई

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने शनिवार को कहा कि आधार को पैन, ईपीएफओ से जोड़ने की सुविधा में कोई रुकावट नही आई है और अभी सेवाएं स्थिर है। आधार को पैन और ईपीएफओ से जोड़ने में यूआईडीएआई प्रणाली में गड़बड़ी की खबरों के बीच प्राधिकरण की तरफ से यह बयान दिया गया है। खबरों के अनुसार, आधार को ईपीएफओ और पैन से जोड़ने की कुछ समयसीमा शेष रहने के बीच तकनीकी गड़बड़ी ने आधार के उपयोगकर्ताओं को असमंजस में डाल दिया था। यूआईडीएआई ने शनिवार को एक बयान जारी कर जोर देते होते कहा, सभी सेवाएं स्थिर है और ठीक तरह से काम कर रही है। आधार को पैन और ईपीएफओ से जोड़ने की सुविधा में कोई रुकावट नहीं आई है। यूआईडीएआई ने बताया पिछले सप्ताह के दौरान चरणबद्ध तरीके से प्रणाली में एक आवश्यक सुरक्षा अपडेट किया जा रहा था। इसी दौरान केवल कुछ नामांकन केंद्रो पर नामांकन और मोबाइल अपडेट सेवा सुविधा में परेशानी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। यह अपडेट होने के बाद अब एकदम ठीक तरीके से काम कर रही है। यूआईडीएआई ने कहा कि भले ही प्रणाली स्थिर हो गई है, लेकिन वह इसकी निगरानी कर रहा है, ताकि लोगों को आगे किसी तरह की असुविधा नही हो। यूआईडीएआई ने कहा, 20 अगस्त, 2021 को अपडेट प्रक्रिया शुरू होने के बाद से पिछले नौ दिनों में प्रतिदिन औसतन 5.68 लाख नामांकन के साथ 51 लाख से अधिक लोगों का नामांकन किया गया है।

### रिजर्व बैंक ने परिवारों के बीच सर्वेक्षण शुरू किया, मौद्रिक नीति में मिलती है मदद

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने परिवारो का अगले दौर का सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा की है। इसके जरिए केंद्रीय बैंक परिवारों की मुद्रास्फीति को लेकर संभावनाओं तथा उपभोक्ता के भरोसे का आकलन करता है। इससे रिजर्व बैंक को मौद्रिक नीति बनाने में मदद मिलती है। केंद्रीय बैंक नियमित आधार पर इस तरह का सर्वेक्षण करता है। रिजर्व बैंक ने परिवारों के मुद्रास्फीति की संभावनाओं (आईईएसएच) सर्वेक्षण के सितंबर, 2021 के दौर की घोषणा करते हुए कहा कि इसके तहत 18 शहरों में 6,000 परिवारों से कीमतों के उतार-चढ़ाव को लेकर संभावनाओं के बारे मे पूछा जाएगा। यह सर्वेक्षण अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, रांची और तिरुवनंतपुरम में किया जाएगा। उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण (सीसीएस) के सितंबर दौर के तहत परिवारों से सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार के परिदृश्य, कीमत स्तर तथा उनकी आय और खर्च से जुड़ी धारणाओं के बारे में पूछा जाएगा। यह सर्वेक्षण नियमित रूप से अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पटना और तिरुवनंतपुरम सहित 13 शहरों मे किया जाता है। इसमे 13 शहरों में 5,400 लोगों की राय ली जाएगी।

### सरकार ने पिछली तिथि से कर मांग छोड़ने को कंपनियों के लिए नियमों का मसौदा जारी किया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने केयर्न एनर्जी और वोडाफोन पीएलसी जैसी कंपनियों के खिलाफ पिछली तिथि से कर की मांगो को छोड़ने की दिशा मे कदम उठाते हुए शनिवार को नियमो का मसौदा जारी किया। मसौदे के अनुसार, कंपनियो को सरकार के खिलाफ सभी कानूनी मामलो को वापस लेने और साथ ही भविष्य में ऐसा कोई कदम ना उठाने से जुड़ा 'अपरिवर्तनीयै शपथपत्र देना होगा। इससे पहले सरकार ने इस महीने की शुरुआत में पूर्व तिथि से कर लगाने संबंधी कानून के प्रावधान को निरस्त करने के लिए कराधान कानून (संशोधन) अधिनियम-2021 को लागू कर दिया था। इस कानून के तहत सरकार को 50 साल पुराने मामले में भी कर लगाने का अधिकार दिया गया था। यह कानून ऐसे मामलों में कर लगाने का अधिकार देता था जिनमे विदेशो मे स्वामित्व मे बदलाव हुआ हो लेकिन कारोबारी संपत्तियां भारत मे ही स्थित हो। वर्ष 2012 के इस कानून का इस्तेमाल केयर्न एनर्जी पर 10,247 करोड़ रुपए और वोडाफोन पर 22,100 करोड़ रुपए सहित 17 कंपनियों पर कुल मिलाकर 1.10 लाख करोड़ रुपए का कर लगाने के लिए किया गया था। ऐसी मांगो को छोड़ते हुए सरकार ने कंपनियों से लिए गए 8,100 करोड़ रुपए वापस करने की बात कही है। इसका एक बड़ा हिस्सा-7,900 करोड़ रुपए - अकेले ब्रिटिश ऊर्जा कंपनी केयर्न एनर्जी के लिए देय है।

# पेज 1 का शेष

## अफगानिस्तान के...

आगे बढ़ रहा है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने अमृतसर में जलियांवाला बाग स्मारक स्थल पर विकसित कुछ संग्रहालय दीर्घाओं का भी उद्घाटन किया। लंबे समय से बेकार पड़ी और कम उपयोग वाली इमारतों का दोबारा अनुकूल इस्तेमाल सुनिश्चित करते हुए चार संग्रहालय दीर्घाएं निर्मित की गई हैं।

## अमेरिका ने...

निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा मिशन आवश्यकतानुसार लोगों को निकालना जारी रखना और 31 अगस्त तक अपने मिशन को पूरा करना है। इससे पूर्व, अमेरिका की सेंट्रल कमान के प्रवक्ता कैप्टन बिल अर्बन ने कहा, अमेरिकी सेना ने एक आईएसआईएस-के साजिशकर्ता के खिलाफ आज आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया। यह मानवरहित हवाई हमला अफगानिस्तान के नांगहर प्रांत में हुआ। शुरुआती संकेत मिले हैं कि हमने लक्षित लोगों को मार दिया है। हमारे पास किसी भी असैन्य व्यक्ति के मारे जाने की जानकारी नहीं है। इससे पहले व्हाइट हाउस ने कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन काबुल हवाई अड्डे पर हमला करने वाले आतंकवादियों को जिंदा नहीं छोड़ना चाहते। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा था, मुझे लगता है कि उन्होंने कल यह स्पष्ट कर दिया वह हमले के जिम्मेदार लोगों को जिंदा नहीं छोड़ना चाहते। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमले में मारे गए 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की प्रतिबद्धता जताई थी। बाइडन ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में कहा था, जिन्होंने यह हमला किया और साथ ही जो अमेरिका को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, उन्हें बता दूं कि हम उन्हें बख्शेंगे नहीं। हम भूलेंगे नहीं। हम तुम्हें मार गिराएंगे और तुम इसकी कीमत चुकाओगे। मैं अपने हितों और अपने लोगों की रक्षा करूंगा। इस बीच, राष्ट्रपति बाइडन की राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ने उन्हें बताया है कि काबुल में एक और आतंकवादी हमला होने की आशंका है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार, लोगों को अफगानिस्तान से निकालने के मिशन के अगले कुछ दिन अब तक का सबसे खतरनाक समय साबित होने वाला है। इस बात को राष्ट्रपति के साथ तब साझा किया गया जब उन्होंने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की थी। बैठक में क्षेत्र के शीर्ष कमांडर और राजनयिक भी शामिल हुए थे। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी वीडियो टेलीकॉन्फ्रेंस में शामिल हुईं। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, उन्होंने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को सलाह दी कि काबुल में एक और आतंकवादी हमला होने की आशंका है, लेकिन वे काबुल हवाई अड्डे पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध कर रहे हैं।

## त्योहारी सीजन...

में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। पत्र में उन्होंने कहा, संबंधित राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों को, अपने जिलों में उच्च संक्रमण दर को देखते हुए, सक्रिय रूप से रोकथाम के उपाय करने चाहिए ताकि मामलों में वृद्धि को प्रभावी ढंग से रोका जा सके और प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने कहा, संभावित वृद्धि की चेतावनी के संकेतों को जल्दी पहचानना और प्रसार को रोकने के लिए उचित उपाय करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए स्थानीय दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी, जैसा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की 25 अप्रैल और 28 जून की सलाह में उल्लेख किया गया है। गृह सचिव ने उन्हें आगामी त्योहारों के सीजन में भीड़ के जमा होने से बचने के लिए उपयुक्त उपाय करने की सलाह दी और यदि आवश्यक हो, तो ऐसी सभाओं को रोकने के लिए स्थानीय प्रतिबंध लागू करें। दिवाली और छठ समेत कई बड़े त्योहार आने वाले महीनों में मनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महामारी से निपटने के लिए नियमित रूप से कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन आवश्यक है। साथ ही कहा कि मास्क, सामाजिक दूरी बनाए रखने, जुर्माना आदि लगाने के संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से मिले साप्ताहिक आंकड़े इन्हें लागू कराने के कदमों में गिरावट को दर्शाते हैं। भल्ला ने कहा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से बीमारी के प्रसार के प्रभावी रोकथाम के लिए उनके प्रवर्तन प्रयासों को बढ़ाने का आग्रह है। भल्ला ने कहा कि देश ने टीकाकरण में महत्वपूर्ण प्रगति की है और राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपना अभियान जारी रखना चाहिए ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को टीका लगाया जा सके।

## कोवैक्सीन की...

को बीबीवी152 टीके की एक खुराक की सिफारिश की जा सकती है ताकि अधिक लोग सीमित टीका आपूर्ति का लाभ उठा सकें। भारत का पहला पहली स्वदेशी कोविड-19 रोधी टीका कोवैक्सीन, जिसका कूटनाम बीबीवी 152 है, को जनवरी में आपातकालीन उपयोग के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था। इसकी दो खुराक चार से छह सप्ताह के अंतराल के साथ दी जाती हैं। सार्स-सीओवी-2 विशिष्ट एंटीबॉडी प्रतिक्रिया को जांचने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों के साथ-साथ अग्रिम पंक्ति के कर्मियों में यह अध्ययन किया गया। इसमें एंटीबॉडी प्रतिक्रिया की तुलना उन व्यक्तियों के साथ की गई जिनमें संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई थी। अध्ययन में फरवरी से मई 2021 तक चेन्नई में टीकाकरण केंद्रों पर कोवैक्सीन प्राप्त करने वाले 114 स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं से रक्त के नमूने एकत्र किए गए थे। अध्ययन में कहा गया है, कुल मिलाकर सार्स-सीओवी-2 से पहले संक्रमित हुए उन लोगों में एंटीबॉडी की अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिली जिन्होंने बीबीवी152 की पहली खुराक ली थी और वह उन लोगों में मिली एंटीबॉडी के बराबर ही थी जिन्होंने दोनों खुराक ली थी और वे पहले इस वायरस से संक्रमित नहीं हुए थे।

## अभिषेक व...

सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि भाजपा के कुछ मंत्रियों की कोयला माफिया से मिलीभगत है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार हमसे राजनीतिक तौर पर नहीं लड़ सकती। अब वे केंद्रीय एजेंसियों का हमारे नेताओं के खिलाफ उपयोग कर रहे हैं, लेकिन मैं उन्हें बता दूं कि वे हमें डरा-धमका नहीं सकते। हम उनके खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित कोयला घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए सांसद अभिषेक बनर्जी को छह सितंबर और उनकी पत्नी रुजिरा को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत इसी तरह समन भेजकर एक सितंबर तलब किया है। अभिषेक बनर्जी लोकसभा में डायमंड हार्बर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। वह अपनी पार्टी की छात्र शाखा टीएमसी छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भाजपा हमें प्रवर्तन निदेशालय का डर दिखाएगी तो हम एजेंसी को भाजपा नेताओं के खिलाफ सबूत देंगे। भाजपा के मंत्रियों और नेताओं का एक धड़ा कोयला माफिया के साथ मिल कर काम कर रहा है। इससे पहले सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को टीएमसी से राजनीतिक तौर पर लड़ने और त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा को 2023 के विधानसभा चुनावों में हार से बचाने की चुनौती दी। अभिषेक ने कहा कि भाजपा और केंद्र को लगता है कि वे हमारे खिलाफ ईडी और सीबीआई का उपयोग करके हम पर दबाव डाल सकते हैं, लेकिन हम मजबूत होकर उभरेंगे। हम भाजपा से नहीं डरते। हम उनसे राजनीतिक तरीके से लड़ेंगे। मैं अमित शाह को हमारे खिलाफ राजनीतिक रूप से लड़ने की चुनौती देता हूं।

## बंगाल में...

किया जाएगा। इसके साथ ही इन मामलों की जांच कर रही सीबीआई टीमों को सीआरपीएफ की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। इन मामलों को सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद दर्ज किया गया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक रिपोर्ट के बाद पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद 2 मई को हिंसा के दौरान बलात्कार और हत्या जैसे गंभीर अपराधों की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी थी। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को आठ चरणों के कड़े मुकाबले के बाद फिर से चुना गया था। एक स्वतंत्र जांच की मांग करने वाली जनहित याचिकाओं पर उच्च न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की बेंच ने एक सर्वसम्मत निर्णय में सभी मामलों की जांच के लिए राज्य पुलिस अधिकारियों की एक एसआईटी के गठन का भी आदेश दिया था। गठित एसआईटी में पश्चिम बंगाल कैडर के सभी आईपीएस अधिकारी सुमन बाला साहू, सौमेन मित्रा और रणवीर कुमार शामिल होंगे। इसके अलावा पीठ सीबीआई और एसआईटी दोनों की जांच की निगरानी करने के साथ ही दोनों एजेंसियों को छह सप्ताह के भीतर अदालत को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

## सर्विस रोड...

और कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन के मामले में भारी कमी आएगी। यह सामाजिक व आर्थिक बचत लगभग 11.3 करोड़ रुपए प्रति वर्ष के बराबर है। अत: इन रैंप, सर्विस रोड, पुस्ता रोड, साइकिल ट्रैक एवं विकास कार्यों की लागत लगभग पांच वर्ष में वसूल हो जाएगी।

# तालिबान ने काबुल हवाई अड्डे को सील किया

एपी। काबुल

**तालिबान** बलों ने शनिवार को काबुल के हवाई अड्डे को बंद कर दिया है। ज्यादातर अफगान देश बाहर निकलने की उम्मीद लगाए हुए हैं और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के अधिकतर देश अफगानिस्तान में दो दशकों के बाद अपने सैनिकों को निकालकर ले गए है। अमेरिका ने 15 अगस्त को तालिबान के काबुल पर कब्जा करने के बाद से 1,00,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित रूप से निकाला है और उसे उम्मीद है कि मंगलवार की समय सीमा तक वह अपने सभी लोगों को वहां से निकाल ले। ब्रिटेन भी शनिवार को लोगों को निकालने के लिए अपनी अंतिम उड़ानों का संचालन कर रहा है। अफगानिस्तान में ब्रिटेन के राजदूत लॉरी ब्रिस्टो ने काबुल हवाई अड्डे से एक वीडियो में कहा, अब अभियान के इस चरण को बंद करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, लेकिन हम उन लोगों को नहीं भूले हैं जो अभी भी देश छोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम उनकी मदद करने के लिए हर संभव कोशिश करना जारी रखेंगे।

प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने कहा कि तालिबान बलों ने हवाई अड्डे के भीतर कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया है और वह शांतिपूर्वक नियंत्रण करने के लिए तैयार हैं क्योंकि अमेरिकी सेना बाहर निकल रही है। तालिबान ने दो दिन पहले एक आत्मघाती हमले के बाद बड़ी संख्या में लोगों को इकट्ठा होने से रोकने के लिए शनिवार को काबुल हवाई अड्डे के आसपास अतिरिक्त बलों को तैनात किया।

**● तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा जमाने के बाद देश से भागने की उम्मीद में पिछले दो हफ्तों में जिन इलाकों में लोगों की बड़ी भीड़ एकत्र हुई थी, वे अब काफी हद तक खाली थे**

अमेरिका को 31 अगस्त तक अपने सभी सैनिकों की वापसी के काम को पूरा करना है और इससे पहले यह हमला हुआ था। तालिबान ने हवाई अड्डे की ओर जाने वाली सड़कों पर अतिरिक्त जांच चौकियां बनाई है जिनमें तालिबान के वर्दीधारी लड़ाके तैनात हैं। तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा जमाने के बाद देश से भागने की उम्मीद में पिछले दो हफ्तों में जिन इलाकों में लोगों की बड़ी भीड़ एकत्र हुई थी, वे अब काफी हद तक खाली थे।हाल में काबुल हवाई अड्डे पर आत्मघाती धमाकों में अफगानिस्तान के 169 नागरिकों और 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जवाबी कार्रवाई करने का वादा किया था।

## अमेरिका ने 14 अगस्त से अब तक काबुल से लगभग 1,11,900 लोगों को निकाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 14 अगस्त से अब तक काबुल स्थित हामिद करजई हवाई अड्डे से लगभग 1,11,900 लोगों को निकाला या निकालने में सहायता की है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। काबुल हवाई अड्डे के निकट बृहस्पतिवार को हुए आत्मघाती हमले के बाद 27 अगस्त तड़के तीन बजे (ईडीटी समयानुसार) से 28 अगस्त तड़के तीन बजे (ईडीटी समयानुसार) के बीच अमेरिका ने लगभग 6,800 लोगों को निकाला। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी सेना की 32 उड़ानों (27 सी-17 विमान और पांच सी-130 विमान) से लगभग चार हजार लोगों को और सहयोगी देशों की 34 उड़ानों के जरिए 2,800 लोगों को निकाला गया। अधिकारी ने कहा कि 14 अगस्त से अमेरिका ने लगभग 1,11,900 लोगों को निकाला या निकालने में सहायता की। उन्होंने कहा कि जुलाई के अंत से अब तक अमेरिका ने लगभग 1,17,500 लोगों को स्थानांतरित किया है। इस बीच सीनेटर रोजर मार्शल के नेतृत्व में अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा के सदस्यों जिम्मी पनेटा और माइक गैलेघर ने राष्ट्रपति जो बाइडन को लिखे एक पत्र में अमेरिकी नागरिकों, अफगान विशेष आव्रजन वीजा आवेदकों और संकट का सामना कर रहे अन्य लोगों को अफगानिस्तान से निकालने का आग्रह किया है।



काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त टीम के पहुंचने के दौरान बच्चे को ट्रक से उतारने में मदद करता अमेरिकी सैनिक

# अमेरिका में मास्क को लेकर बहस अदालत कक्षों तक पहुंची

एपी। वाशिंगटन

**कोरोना वायरस** महामारी के बाद फिर से खुले स्कूलों में छात्रों को मास्क पहनकर आना चाहिए या नहीं, इस पर जारी बहस अब अदालतों तक पहुंच चुकी है। देश के कम से कम 14 राज्यों में स्कूलों में मास्क लगाए जाने अथवा इसके विरोध में याचिकाएं दाखिल की गई हैं। कुछ स्कूल के प्रशासकों को बच्चों को सुरक्षित करने के लिए राज्य के नेताओं के खिलाफ भी कानूनी लड़ाई के लिए उतरना पड़ा है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि राज्यों के पास स्थानीय स्तर पर संक्रमण को रोकने के लिए कानून लागू करने की शक्ति हैं। अमेरिका में मास्क को लेकर जारी विरोध और हिंसा के कारण यह बहस अब अदालतों तक पहुंच चुकी है। पब्लिक स्कूलों में मास्क को लेकर अलग-अलग नियम हैं। कुछ राज्यों में इसे जरूरी बनाया गया है तो कुछ में इस पर पाबंदी है। जबकि, कुछ ऐसे भी राज्य हैं जिसने इसकी जिम्मेदारी संबंधित जिलों पर छोड़ दिया है।फ्लोरिडा, टेक्सास और एरिजोना में कई स्कूलों में मास्क पहनने को जरूरी बनाने की लड़ाई अदालतों में पहुंच चुकी है और गवर्नर भी इस मामले में कूद पड़े हैं। इसी तरह उटाह, लोवा और साउथ कैरोलीना में भी याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

मिसूरी, इलिनोइस, मिशिगन, केंटुकी और मोंटाना में भी मास्क को जरूरी बनाए जाने को लेकर अदालतों में मुकदमा शुरू हो गया है। मास्क पर जारी बहस के बीच सबसे ज्यादा चिंतित बच्चों के अभिभावक हैं। अदालतों में भी अलग अलग निर्णय आए हैं। अरकंसास और अरिजोना में मास्क लगाने के समर्थकों को जीत मिली वहीं टेक्सास सुप्रीम कोर्ट ने मास्क लगाने के निर्णय पर रोक लगा दी जबकि फ्लोरिडा के एक न्यायाधीश ने नियम को मंजूरी दे दी। संघीय रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र स्कूलों में मास्क पहनने की सिफारिश की है। देश में 12 वर्ष या इससे कम उम्र के बच्चे अभी कोविड-19 रोधी टीका लेने के पात्र नहीं है।

रिपब्लिकन नेता मास्क पहने जाने के फैसले का विरोध करते हुए कह रहे हैं कि वयस्कों की तुलना में बच्चों को संक्रमण का कम खतरा है और उनके लिए दिनभर इसे पहने रहना ठीक नहीं होगा तथा अभिभावकों को फैसला करना चाहिए क्या वे अपने बच्चों को मास्क पहनाना चाहते हैं। बहरहाल, लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना वायरस से रोकथाम में मास्क एक महत्वपूर्ण कवच है और इससे बच्चों को कोई खतरा नहीं है।

# चीन-अमेरिका ने की अफगान संकट पर चर्चा

भाषा। बीजिंग

**चीन और** अमेरिका ने इस साल जनवरी में राष्ट्रपति जो बाइडेन के सत्ता में आने के बाद अपने पहले दौर की सैन्य-स्तरीय वार्ता के दौरान अफगानिस्तान में तेजी से बदल रहे हालात पर चर्चा की। मीडिया की एक खबर में ऐसा कहा गया है।

अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग के लिए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ऑफिस के उप निदेशक मेजर जनरल हुआंग जुएपिंग ने पिछले हफ्ते अपने अमेरिकी समकक्ष माइकल चेज के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत की। हांगकांग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने सैन्य अधिकारियों के हवाले से कहा है, अफगानिस्तान संकट, सबसे जरूरी मुद्दों में से एक है जिस पर चर्चा करने की आवश्यकता है...चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने (इस साल की शुरुआत में) अलास्का वार्ता में इस मुद्दे को उठाया था, लेकिन उनके अमेरिकी समकक्ष ने इसे नजरअंदाज कर दिया। बाइडन के सत्ता में आने के बाद मार्च में अमेरिका और चीन ने अलास्का में अपनी पहली उच्च स्तरीय वार्ता की, जहां वांग और शीर्ष चीनी राजनयिक यांग जिएची ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन के साथ बातचीत की। चीनी अधिकारी ने कहा, चीनी सेना ने बीजिंग में अमेरिकी दूतावास में रक्षा अताशे के माध्यम से मध्यम-स्तरीय सैन्य संवाद माध्यम बनाए रखा है, और (पिछले सप्ताह की बातचीत में) पहली बार वरिष्ठ अधिकारियों ने बातचीत फिर से शुरू की है। वांग और चीन के विदेश नीति प्रमुख यांग ने मार्च में अलास्का में अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मुलाकात की थी तब चीन ने अफगानिस्तान के बारे में खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान करने की उम्मीद की थी क्योंकि बीजिंग का मानना था कि अगर अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लिया तो स्थिति जटिल और जोखिम भरी हो जाएगी। चीनी सैन्य अधिकारी के हवाले से खबर में कहा गया है, अगर अमेरिका और चीन, अफगानिस्तान के जोखिम आकलन को लेकर बातचीत शुरू कर देते तो इससे दोनों देशों को इतना नुकसान नहीं होता। चीन ने तीन महीने पहले अपने लगभग सभी नागरिकों को निकाल लिया। चीनी अधिकारी ने कहा, चीन को इस बात की चिंता है कि चरमपंथी ताकतें,

**● बाइडन के कार्यकाल में सैन्य स्तर की पहली वार्ता**



खासकर ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट(ईटीआईएम) अफगानिस्तान में अराजकता के बीच अपनी शक्ति और प्रभाव का विस्तार करेगी, जिसे रोकने के लिए चीन, अमेरिका और अन्य देशों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। काबुल हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को इस्लामिक स्टेट के हमले में 169 अफगान नागरिकों और 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई। चीन ने काबुल धमाकों पर शोक प्रकट करते हुए शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान में सुरक्षा की स्थिति अब भी जटिल और गंभीर बनी हुई है और आतंकवादी खतरों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करने की पेशकश की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में तालिबान का नाम लिए बिना कहा, हम आशा करते हैं कि संबंधित पक्ष अफगानिस्तान में हालात को बदलना सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय करेंगे और अफगान लोगों तथा विदेशी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। चीन और अमेरिका के बीच ताइवान और दक्षिण चीन सागर समेत कई मुद्दों पर तनाव है। कोरोना वायरस के शुरुआती स्थल, तिब्बत, शिनजियांग और हांगकांग मुद्दे भी दोनों देशों के बीच गतिरोध का कारण है। शुक्रवार को चीनी रक्षा मंत्रालय ने अमेरिकी नौसेना के दो जहाजों के ताइवान खाड़ी से गुजरने को भड़काऊ कदम बताया जबकि अमेरिका ने इसे नियमित अभियान का हिस्सा करार दिया।



इटली हवाइअडडे पर अफगानिस्तान से आए लोगों का स्वगागत करते विदेश मंत्री ल्यूगी

# आरएफके के हत्यारे को बोर्ड ने बतलाया बदला हुआ इंसान, पैरोल मंजूर की

एपी। सैन डिएगो

**रॉबर्ट फ्रांसिस** कैनेडी (आरएफके) के हत्यारे को पिछले 15 वर्षों से कैलिफोर्निया का एक पैरोल बोर्ड यह कहते हुए पैरोल देने से इनकार कर रहा था कि सिरहन सिरहन ने इस हत्या को लेकर अब तक बेहद अफसोस नहीं जताया है। यह एक ऐसा अपराध था, जिसने 1968 में अमेरिका और दुनिया को दहला दिया था।शुक्रवार को दो सदस्यों वाले इस पैनल ने कहा कि वह 2016 में पैरोल की सुनवाई के बाद से अब बदला हुआ इंसान लगा। पैनल ने 77 वर्षीय कैदी के पैरोल को मंजूरी दे दी।अपने कई भाई-बहनों की इच्छा के विरुद्ध जाते हुए आरएफके के दो बेटों ने पैरोल का समर्थन किया है। अभियोजकों ने इस दोषी को जेल में रखने पर आगे बहस करने से इनकार कर दिया लेकिन अंत में गर्वनर को निर्णय लेना है कि वह जेल से बाहर आएगा या नहीं। बोर्ड का कहना है कि दोषी व्यक्ति अब समाज के लिए खतरा नहीं रह गया है

**● यह एक ऐसा अपराध था, जिसने 1968 में अमेरिका और दुनिया को दहला दिया था, शुक्रवार को दो सदस्यों वाले इस पैनल ने कहा कि वह 2016 में पैरोल की सुनवाई के बाद से अब बदला हुआ इंसान लगा**

और गुस्सा नियंत्रण कक्षाओं के साथ ही वह सुधार के कई कार्यक्रमों में शामिल रहा है।डगलस कैनेडी काफी छोटे थे जब 1968 में उनके पिता की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने पैनल से कहा कि वह सिरहन के पछतावे के आंसू से पिघल गए हैं और दोषी अगर दूसरों के लिए खतरा नहीं है तो उसे जेल से रिहा कर देना चाहिए।उन्होंने कहा, मेरा पूरा जीवन इस इंसान के डर या इसके नाम के साए में ही किसी न किसी तरह बीता है। मैं आज यह देखकर आभारी हूं कि यह इंसान क-रुणा और प्रेम के लायक है। हालांकि, कैनेडी के छह बच्चों ने गवर्नर गाविन न्यूसम से अपील की है कि वह पैरोल बोर्ड के फैसले को पलट दें और सिरहन को जेल में ही रखें। रॉबर्ट एफ कैनेडी न्यूयॉर्क से सीनेटर थे। वह राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के भाई थे, जिनकी हत्या 1963 में कर दी गई थी। आरएफके डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के लिए प्रचार कर रहे थे, तभी लॉस एंजिलिस के एम्बेसडर होटल में उनकी हत्या कर दी गई थी। सिरहन ने कहा था कि उसे गोली मारने के बारे में कुछ याद नहीं है, क्योंकि वह इससे पहले शराब पी रहा था। शुक्रवार को भी सिरहन ने हालांकि अपने इस बयान को दोहराया। उसने कहा, सीनेटर कैनेडी दुनिया की उम्मीद की किरण थे[8230]और मैंने उन सभी का नुकसान किया और यह एहसास मुझे बेहद दुख देता है।

## क्विक न्यूज

### फ्रांस ने अफगानिस्तान में निकासी अभियान समाप्त किया

पेरिस, 28 अगस्त (एपी) फ्रांस ने अफगानिस्तान से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभियान शुक्रवार को समाप्त कर दिया और काबुल हवाई अड्डे पर बनाए गए फ्रांस के अस्थाई दूतावास को भी बंद कर दिया। विदेश मंत्री ज्यां इव ली द्रिआं और रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ले ने घोषणा की कि निकासी अभियान में अफगानिस्तान से करीब तीन हजार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। एक बयान में कहा गया, काबुल में फ्रांसीसी दूतावास का दल फ्रांस लौटने से पहले अबु धाबी पहुंच गया है। इसमें कहा गया कि राजदूत डेविड मार्तिनो भी शीघ्र देश पहुंचने वाले है। फ्रांस ने अबु धाबी में एक अस्थाई केन्द्र (ट्रांजिट प्वाइंट) बनाया है, पेरिस जाने वाले विमानों को पहले वहां उतारा जाता है। राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को कहा था कि राजदूत और अन्य कर्मचारी अगले कुछ दिनों में काबुल छोड देंगे और वह उड़ान काबुल से फ्रांस की अंतिम उड़ानों में से एक होगी। उन्होने कहा कि राजदूत की नियुक्ति यथावत रहेगी लेकिन सुरक्षा कारणों से वह पेरिस से ही सेवाएं देंगे। मंत्रियों की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि फ्रांस खतरे का सामना कर रहे अफगानिस्तान के लोगों को आश्रय देने का काम 31 अगस्त के बाद भी जारी रखेगा। हम तालिबानी अधिकारियों के साथ अपने उन प्रयासो को जारी रख रहे है कि वे 31 अगस्त के बाद देश छोड़ने की इच्छा रखने वाले लोगो की निकासी में बाधा नही बनेंगे।

### काबुल में बैंकों के बाहर लोगों ने किया प्रदर्शन

**काबुल।** काबुल में बैंकों और नकदी मशीनो के बाहर सैकड़ो लोगों की कतार देखने को मिल रही है। न्यू काबुल बैंक पर शनिवार को एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों में सिविल सेवा के अधिकारी शामिल थे जो तीन से छह महीने से बकाया अपने वेतन की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बैंक तीन दिन पहले खुले थे लेकिन अभी तक कोई पैसा नही निकाल पाया है। एटीएम मशीनें काम कर रही है लेकिन एक दिन में दो सौ डॉलर से ज्यादा की निकासी नही हो पा रही है जिसके कारण लोगों की लंबी कतारें देखने को मिल रही है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था ने सूखा पड़ने की चेतावनी दी है जिससे लाखो लोगो को मानवीय सहायता की जरूरत पड़ सकती है।

### चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य से अमेरिकी जहाजों के गुजरने पर जताया विरोध

**बीजिंग।** चीन के रक्षा मंत्रालय ने चीन और ताइवान के बीच समुद्री क्षेत्र से अमेरिका के एक नौसैन्य युद्धक और तटरक्षक बल के पोत के गुजरने का शनिवार को विरोध किया। चीन, ताइवान पर अपना हक जताता है। मंत्रालय की वेबसाइट पर पोस्ट एक बयान में इस कदम को उकसावे वाला बताया गया। बयान में कहा गया कि यह दिखाता है कि अमेरिका 160 किलोमीटर तक फैले ताइवान जलडमरूमध्य में शांति, स्थिरता एवं सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बयान में कहा गया है, हम इसका कड़ा विरोध और कड़ी निंदा करते है। अमेरिकी नौसेना ने कहा कि यूएसएस किड निर्देशित मिसाइल विध्वंसक एवं तटरक्षक बल का पोत मुनरो शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र से गुजरा। ऐसे अभ्यास चीन को चेतावनी के तौर पर देखे जाते है जिसने हाल में ताइवान के समीप अभ्यास किए थे और इस द्वीप को अपने नियंत्रण में लेने के लिए जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग से इनकार नही किया था। अमेरिकी नौसेना के जापान आधारित सातवें बेड़े ने एक बयान में कहा कि पोतो का ताइवान जलडमरूमध्य से कानूनी रूप से गुजरना मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### तोक्यो ने टीकाकरण अभियान को लेकर पैदा हुए भ्रम के लिए खेद प्रकट किया

**तोक्यो।** जापान के तोक्यो सिटी हॉल ने शिबुया जिले में युवा लोगों को लक्षित टीकाकरण अभियान के बीच पैदा हुए भ्रम के लिए खेद प्रकट किया है। जापानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभियान को शनिवार को पहले आओ, पहले पाओ के बजाय आरक्षण प्रणाली में तब्दील कर दिया। 2,200 से अधिक लोगों ने वैक्सीन अपॉइंटमेंट वाउचर प्राप्त करने के केंद्र पर पहुंच गए, कुछ सुबह से लाइन में इंतजार कर रहे थे, लेकिन सिर्फ 354 लोगो को लॉटरी द्वारा टीका देने के लिए चुना गया था। 16 से 39 वर्ष की आयु वाले लोगों के लिए टीकाकरण शुक्रवार से शुरू हुआ।जापान में कोविड-19 टीकाकरण की गति बहुत धीमी है, जिसने पहले बुजुर्ग लोगों को टीका लगाने को प्राथमिकता दी है और फिर धीरे-धीरे आयु वर्ग के हिसाब से अभियान का विस्तार करना शुरू कर दिया है।

### एस्टोनिया में राष्ट्रपति पद के चुनाव में केवल एक उम्मीदवार

**हेलसिंकी।** एस्टोनिया में सोमवार को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में अब तक केवल एक उम्मीदवार ने दावेदारी पेश की है। आजादी के बाद 30 सालों में एस्टोनिया में ऐसी अभूतपूर्व स्थिति है। राष्ट्रपति केर्स्टी कलजुलैद के पांच साल का कार्यकाल 10 अक्टूबर को खत्म हो रहा है और 101 सीटों वाली संसद में सांसदों को नए राष्ट्रपति का चुनाव करना है। एस्टोनिया के राष्ट्रीय संग्रहालय के निदेशक अलर कारिस अभी तक इस पद के अकेले दावेदार है। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी पेश करने के लिए शनिवार रात तक का ही वक्त शेष है। केवल कारिस ही न्यूनतम 21 सांसदों का समर्थन हासिल कर पाए है।

# कर चोरी के मामले में चीनी अभिनेत्री पर चार करोड़ 61 लाख डॉलर का जुर्माना

भाषा। बीजिंग

**आय** के अंतर को कम करने की चीन की नई नीति के तहत मशहूर हस्तियों पर निगरानी कड़ी करने के उपायों के मद्देनजर जानी-मानी चीनी अभिनेत्री झेंग शुआंग पर कर चोरी के मामले में चार करोड़ 61 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। शंघाई म्युनिसिपल टैक्स सर्विस ने झेंग पर एक टीवी सीरीज की शूटिंग के दौरान 2019 और 2020 के बीच आय की सही जानकारी नहीं देने और कर चोरी के मामले में शुक्रवार को जुर्माना लगाया। कर अधिकारियों ने कहा कि झेंग का मामला फिल्म और टेलीविजन उद्योग में यिन और यांग अनुबंध की स्थिति का उदाहरण है। यिन और यांग अनुबंध का अर्थ है कि दो पक्षों के बीच एक ही समझौते के लिए दो दस्तावेज तैयार किए जाते हैं। असल दस्तावेज केवल दोनों पक्षों के बीच रहता है, जबकि दूसरे दस्तावेज में कम वेतन दिखाया जाता है और यही दस्तावेज कर एजेंसियों को दिया जाता है, ताकि कम कर का भुगतान करना पड़े। सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि ऐसा कहा जा रहा है कि अत्यधिक कमाई वाले मनोरंजन उद्योग के नियमन को कड़ा करने के प्रयासों के तहत झेंग पर जुर्माना लगाया गया है। नेशनल रेडियो और टेलीविजन एडमिनिस्ट्रेशन ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन सभी कार्यक्रमों का प्रसारण रोक देना चाहिए, जिनमें झेंग ने काम किया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा मौजूदा पंचवर्षीय योजना में सबकी समृद्धि के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किए जाने के बाद अमीर लोगों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। चीन सरकार ने व्यापक स्तर पर आय में असमानता, बढ़ते कर्ज के स्तर और कम होती खपत से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी, ऑनलाइन शिक्षा और रियल एस्टेट सहित अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की कई कंपनियों के खिलाफ कार्वाई की है, जिनमें अलीबाबा भी शामिल है।

# कोविड-19 की उत्पत्ति पर नहीं मिली ठोस जानकारी

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** का खुफिया समुदाय कोविड-19 की मूल उत्पत्ति पर किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने में विफल रहा और उसकी राय इस पर बंटी हुई है कि क्या यह संक्रमण चीन में किसी प्रयोगशाला से फैला या प्राकृतिक रूप से इसका प्रसार हुआ। हालांकि उसका यह मानना है कि कोविड-19 के लिए जिम्मेदार वायरस सार्स-सीओवी2 जैविक हथियार के तौर पर विकसित नहीं किया गया। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर तैयार की गई रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा कि सार्स सीओवी-2 नवंबर 2019 के आसपास संभवत: शुरुआती स्तर पर छोटे पैमाने पर फैला और पहली बार संक्रमण के मामले दिसंबर 2019 में वुहान में सामने आए।

बहरहाल कोरोना वायरस की उत्पत्ति पर खुफिया समुदाय के बीच कोई आम सहमति नहीं बनी। रिपोर्ट में खुफिया एजेंसियों का नाम नहीं दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है, इस वायरस को जैविक हथियार के तौर पर विकसित नहीं किया गया। ज्यादातर एजेंसियों का यह भी आकलन है कि सार्स-सीओवी-2 की संभवत: आनुवंशिक रूप से उत्पत्ति नहीं हुई, हालांकि दो एजेंसियों का मानना है कि इस आकलन की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं है। खुफिया समुदाय का यह भी मानना है कि चीन के अधिकारियों को कोविड-19 संक्रमण फैलने से पहले इसके बारे में जानकारी नहीं थी। इसमें कहा गया है, सभी उपलब्ध खुफिया सूचना और अन्य जानकारी का आकलन करने के बाद खुफिया समुदाय अब भी कोविड-19 की उत्पत्ति को लेकर विभाजित है। सभी एजेंसियों का आकलन है कि दो चीजें हो सकती है : किसी संक्रमित पशु से संक्रमण फैलना और प्रयोगशाला से जुड़ी घटना से संक्रमण फैलना।

**● अमेरिकी खुफिया एजेंसियां नहीं पहुंची किसी नतीजे पर, उनका मानना है कि इसे जैविक हथियार के रूप में विकसित नहीं किया गया है।**

खुफिया समुदाय के कुछ लोगों का आकलन है कि सार्स-सीओवी-2 से संक्रमण का मामला प्रयोगशाला से जुड़ी घटना का नतीजा हो सकती है जिसमें संभवत: प्रयोग, जानवरों की देखभाल या वुहान विषाणु विज्ञान संस्थान द्वारा नमूना लेना शामिल हो सकता है। इस बीच, रिपोर्ट मिलने की जानकारी देते हुए बाइडन ने एक बयान में कहा कि उनका प्रशासन इस संक्रमण की जड़ तक पहुंचने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा ताकि भविष्य में फिर से इसे होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक एहतियात अपनाए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस महामारी की उत्पत्ति की अहम जानकारी चीन में है लेकिन शुरुआत से लेकर अब तक चीन में सरकारी अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय जांचकर्ताओं और वैश्विक जन स्वास्थ्य समुदाय के सदस्यों को इसका पता लगाने से रोकने के लिए काम किया है।

बाइडन ने आरोप लगाया कि अभी तक भी चीन पारदर्शिता की अपीलों को खारिज करता रहा है और सूचना को रोकता रहा है जबकि महामारी से मरने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, दुनिया को जवाब मिलना चाहिए और मैं जवाब मिलने तक शांत नहीं बैठूंगा। जिम्मेदार देश बाकी दुनिया के प्रति इस तरह की जिम्मेदारियों से नहीं बचते। महामारियां अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की परवाह नहीं करती तथा हमें और महामारियों को रोकने के लिए यह समझना होगा कि कोविड-19 कैसे आया। मध्य चीन में महामारी का केंद्र रहे वुहान की यात्रा करने वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक दल ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि इस बीमारी के एक बाजार में बेचे गए पशुओं से फैलने की अधिक संभावना है। कुछ वैज्ञानिकों ने इस निष्कर्ष को खारिज कर दिया है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका कोविड-19 की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए चीन पर पूरी तरह सूचना साझा करने और विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ सहयोग करने के लिए दबाव डालने के वास्ते दुनियाभर के सभी साझेदारों के साथ काम करता रहेगा।

पायनियर स्वास्थ्य
नई दिल्ली, रविवार, 29 अगस्त, 2021



## कोरोना के बूस्टर टीकों से वायरस के स्वरूपों के विरुद्ध बढ़ेगी सुरक्षा

एस्ट्राजेनेका या फाइजर टीकेकी दो खुराक प्राप्त करने से अब प्रमुख डेल्टा स्वरूप (बी 16172) केकारण होने वाली बीमारी के खिलाफ उच्च स्तर की सुरक्षा मिलती है। यह सुझाव देता है कि बूस्टर खुराक की आवश्यकता नहीं है - कम से कम शुरुआत में तो नहीं। इस बात के भी सबूत उभर रहे हैं कि डेल्टा से प्राकृतिकसंक्रमण, वर्तमान में टीकों द्वारा दी जा रही सुरक्षा की तुलना में अधिकमजबूत सुरक्षा दे सकता है। यह दिखाता है कि जिन्हें पहले ही डेल्टा स्वरूप का संक्रमण हो चुका है वह फिलहाल ज्यादा सुरक्षित हैं। अतिरिक्त खुराकदेना स्वास्थ्य एवं देखभाल संरचनाओं में संक्रमण एवं प्रसार को कम करने और विशेष रूप से कमजोर लोगों को गंभीर बीमारी से बचाने के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

**DOC टॉक**



डॉ. सरोजा कोप्पला
फर्टिलिटी कंसल्टेंट,
नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी
हैदराबाद

# ज्ञान शक्ति है



नवीनतम तकनीक ने महिलाओं को अपना जीवन बदलने में मदद की है। वे यह तय कर सकती हैं कि समाज के किसी दबाव के बगैर बच्चा कब पैदा किया जाए क्योंकि उसकी बॉडी क्लॉक वो चीज नहीं है जो उनके करियर या परिवार की योजना तय करती है।

आम महिलाएं अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करती हैं, और वे शादी के बंधन में बंधने या परिवार शुरू करने का फैसला करने से पहले अपने लिए जीवन बनाना चाहती हैं। महिलाएं शादी करने या बच्चे पैदा करने जैसी अपनी पसंद निर्मित करने के लिए स्वतंत्र हैं।

जैसे ही महिला अपने करियर में एक निश्चित मुकाम हासिल कर लेती है, तो वह बच्चा पैदा करने के बारे में सोचना शुरू कर सकती है। हालांकि, कभी-कभी ऐसा होता है कि महिलाएं बच्चा पैदा करने के लिए तैयार होती हैं (पति या पत्नी के साथ या बिना) वे नियमित जांच के लिए जाती हैं और महसूस करती हैं कि उनके गर्भवती होने की संभावना कम है या वे बांझ हैं। महिलाओं के लिए सही समय पर गर्भावस्था की योजना बनाना आदर्श है लेकिन अगर वे योजना नहीं बना पा रही हैं तो उसके लिए विकल्प उपलब्ध हैं।

अब हम जो जानते हैं वह यह है कि महिलाओं में सीमित संख्या में अंडे होते हैं, और वे उनके साथ पैदा होती हैं। हालांकि, समय के साथ ये अंडे या तो खराब हो सकते हैं या किसी के जीवन में विभिन्न चिकित्सीय स्थितियों व कारकों के कारण समाप्त हो सकते हैं। यही कारण है कि डॉक्टर अब युवा महिलाओं को सलाह दे रहे हैं कि वे अपनी किशोरावस्था और 20 के दशक की शुरुआत में जांच करवाएं ताकि वे अपने प्रजनन स्वास्थ्य के संबंध में जागरुक हों और यह पता लगा सकें कि क्या उनकी अंडों से संबंधित कोई ऐसी स्वास्थ्य स्थिति तो नहीं है जो उनके अंडे की गुणवत्ता या समस्याओं को प्रभावित कर सकती है।

तकनीक इतनी उन्नत हो गई है कि महिलाएं अब अपने अंडे फ्रीज कर सकती हैं। अच्छी गुणवत्ता वाले अंडों को संरक्षित करने के लिए एग फ्रीजिंग एक शानदार तरीका हो सकता है। जिन महिलाओं में कम अंडे हो सकते हैं या कैंसर के इलाज हेतु विकिरण प्रक्रिया से गुजर रही हैं, इससे आमतौर पर उनके अंडे जमे हुए होते हैं क्योंकि विकिरण अंडे को इस तरह से नुकसान पहुंचा सकता है जहां वे पुनरूपचारित करने योग्य नहीं होंगे। इस प्रक्रिया में महिलाएं न केवल एग फ्रीजिंग में निवेश करती हैं, बल्कि वे अपनी भावनाओं में भी निवेश करती हैं। हम जानते हैं कि महिला की प्रजनन क्षमता उम्र के साथ कम हो जाती है (एक निश्चित उम्र के बाद अंडाशय में अंडों की संख्या और गुणवत्ता कम हो जाती है, और इन दिनों महिलाएं अपने सपनों को पूरा करने के लिए शादी करने में देरी कर रही हैं। किसी को एग फ्रीजिंग की प्रक्रिया के बारे में बहुत चिंतित होने की जरूरत नहीं है। यह सरल है। इसमें सिलसिलेवार हार्मोनल इंजेक्शन दिए जाते है जो 10 दिनों की अवधि में दिए जाते हैं।

जैसे ही अंडे परिपक्व अवस्था में आते हैं उसके बाद, महिला को सामान्य ऐनेस्थीसिया का एक शॉट दिया जाता है और फिर अंडों को निकाल लिया जाता है।

फिर निकाले गए अंडों को बेहद कम तापमान पर, कहीं शून्य से 190 डिग्री सेल्सियस नीचे, फ्रीज किया या जमा दिया जाता है।

जमे हुए अंडे तब तक प्रयोगशाला में सुरक्षित रहते हैं जब तक कि महिला अपने अंडों का उपयोग करने और बच्चे को गर्भ धारण करने का निर्णय नहीं लेती।

क्रायो-संरक्षण (एग फ्रीजिंग) संभावित रूप से युवा महिला पेशेवरों को उनके प्रजनन भाग्य को नियंत्रित करने में मदद कर रहा है।

अपने बारे में जानकारी और अपने शरीर के बारे में जागरूक होना एक महिला के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण चीजों में से एक हो सकता है। पहले, लोग महिलाओं को समझाने की कोशिश करते थे कि वे यह सब एक साथ नहीं कर सकतीं। एक ही समय में पति, बच्चा और कैरियर। हालांकि, नवीनतम तकनीक ने महिलाओं को हमेशा के लिए अपना जीवन बदलने में मदद की है। महिलाएं यह तय कर सकती हैं कि उन्हें समाज के किसी दबाव के बिना कब बच्चा पैदा करना है क्योंकि उनकी बॉडी क्लॉक वह चीज नहीं है जो उनके करियर या परिवार की योजना तय करती है। वह खुद तय करती है कि वह कब परिवार शुरू करना चाहती है, इस बात की चिंता किए बिना कि वह गर्भधारण करेगी या नहीं। यह ठीक ही कहा गया है कि ज्ञान शक्ति है, और हमें युवा महिलाओं को कम उम्र से ही अपने शरीर के बारे में जागरूक होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे परिवार और करियर बनाने की दिशा में सही कदम उठा सकें।



# यह जटिल है

**शालिनी सक्सेना** ने उन डॉक्टरों से बात की जो कहते हैं कि कोविड के बाद अनिद्रा, गुर्दे की चोट, हृदय संबंधी समस्याएं और खराब व्यायाम सहनशीलता जैसी जटिलताएं बढ़ रही हैं

दुनिया भर में इस महामारी को आए एक साल से अधिक का समय हो गया है। और इस समय के दौरान, जिन लोगों की जांच रिपोर्ट पाजीटिव आई और ठीक हो गए हैं, उन्होंने अब अनेक जटिलताओं से पीड़ित होने की शिकायत की हैं। यशोदा अस्पताल, हैदराबाद में सलाहकार पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ चेतन राव वड्डेपल्ली बताते हैं कि तीव्र जिगर विफलता जैसी आर्गन समस्याओं के अलावा, तीव्र आंत्र इस्किमिया व गैंग्रीन जैसी जठरांत्र संबंधी जटिलताएं तथा त्वचा की जटिलताएं जैसे रक्तस्त्रावी फफोले के साथ अंदरूनी फफोले, रक्त के थक्के और डिस्सेक्टिंग हेमटॉमस, पृथक हर्पेटिफॉर्म घाव, पेटीकियल रैश, जैसी अनेक जटिलताएं सामने आई हैं। इनमें से कुछ जटिलताएं जो ठीक होने के बाद बढ़ी हैं, उनमें शामिल हैं :

**खराब व्यायाम सहनशीलता :** यह मुख्य रूप से कोरोना वायरस के संक्रमण और कम शारीरिक गतिविधि के कारण होने वाली जटिलता है। यह फेफड़ों, हृदय, रक्त वाहिकाओं या मांसपेशियों में परिवर्तन पर वायरस के प्रभाव या क्षति के कारण हो सकता है।

**हृदय संबंधी जटिलताएं :** हाल के अध्ययनों में कोविड-19 रोगियों में हृदय गति रुकने का खतरा बढ़ गया है। तीव्र कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस), एक्यूट डप् (स्ट्रोक), डिसरिथमिया, लगातार हाइपोटेंशन, संक्रामक मायोकार्डिटिस जैसी पोस्ट-सीओवीआईडी हृदय संबंधी जटिलताओं की सूचना मिली है।

**खराब व्यायाम सहनशीलता :** यह मुख्य रूप से कोरोना वायरस के संक्रमण और कम शारीरिक गतिविधि के कारण होने वाली जटिलता है। यह फेफड़ों, हृदय, रक्त वाहिकाओं या मांसपेशियों में परिवर्तन पर वायरस के प्रभाव या क्षति के कारण हो सकता है।

**हृदय संबंधी जटिलताएं :** हाल के अध्ययनों में कोविड-19 रोगियों में हृदय गति रुकने का खतरा बढ़ गया है। तीव्र कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस), एक्यूट एमआई (स्ट्रोक), डिसरिथमिया, लगातार हाइपोटेंशन, संक्रामक मायोकार्डाईटिस जैसी कोविड- उपरांत हृदय संबंधी जटिलताओं की सूचना मिली है।

हृदय क्षति या हृदय मांसपेशियों की चोट की जटिलता कई दिनों या हफ्तों के ठीक होने के बाद भी नजर आती है। कोविड-19 के संक्रमण से शरीर के विभिन्न हिस्सों में सूजन हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप हृदय मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं, हृदय की लय असामान्य हो सकती है और यहां तक कि रक्त वाहिकाओं में रक्त के थक्के भी बन सकते हैं। मायोकार्डाईटिस या हृदय की सूजन जैसी जटिलताओं के कारण हृदय रक्त को ठीक से पंप नहीं कर पाता है, जिससे धमनियां संकुचित हो जाती हैं, जिसके कारण उच्च बीपी बढ़ जाता है, और इस तरह दिल का दौरा पड़ने की आशंका बढ़ जाती है।

> हृदय क्षति या हृदय मांसपेशियों की चोट की जटिलता कई दिनों या हफ्तों के ठीक होने के बाद भी नजर आती है। कोविड-19 के संक्रमण से शरीर के विभिन्न हिस्सों में सूजन हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप हृदय की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं, हृदय की लय असामान्य हो सकती है और यहां तक कि रक्त वाहिकाओं में रक्त के थक्के भी बन सकते हैं।

**गुर्दे की चोट या उसके फेल होने की जटिलताएं :** मूत्र में प्रोटीन का ऊंचा स्तर और असामान्य रक्त कार्य रोगियों में गुर्दे की समस्याओं की पुष्टि करता है, यहां तक कि उन लोगों में भी, जिन्हें कोविड से पहले गुर्दे की समस्या नहीं थी। उच्च रक्तचाप और मधुमेह के कोविड-19 रोगियों को कोविड-19 के बाद गुर्दे की समस्या का अधिक खतरा होता है। कुछ समस्याओं के लिए डायलिसिस की भी आवश्यकता हो सकती है। यह अंग शरीर से अतिरिक्त पानी, विषाक्त पदार्थों और अपशिष्ट उत्पादों को बाहर निकालकर शरीर के लिए एक फिल्टर के रूप में काम करता है। इस प्रकार, इसकी उचित कार्य प्रणाली एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्त के थक्के गुर्दे में छोटी रक्त वाहिकाओं को दबा सकते हैं जिससे इसको क्षति हो सकती है।

**केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की जटिलताएं :** रिपोर्ट की गई जटिलताओं में शामिल हैं, तीव्र स्ट्रोक, एन्सेफेलोपैथी, गुइलेन-बैरे सिंड्रोम, स्वाद हानि, गंध हानि, दृष्टि हानि और न्यूरोपैथी।

**एक्यूट नेक्रोटाइजिंग एन्सेफेलोपैथी :** एक्यूट नेक्रोटाइजिंग एन्सेफेलोपैथी (एएनई) एक प्रतिरक्षा मध्यस्थता वाली बीमारी है जो आमतौर पर माइकोप्लाज्मा, इन्फ्लूएंजा ए और हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस के संक्रमण के बाद देखी जाती है। हालांकि यह हाल ही में कोविड से ठीक हुए रोगियों में भी होने की सूचना मिली थी और बच्चों में इसे शायद ही कभी देखा गया हो।

बाल चिकित्सा आबादी में एमआईएस-सी के अनेक मामले सामने आ रहे हैं। चूंकि कोविड एक प्रो-इंफ्लेमेटरी स्थिति है, इसलिए हम इन जटिलताओं को केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को सीधे नुकसान पहुंचने के साथ जोड़कर देखते हैं। वायरस का सीधा आक्रमण भी एक और संभावना है। एएनई जीवन के लिए खतरनाक स्थिति है। इसमें तत्काल आईसीयू में दाखिल करने की आवश्यकता है, मस्तिष्क में असामान्यताओं को देखने के लिए एमआरआई, सीएनएस संक्रमण को रद्द करने के लिए ईईजी सबक्लिनिकल दौरे और सीएसएफविश्लेषण कराने की आवश्यकता होती है।

**संवहनी जटिलताएं :** कोविड-19 एक संक्रामक बीमारी है जो एक प्रो-इन्फ्लेमेटरी और प्रो-थ्रोम्बोटिक अवस्था की ओर ले जाती है, जिसके परिणामस्वरूप माइक्रो और मैक्रोवस्कुलर थ्रॉम्बोसिस और धमनी व वेनस या शिरापरक थ्रोम्बोटिक दोनों समस्याएं होती हैं। गंभीर कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों में से एक तिहाई को मैक्रोवस्कुलर की समस्याएं सामने आती है जिनमें शिरापरक थ्रोम्बोम्बोलिज्म, मायोकार्डियल चोट या रोधगलन और स्ट्रोक सहित थ्रोम्बोटिक जटिलताएं शामिल हैं। तीव्र पल्मोनरी थ्रोम्बोम्बोलिज्म, गहन शिरा थ्रोम्बोसिस, तीव्र अंग इस्किमिया या गैंग्रीन, मेसेन्टेरिक इस्किमिया जैसी जटिलताएँ देखी जाती हैं।

**अनिद्रा :** यह एक नींद संबंधी विकार है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है जहां व्यक्ति का निद्राचक्र प्रभावित होता है, जिससे रोगउपचार की गति धीमी पड़ जाती है। विभिन्न कारक इस स्थिति को उकसा सकते हैं जिसमें चिंता, तनाव और अकेलापन शामिल हैं। यह उन रोगियों के लिए अधिक है जो अस्पताल में भर्ती या अलगाव में हफ्तों तक अकेले रहते हैं, जिसके कारण अनिद्रा कोविड उपरांत समस्या पैदा हो जाती है।

जटिलताओं की सूची बढ़ती रहती है। ऐसी जटिलताओं से बचने के लिए सावधानी बरतते हुए संक्रमण के संपर्क में आने से बचना ही बुद्धिमानी है।

# आनंद लें शहद का



ईशी खोसला का कहना है कि ईश्वर का यह अमृत ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत है और इसके कई लाभ हैं बशर्ते कि व्यक्ति सही प्रकार का शहद चुने

शहद हमारे आहार इतिहास का आंतरिक हिस्सा रहा है। आयुर्वेद में अत्यावश्यक होने से लेकर हमारे दादा-दादी के घरों की अलमारियों की दराजों में रखे विशेष रूप से खट्टे सुपरफूड स्टेपल तक, यह मीठा इलाज था जिसने हमारे घरों में अनेक बीमारियों को ठीक किया। शहद की वास्तविक क्षमता का अभी भी एहसास होना बाकी है क्योंकि शहद के बारे में अनेक निराधार भ्रांतियां और मिथक हैं। यहां कुछ सबसे प्रचलित भ्रांतियों को खारिज करने का प्रयास किया जा रहा है।

मधुमक्खियों द्वारा उत्पन्न किया गया यह अमृत उन आवश्यक चीजों से भरपूर है जो हमारे शरीर की जरूरत है - ओलिगोसेकेराइड्स (श्रंखलाबद्ध शर्करायुक्त पौधे, ज्यादातर पेट की बीमारियों और उच्च कोलेस्ट्रॉल के स्तर के इलाज में उपयोग किए जाते हैं), बी और सी विटामिन, कैल्शियम, जस्ता, लौह, मैग्नीशियम जैसे खनिज और एंटीऑक्सीडेंट। वर्षों से किए गए कई तरह के अध्ययनों ने साबित किया है कि हमारे पूर्वजों को क्या पता था -

**मुख संबंधी स्वास्थ्य :** कुछ अध्ययनों के अनुसार, शहद मुंह में बनने वाले एसिड की मात्रा को कम करता है, जो बैक्टीरिया को डेक्सट्रान - दंत पट्टिका का एक घटक - बनाने से रोकता है। इस प्रकार बैक्टीरिया के विकास को भी रोकने में मदद करता है। दंत पट्टिका हेतु दो प्रमुख मुख संबंधी चिकित्सा उपचारों में मनुका शहद के उपयोग का अध्ययन करने से पता चला है कि शहद एकमात्र बल्कि यह कहें कि दूसरे की तुलना में काफी बेहतर उपचार था। परीक्षण के दौरान रोगियों में महत्वपूर्ण सुधार दिखाते हुए, मसूड़े की सूजन और अल्सरेशन पर भी इसके प्रभावों का अध्ययन किया गया था।

**हृदय स्वास्थ्य :** शहद फेनोलिक कम्पाऊंड्स, फ्लेवोनोइड्स और पिनोसेम्ब्रिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होता है। एंटीऑक्सिडेंट, विशेष रूप से फेनोलिक कम्पाऊंड्स और फ्लेवोनोइड्स ने विभिन्न महामारी विज्ञान अध्ययनों में हृदय रोग व स्ट्रोक के जोखिम को कम दिखाया है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि एक प्रकार का अनाज (कुट्टू) शहद धमनियों को फैलाने में मदद करके रक्त में एंटीऑक्सिडेंट की क्षमता बढ़ा सकता है, जिससे हृदय में पर्याप्त रक्त प्रवाह होता है। एंटीऑक्सिडेंट प्लेटलेट्स को रक्त के थक्के बनाने से रोकते हैं, साथ ही एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को भी रोकते हैं।

**श्वसन स्वास्थ्य :** बीमारी को ठीक करने हेतु पारंपरिक दवा के साथ-साथ गले में खराश और खांसी होने पर शहद के सुखदायक प्रभाव से लाभ मिल सकता है।

**आंत स्वास्थ्य :** आंत माइक्रोबायोटा को बेहतर बनाने में शहद का दोहरा लाभ हो सकता है जो हमारे स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा का मूल है। एक ओर यह संभावित प्रीबायोटिक्स के रूप में लाभकारी बैक्टीरिया को प्रोत्साहित करता है, हालांकि इस पर अध्ययन शुरुआती हैं, मगर इसमें निश्चित रूप से जीवाणुरोधी गुण भी हैं जो सहक्रियात्मक रूप से रोगजनकों के खिलाफ प्रोबायोटिक प्रभावकारिता को बढ़ाते हैं।

**घाव भरना :** शहद की चिपचिपाहट और हीड्रोस्कोपिक गुण घाव के ऊपर समान रूप से फैलते हैं, जिससे उपचार के लिए अनुकूल वातावरण बनता है। यह देखते हुए कि शहद में एंटीऑक्सिडेंट, जीवाणुरोधी और जलनरोधी गुण हैं, अध्ययनों से पता चला है कि इसका उपयोग तेजी से और बेहतर उपचार को बढ़ावा देने के लिए घाव की ड्रेसिंग के रूप में किया जा सकता है। यह शहद की एंटी-बैक्टीरियल क्रिया, इसकी उच्च अम्लता, ओसमोटिक प्रभाव, ऑक्सीडेंटरोधक और हाइड्रोजन पेरोक्साइड सामग्री के कारण प्रभावी है। शहद के उपयोग से गंभीर किस्म के घाव भरने में सुधार होता है, जले हुए रोगियों को दर्द से राहत मिलती है और ऐसे रोगियों में सूजन प्रतिक्रिया में कमी आती है।

**- लेखिका क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट के रूप में प्रेक्टिस करती हैं।**

## कोविड केयर

### कॉफी

यह पेय - गर्म या ठंडा - दुनिया भर में अधिकांश लोगों द्वारा पिया जाता है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि इसमें उच्च स्तर का एंटी-ऑक्सीडेंट होता है और इसमें कई पोषक तत्व होते हैं।



थकान महसूस होने पर लोग कॉफी पीते हैं तो इसका एक कारण है। इसमें कैफीन नामक उत्प्रेरक पदार्थ होता है - जो दुनिया में सबसे अधिक सेवन किया जाने वाला साइकोएक्टिव पदार्थ है। कॉफी पीने के बाद, कैफीन आपके रक्त प्रवाह में घुलमिल जाता है। वहां से, यह आपके मस्तिष्क की यात्रा करता है। मस्तिष्क में, कैफीन न्यूरोट्रांसमीटर एडेनोसाइन अवरोधक को अवरुद्ध करता है।

वसा जलाने का उपाय खोज रहे हैं? कैफीन लगभग हर व्यवसायिक वसानाशक सप्लीमेंट में पाया जाता है। काफी वसा जलाने में सहायता करने वाले कुछ प्रामाणिक प्राकृतिक पदार्थों में से एक है।

अध्ययनों से पता चला है कि कॉफी पीने वालों की अकाल मृत्यु का समग्र संभावना काफी न पीने वाले लोगों की तुलना में 25 प्रतिशत कम है, पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर की संभावना 20 प्रतिशत और महिलाओं में एंडोमेट्रियल कैंसर की संभावना 25 प्रतिशत कम होती है।

# ज्यादा मत सोचें

हर समय सोचना थका देने वाला होता है। **डॉ. ज्योति कपूर** कहती हैं, सचेत रूप से आराम करना और ध्यान का अभ्यास करना महत्वपूर्ण है

सोचना चेतन मस्तिष्क के प्राथमिक कार्यों में से एक है और यह प्रक्रिया अपने आप चलती रहती है जब तक कि हम विचारों को बनने से रोकने पर ध्यान केंद्रित नहीं करते हैं। दूसरी ओर अतिचिंतन की शिकायत तब होती है जब कोई व्यक्ति किसी चीज पर लगातार मनन कर रहा हो और परिदृश्यों का निर्माण कर रहा हो।

अधिकांश लोगों को लगता है कि वे हर समय सोचने, अनुभवों का विश्लेषण और वर्गीकरण करने, उनकी व्याख्या करने और उन्हें प्रक्षेपित करने और उसी या वैकल्पिक अनुमानों को बार बार ध्यान में लाने के कारण थक गए हैं।

इसे जुनूनी अफवाह कहा जाता है और यह खास तौर पर बेचैन लोगों में प्रमुख है। इसके दुष्परिणाम एकाग्रता की कमी से लेकर वर्तमान का आनंद न ले पाने तक हो सकते हैं और यह अक्सर चिंता और मनोदशा संबंधी विकारों से जुड़े होती है।

इसके कारण काम के प्रदर्शन में गिरावट आती है, पारस्परिक संबंध प्रभावित होते हैं और उत्पादकता कम हो जाती है।

इसीलिए, मन को स्थिर करने के लिए विश्राम और मध्यस्थता प्रक्रियाओं की सिफारिश की जाती है। लेकिन यह कहना आसान है, करना कठिन। इस समस्या से ग्रस्त लोगों को इसकी इतनी आदत होती है कि किसी भी परिदृश्य में चिंतन-मनन व आंकलन की प्रक्रियाएं अपने आप शुरू हो जाती हैं और कई बार लोगों को पता ही नहीं चलता कि कोई और तरीका है या नहीं। इसलिए हमें पेशेवर मदद लेना उचित है क्योंकि शैलियां बदलने में समय लगता है और थका हुआ दिमाग अधीर और आवेगी भी होता है।

सबसे पहले समस्या को स्वीकार करने और सचेत रूप से बदलने का फैसला करने की जरूरत है। यह धूम्रपान या शराब पीने जैसी आदत को बदलने का वादा करने जैसा है।

अगला कदम योजना तैयार करना है, मसलन, जैसे ही किसी को पता चलता है कि वह किसी विचार या परिदृश्य में उलझ गया है, उसे अपने आपको बताने की जरूरत है कि ठहरो। ऐसा करने के लिए अनेक प्रयास करने होंगे, इसलिए धैर्य और निरंतरता इसकी कुंजी हैं।

व्यक्ति किसी मित्र या परिवार के सदस्य की भी मदद ले सकता है, उनसे अपना ध्यान भटकाने में मदद करने या किसी ऐसी रचनात्मक गतिविधि में शामिल होने के लिए कह सकता है, जो वह पसंद करता है। शारीरिक व्यायाम, नृत्य, संगीत और कला भी मदद करते हैं। काम पर भी, अगर किसी को लगता है कि वह करने के बजाय, क्या और कैसे करने पर लगातार सोच रहा है, तो बेहतर है वह विचारों को एक बार लिख ले और फिर उन्हें एक तरफ रख दे,खुद को यह बताते हुए कि कोई नया परिदृश्य सामने आता है तो इस प्रक्रिया में दुबारा जाऊंगा। प्रक्रिया के परिणामों से खुद को अलग करना भगवतगीता का सदियों पुराना ज्ञान है जो इस अभ्यास के सार का काम करता है। कार्यों पर ध्यान दें न कि ईनामों पर, और यदि व्यक्ति ऐसा करने में सक्षम है, तो ईनाम अपने आप मिल जाएगा।

**- लेखिका वरिष्ठ मनोचिकित्सक और मनस्थली की संस्थापक और निदेशक हैं।**

## दादी का कहना

*कोविड-19 ने हमें घर से काम करने के लिए मजबूर कर दिया है जिसका मतलब है कि लैपटॉप के सामने घंटों बिताना आंखों में खिंचाव पैदा करता है। रोशनी देवी ने शेयर किए टिप्स जो मदद कर सकते हैं*



अब जबकि हम में से अधिकांश लोग घर से काम कर रहे हैं, इसका मतलब है कि हम अपने लैपटॉप के सामने बैठने और काम करने में अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। ऐसे कई लोग हैं जो दिन में 12-14 घंटे काम कर रहे हैं। इससे आंखों में खिंचाव, खुजली और यहां तक कि दर्द जैसी कई समस्याएं होने लगी हैं। यहां कुछ उपाय बताए जा रहे हैं जो उन्हें शांत करने के लिए कर सकते हैं।



- हाइड्रेटेड रहने के लिए खूब पानी पिएं।
- सुनिश्चित करें कि आप सात-आठ घंटे की नींद लेते हैं।
- हर 20 मिनट में एक ब्रेक लें, कंप्यूटर स्क्रीन से अपनी आंखें हटा लें और कम से कम 20 सेकंड के लिए किसी अन्य वस्तु पर ध्यान केंद्रित करें।
- कम से कम दो कप ग्रीन टी पीएं। यह रेटिना और लेंस को होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करती है।

लाल जामुन, कीवी, लाल और हरी शिमला मिर्च, टमाटर, ब्रोकली, पालक और अमरूद, अंगूर और संतरे से बने जूस का सेवन करें। इनमें विटामिन सी होता है और आंखों को स्वस्थ रखता है।

अगर आप मांसाहारी हैं तो मछली का सेवन करें। मछली ओमेगा -3 फैटी एसिड के समृद्ध स्रोत है।

जिन मछलियों में ओमेगा -3 का सर्वाधिक फायदेमंद स्तर पाया जाता है, वे हैं : टूना, साल्मन और सार्डिन।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 29 अगस्त, 2021



# तीसरी लहर की आहट



**इस बात को लेकर काफी अनिश्चितता व्याप्त है कि कोविड 19 की तीसरी लहर भारत पर कब आघात कर देगी। वर्तमान में किए जा रहे दावों के बीच डब्ल्यू एच ओ के प्रमुख वैज्ञानिकों का मानना है कि भारत संत्रस्त स्थिति में पहुंच रहा है। भविष्य के बारे में जानकारी करने के उद्देश्य से मुसबा हाशमी ने विशेषज्ञों से बातचीत की।**

तीसरी लहर आसन्न है, एक विशेषज्ञ ने कहा। हम स्थानिकता हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं, दूसरे ने कहा। प्रख्यात विशेषज्ञों और डॉक्टरों द्वारा किए गए ऐसे कई दावे और धारणाएं हैं।

हालांकि, तथ्य यह है कि कोई भी अभी तक वायरस की प्रकृति को पूरी तरह से समझ नहीं पाया है, यही वजह है कि कई डॉक्टरों का मानना है कि ठोस निष्कर्ष निकालने में हमें कम से कम एक और साल लग जाएगा।

दुनिया भर के वैज्ञानिक प्रयास कर रहे हैं। वे कुछ जीतने वाली लकीरों के साथ वायरस के विकास और उसके म्यूटेंट का पीछा कर रहे हैं। लेकिन एक कभी न खत्म होने वाली महामारी के काले बादलों में एक चांदी की परत यह है कि देश एक स्थानिक अवस्था में प्रवेश कर सकता है।

डॉ एचके महाजन, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, वसंत कुंज, आपको बताते हैं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुख्य वैज्ञानिक डॉ सौम्या स्वामीनाथन के अनुसार, भारत एक स्थानिक अवस्था में प्रवेश कर रहा है। ''इससे पता चलता है कि एक आबादी ने वायरस के साथ जीना सीख लिया है। संचरण का निम्न या मध्यम स्तर चल रहा है। महामारी या महामारी जैसी कोई चोटी या घातीय वृद्धि नहीं है'' वे कहते हैं।

उच्च मामले, वे बताते हैं, वहां होते हैं जहां प्रतिरक्षा कम होती है, लोगों को टीका नहीं लगाया जाता है या पिछली लहरों में संक्रमित नहीं होता है।

हालांकि, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के विशेषज्ञों के अनुसार, एक तीसरी लहर आसन्न है और सितंबर और अक्टूबर के बीच किसी भी समय देश में दस्तक दे सकती है। ''यह इतना गंभीर नहीं होगा, लेकिन बाल चिकित्सा के मामले अधिक होंगे, हालांकि किसी भी वैज्ञानिक साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है। इस मामले में, हमें संक्रमित होने वाले बच्चों से निपटने के लिए पीडियाट्रिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर, आईसीयू वार्ड और डॉक्टरों और प्रशिक्षित नर्सों की आवश्यकता है'', महाजन कहते हैं।

यदि आंकड़े कुछ भी देखें, तो उनका सुझाव है कि देश में एक लाख से पांच लाख के बीच के मामले एक दिन में कहीं भी दिखाई देंगे।


''एनआईडीएम ने तीन परिदृश्यों की भविष्यवाणी की है। एक, तीसरी लहर अक्टूबर में चरम पर हो सकती है। प्रतिदिन दो, तीन लाख मामले। तीसरा, यदि अधिक विषाणुजनित रूप सामने आते हैं, तो यह सितंबर में प्रति दिन पांच लाख मामलों के साथ चरम पर पहुंच सकता है। चार, यह अक्टूबर के अंत में प्रति दिन दो लाख मामलों के साथ चरम पर पहुंच सकता है'',महाजन कहते हैं।

उनका कहना है कि ये सभी मॉडल गणना पर आधारित हैं और मूल रूप से महामारी की गतिशीलता का अनुमान लगाने के लिए पूर्वानुमान लगाने और भविष्यवाणियां करने के लिए हैं। ''कितने मामले, वायरलेंसी, रुग्णता और रुग्णता के रुझान गणितीय मॉडल के आधार पर प्रदर्शित किए जाएंगे। भारत में, ये ज्यादातर आईआईटी कानपुर और आईआईटी हैदराबाद के विशेषज्ञ करते हैं। वे कई चेतावनियों से सुराग लेते हैं जो एक आसन्न तीसरी लहर का संकेत देते हैं, उन्हें समझते हैं और इसके लिए तैयारी करते हैं'', महाजन बताते हैं।

उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के संस्थापक और निदेशक डॉ शुचिन बजाज, महाजन से सहमत हैं और कहते हैं कि उच्चतम शून्य सकारात्मकता दर और उत्तरोत्तर बढ़ती वैक्सीन कवरेज के साथ, ऐसा प्रतीत होता है कि भारत वायरस के एक स्थानिक चरण की ओर बढ़ रहा है। ''केरल, जो बहुत अधिक संख्या देख रहा है, वर्तमान में कम शून्य सकारात्मकता दर के कारण तीसरी लहर से पीड़ित है, जो देश के उत्तरी भाग में लगभग 70 प्रतिशत की तुलना में 40 प्रतिशत से कम है। इसलिए, बढ़े हुए टीकाकरण कवरेज के साथ, हम पहले से ही एक दिन में लगभग 50 लाख टीके लगा रहे हैं और हम उम्मीद कर रहे हैं कि हम वर्ष के अंत तक पूर्ण टीकाकरण के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रति दिन लगभग एक करोड़ टीके लगाएंगे। हमें उम्मीद है कि अगर अगली लहर आती है, तो वह ब्रिटिश तीसरी लहर की तरह होगी, जिसकी बढ़ी हुई संख्या के बावजूद, अस्पताल में भर्ती होने की दर बहुत कम थी और मृत्यु दर बहुत कम थी'',बजाज कहते हैं।

हालांकि, आकाश हेल्थकेयर, द्वारका के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ अक्षय बुधराजा का कहना है कि अगर हम आंकड़ों पर जाएं, तो तीसरी लहर नहीं आएगी। ''यह कहने के बाद, कोई भी आँकड़े या विश्लेषण इस संदेह को पूर्ण निश्चितता के साथ दूर नहीं कर सकते, केवल समय ही करेगा। वायरस उत्परिवर्तित हो रहा है और हमें यकीन नहीं है कि टीकाकरण या कोविड संक्रमण के बाद प्रतिरक्षा कितने समय तक चलती है। हम यह भी नहीं जानते कि आने वाले समय में नए उत्परिवर्ती उपभेदों के लिए टीका कितना प्रभावी होगा। इसलिए, किसी भी स्थिति में हमें इस अनिश्चितता के समय में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना जारी रखना चाहिए, जब तक कि हम हर्ड इम्युनिटी हासिल नहीं कर लेते, जो अब दूर नहीं है। यह आठ-दस महीने की बात है'', बुधराजा कहते हैं।

वह कहते हैं कि हम मामलों की संख्या में वृद्धि देख सकते हैं लेकिन मृत्यु दर दूसरी लहर की तरह नहीं बढ़ेगी। उन्होंने कहा, ''अगर कोई तीसरी लहर हमसे टकराती है, तो हम निश्चित रूप से पहले से ज्यादा मजबूत होकर उभरेंगे। साधारण कारण यह है कि अधिक लोग प्रतिरक्षित होंगे। यही कारण है कि वर्तमान में मामलों की संख्या घट रही है'', वो कहते हैं।



भविष्य उज्ज्वल दिखता है। हमारे पास अभी बहुत सारे वैक्सीन विकल्प हैं और टीकाकरण दर में तेजी आई है। ''सभी उपलब्ध टीके प्रभावी और सुरक्षित हैं। हमने वायरस की प्रकृति को समझ लिया है। किसी भी अन्य वायरस की तरह, यह उत्परिवर्तित हो रहा है, लेकिन तेज गति से। इसका एकमात्र समाधान टीकाकरण दर में वृद्धि करना है, इसके बाद यदि आवश्यक हो तो वार्षिक बूस्टर खुराक देना है। इसे केवल हर्ड इम्युनिटी ही खत्म कर सकती है। तब तक आने वाली लहरों को लेकर अनिश्चितता बनी रहेगी। यह एक श्वसन वायरस है, आप इसे पूरी तरह खत्म नहीं कर सकते। यह आने वाले जीवन के लिए यहीं रहेगा। लेकिन आप निश्चित रूप से इससे होने वाली बीमारी को मिटा सकते हैं'', बुधराजा बताते हैं।

बजाज का भी मानना है कि एक बार तीसरी लहर आने के बाद हम और अधिक मजबूत होकर उभरेंगे क्योंकि हम बहुत अधिक तैयार हैं। ''हमने अपने आईसीयू के साथ-साथ अस्पताल के बुनियादी ढांचे को विकसित किया है, जिसमें ऑक्सीजन की आपूर्ति भी शामिल है। और मुझे लगता है कि यह महामारी से छिपा हुआ आशीर्वाद है क्योंकि अब हम अपने स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो अन्य बीमारियों से लड़ने के लिए लंबी अवधि में हमारी अच्छी सेवा करेगा'', बजाज कहते हैं।

भविष्य, वे कहते हैं, वही भाग्य रखता है जैसा कि स्पेनिश फ्लू के साथ था। ''वर्तमान फ्लू वायरस स्पष्ट रूप से स्पैनिश फ्लू वायरस का उत्परिवर्तन है जो लगभग 100 साल पहले हुआ था, और फिर समुदाय में स्थानिक हो गया और अब जोखिम वाले लोगों के लिए लगभग वार्षिक टीकाकरण और बूस्टर शॉट्स की आवश्यकता है। तो, यह कोविड वायरस भी एक ऐसे वायरस में बदल जाएगा जो समुदाय के लिए स्थानिक है और हमेशा उन सदस्यों के लिए एक जोखिम होगा जो उच्च जोखिम वाले हैं जैसे कि प्रतिरक्षाविज्ञानी बुजुर्ग, या बहुत युवा, और बाकी समुदाय धीरे-धीरे इसके प्रति प्रतिरक्षित हो जाएगा'', बजाज का कहना है।

लेकिन उच्च जोखिम वाले समुदाय के सदस्यों, वे कहते हैं, निश्चित रूप से वार्षिक बूस्टर की आवश्यकता होगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे पीड़ित न हों। यह वायरस सामान्य फ्लू वायरस की जगह लेगा जो अभी प्रचलित है।

''इसलिए हम कई वायरस से नहीं लड़ेंगे। लेकिन यह प्रमुख वायरस होगा जो हमारे समुदाय के साथ तब तक रहेगा जब तक भगवान न करे कि अगली महामारी आ जाए'',बजाज कहते हैं।

लेकिन ऐसा होने के लिए, टीकाकरण अभियान को बूस्टर खुराक की भी आवश्यकता है। ''केवल 7.6 प्रतिशत, यानी 10.4 करोड़, लोगों को पूरी तरह से टीका लगाया गया है। इस दर में काफी वृद्धि की जानी है। अन्यथा मामले बढ़ेंगे और इसके लिए स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। यह अभी भी समझौता और कमी है। हमें बच्चों के टीकाकरण में भी तेजी लानी होगी और कोविड उपयुक्त व्यवहार और विवेकपूर्ण लॉकडाउन का पालन करना होगा'', महाजन कहते हैं।

डॉ विनीता सिंह टंडन, सलाहकार, आंतरिक चिकित्सा, पीएसआरआई अस्पताल, नई दिल्ली, का कहना है कि विभिन्न अनुमानों के साथ, जो सच हो सकता है या नहीं, हमें एक मजबूत स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की आवश्यकता है जो इस तरह के केसलोड को पकड़ सके। संख्या बढ़ने की स्थिति में हमें स्थानीय लॉकडाउन की आवश्यकता होगी और इसे अधिकारियों द्वारा सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है।

''भयभीत करने का तरीका अच्छे से ज्यादा काम करता है। थर्ड-वेव काफी हद तक कई कारकों पर निर्भर करती है जैसे कि लोग कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन नहीं कर रहे हैं, टीकाकरण में लापरवाही और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में लोग। टीकाकरण में आशा है और हमें इस संख्या को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। सभी संकेतों से, तीसरी लहर (यदि होती है) दूसरी लहर की तरह विनाशकारी नहीं होनी चाहिए'', सिंह कहते हैं। भविष्य के वादे और सभी खातों द्वारा टीकाकरण हमें इस वायरस से सुरक्षा प्रदान करेगा। यह हमारे बीच रहेगा लेकिन इसकी गंभीरता को कम करेगा, वह आगे कहती हैं।

आशा की किरण, महाजन कहती हैं कि 2022 के अंत तक हम पूरी दुनिया में 70 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल कर लेंगे और फिर देश वापस सामान्य हो सकते हैं। ''टीकाकरण झुंड प्रतिरक्षा प्राप्त करने की कुंजी है और इसलिए अंतिम सुरक्षा है'', उन्होंने निष्कर्ष निकाला।

> “ तीसरी लहर नहीं आएगी। ''यह कहने के बाद, कोई भी आँकड़े या विश्लेषण इस संदेह को पूर्ण निश्चितता के साथ दूर नहीं कर सकते, केवल समय ही करेगा। वायरस उत्परिवर्तित हो रहा है और हमें यकीन नहीं है कि टीकाकरण या कोविड संक्रमण के बाद प्रतिरक्षा कितने समय तक चलती है। हम यह भी नहीं जानते कि आने वाले समय में नए उत्परिवर्ती उपभेदों के लिए टीका कितना प्रभावी होगा। इसलिए, किसी भी स्थिति में हमें इस अनिश्चितता के समय में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना जारी रखना चाहिए, जब तक कि हम हर्ड इम्युनिटी हासिल नहीं कर लेते, जो अब दूर नहीं है। ”
>
> **डॉ. अक्षय बुधराजा, पल्मोनोलॉजिस्ट, आकाश हेल्थकेयर, द्वारका**

> एनआईडीएम ने तीन परिदृश्यों की भविष्यवाणी की है। एक, तीसरी लहर अक्टूबर में चरम पर हो सकती है। प्रतिदिन दो, तीन लाख मामले। तीसरा, यदि अधिक विषाणुजनित रूप सामने आते हैं, तो यह सितंबर में प्रति दिन पांच लाख मामलों के साथ चरम पर पहुंच सकता है।
>
> **– डॉ. एचके महाजनी एनेस्थिसियोलॉजिस्ट, भारतीय स्पाइनल इंजरी सेंटर, वसंत कुंज**

# अंग्रेजों की गेंदबाजी के आगे ढह गई टीम इंडिया

●लंच से पहले 63 रन के अंदर लगातार आठ विकेट गंवा दिए

●इंग्लैंड ने श्रृंखला 1-1 से बराबर की

## भारत पारी और 76 रन से हारा



रॉबिन्सन ने लिए 5 विकेट

भाषा। लीड्स

**भारतीय** टीम इंग्लैंड की शानदार गेंदबाजी के सामने शनिवार को यहां तीसरे टेस्ट के चौथे दिन लंच से पहले दूसरी पारी में 278 रन पर सिमट गई जिससे उसे पारी और 76 रन से हार का सामना करना पड़ा।

इस तरह इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर की। पिछले मैच में शानदार जीत दर्ज कर बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम पहले ही दिन पहली पारी में महज 78 रन पर सिमट गई थी जिसका असर उसके पूरे खेल पर दिखा। गेंदबाजों पर इतने कम स्कोर का दबाव साफ दिखा जिसका फायदा उठाते हुए इंग्लैंड ने पहली पारी में 432 रन बनाकर 354 रन की विशाल बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने शुक्रवार को तीसरे दिन 80 ओवर में दो विकेट पर 215 रन बनाकर कुछ उम्मीद जगाई थी। चौथे दिन पिच सपाट थी जो बल्लेबाजी के लिए अनुकूल थी। बस भारतीय बल्लेबाजों को पहला घंटा टिककर खेलने की रणनीति अपनानी थी। पर ऐसा नहीं हो सका और टीम ने लंच से पहले 63 रन के अंदर लगातार आठ विकेट गंवा दिए और इस तरह पूरी टीम 99.3 ओवर में 278 रन पर सिमट गई। अब चौथा टेस्ट दो से छह सितंबर तक द ओवल में होगा। इंग्लैंड के गेंदबाजों में सबसे सफल ओली रॉबिन्सन रहे जिन्होंने दूसरी पारी में 65 रन देकर पांच विकेट और मैच में सात विकेट झटके। वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। रॉबिन्सन ने चौथे दिन चार भारतीय खिलाड़ियों को आउट किया जिसमें चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली के अहम विकेट शामिल थे जबकि क्रेग ओवरटन को दो (47 रन देकर तीन) तथा जेम्स एंडरसन और मोईन अली को एक एक विकेट मिला। भारत ने दो विकेट पर 215 रन से खेलना शुरू किया और उसने एक भी रन जोड़े बिना पुजारा (91 रन, 15 चौके) का विकेट गंवा दिया। कोहली (55 रन, आठ चौके) और पुजारा क्रीज पर उतरकर दूसरी नई गेंद के सामने सहज होने की कोशिश कर रहे थे। तीन ओवर में एक भी रन नहीं बना। शतक से नौ रन से दूर पुजारा ने रॉबिन्सन की एक गेंद को छोड़ दिया लेकिन यह उनके पैड से लगकर गई और इंग्लैंड के खिलाड़ी अपील करने लगे। अंपायर ने नॉट आउट दिया। पर इंग्लैंड ने रिव्यू लिया जिसके बाद उन्हें पगबाधा आउट दिया गया जो बहुत बड़ा विकेट था। एंडरसन अपनी गेंदों से परेशान कर रहे थे और ऐसी ही एक गेंद पर ऐसा लगा कि उन्होंने फिर कोहली का विकेट झटक लिया है। बल्ला पैड से लगा था लेकिन अंपायर ने आवाज सुनकर आउट दे दिया। कोहली पवेलियन की ओर चल दिए थे लेकिन अचानक वापस आकर उन्होंने दूसरे छोर के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे से सलाह लेकर रिव्यू लिया जिसमें बल्ले पर गेंद लगी ही नहीं थी। और वह फिर एंडरसन की गेंद पर आउट होने से बचे। कोहली ने रॉबिन्सन पर चार रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में एक और चौका लगाया, पर अगली ही गेंद पर उनका शिकार बन गए। बाहर जाती गेंद उनके बल्ला चूमती हुई पहली स्लिप में खड़े इंग्लैंड के कप्तान जो रूट के हाथों में समां गई जो जोश में मैदान पर भागने लगे। भारतीय बल्लेबाजों के लिए नई गेंद के सामने शुरुआती घंटे में टिककर खेलना अहम था लेकिन इन दोनों के विकेट के बाद रहाणे (10 रन) भी अपना विकेट गंवा बैठे। एंडरसन की गेंद उनके बल्ले का किनारा छूकर विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों में समां गई। इस तरह टीम ने 11 ओवर में 24 रन के अंदर अपने तीन अहम विकेट गंवा दिए। अगले ओवर में एक भी रन नहीं जुड़ा और ऋषभ पंत (01) रॉबिन्सन की गेंद पर तीसरी स्लिप में कैच देकर पवेलियन लौट गए। रॉबिन्सन का यह दिन का तीसरा विकेट था। रूट ने फिर ऑफ स्पिनर मोईन अली को गेंदबाजी पर लगाया और आते ही उन्होंने मोहम्मद शमी (06) को बोल्ड कर दिया। भारत ने आठवां विकेट इशांत शर्मा के रूप में खोया जो रॉबिन्सन का पांचवां विकेट था। इंग्लैंड के इस गेंदबाज ने श्रृंखला में दूसरी बार पांच विकेट झटके। रविंद्र जडेजा (30 रन, 25 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) ने मोईन अली की गेंद को उंन्चा उठा दिया और इस पर एक गगनचुंबी छक्का लगा। उन्होंने कुछ शानदार शॉट लगाकर रन बनाए, पर वह भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सके और क्रेग ओवरटन की गेंद पर विकेटकीपर को कैच देकर आउट हुए।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी:** 78 रन,**इंग्लैंड पहली पारी:** 432 रन,**भारत दूसरी पारी:** रोहित पगबाधा बो रॉबिन्सन 59, राहुल का बेयरस्टॉ बो ओवरटन 08, पुजारा पगबाधा बो रॉबिन्सन 91,कोहली का रूट बो रॉबिन्सन 55, रहाणे का बटलर बो एंडरसन 10,पंत का ओवरटन बो रॉबिन्सन 01,जडेजा का बटलर बो ओवरटन 30,शमी बो अली 06, शर्मा का बटलर बो रॉबिन्सन 02,बुमराह नाबाद 01, सिराज का बेयरस्टो बो ओवरटन 00,**अतिरिक्त** 15,**कुल** (99.3 ओवर में, दो विकेट पर) 278,**विकेट पतन** : ।-34, 2-116, 3-215, 4-237, 5-239, 6-239, 7-254, 8-257, 9-278,**गेंदबाजी:**एंडरसन 26-11-63-।,रॉबिन्सन 26-6-65-5,ओवरटन 18.3-6-47-3,करेन 9-।-40-0,मोईन अली 14-।-40-1,रूट 6-।-15-0

### एंडरसन से वॉबल सीम गेंद डालना सीखा: रॉबिन्सन

**लीड्स।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने शनिवार को कहा कि टीम के उनके अनुभवी साथी जेम्स एंडरसन ने उनकी वॉबल ग्रिप बॉल तकनीक को बदलने में मदद की और इससे उन्हें भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में शानदार परिणाम मिला। मैन ऑफ द मैच रॉबिन्सन ने कहा, मैने देखा कि जिमी (एंडरसन) ने गेंदबाजी के लिए वॉबल ग्रिप को थोड़े अलग तरीके से पकड़ रखा है। मै इसे दूसरी तरफ से पकड़ रहा था, इसलिए मैने उससे बात की और फिर नेट्स सत्र इसका अभ्यास करने की कोशिश की। वॉबल ग्रिप गेंदबाजी के समय सीम के ऊपर गेंदबाज की अंगुलियों के बीच सामान्य से अधिक फैलाव होता है।

### मैदान में घुसने वाले प्रशंसक जार्वो पर लगेगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली-लीड्स।** यॉर्कशर काउंटी के सूत्रो ने शनिवार को बताया कि लॉर्ड्स मे खेले गए पिछले टेस्ट मैच के बाद हेडिंग्ले मैदान पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दौरान मैदान मे घुसने वाले यूट्यूबर डेनियल जार्विस उर्फ जार्वो 69 को सुरक्षा मे सेंध लगाने पर आजीवन प्रतिबंधित किया जाएगा। जार्विस ने भारतीय टेस्ट की जर्सी मे खेल के दौरान मैदान मे आकर काफी सुर्खियां बटोरी लेकिन यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब इसे सुरक्षा मे सेंध लगाने के तौर पर देख रहा है और उसे अब उसे लीड्स मैदान मे आने की अनुमति नही होगी। यॉर्कशर काउंटी के प्रवक्ता से जब पूछा कि वे इस तरह के मामलो से कैसे निपटते है तो उन्होने कहा, हां, डेनियल जार्विस को हेडिंग्ले से आजीवन प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हम आर्थिक जुर्माना भी लगाएंगे। यह पूछे जाने पर कि इस तरह की शर्मिंदगी से बचने के लिए क्या उपाय किए जाएंगे, प्रवक्ता ने कहा, पिछले दिनो की तरह, किसी को भी रोकने के लिए प्रबंधक मौजूद होंगे।

## स्कोरबोर्ड का दबाव था, फिर इंग्लैंड ने शानदार गेंदबाजी की : कोहली



**लीड्स।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को यहां तीसरे टेस्ट मे पारी की हार के बाद कहा कि स्कोरबोर्ड का काफी दबाव रहा जिसमें इंग्लैंड ने विशाल बढ़त बनाई और साथ ही उसके गेंदबाजो ने शानदार प्रदर्शन किया। कोहली ने मैच के बाद कहा, जब आप 80 रन (पहली पारी मे) के अंदर आउट हो जाते हो तो यह स्कोरबोर्ड का दबाव होता है। और इसके बाद प्रतिद्वंद्वी टीम इतना बड़ा स्कोर बना दे। भारतीय टीम ने तीसरे दिन दो विकेट पर 215 रन बनाए थे जिससे वह ठीक स्थिति मे थी। कोहली ने कहा, लेकिन हमने कल मैच मे बने रहने के लिए अच्छा खेल दिखाया था, हम जितना प्रयास कर सकते थे, हमने किया और खुद को मौका भी दिया। इंग्लैंड के गेंदबाजो के बारे मे उन्होने कहा, लेकिन आज इंग्लैंड के गेंदबाजो ने काफी दबाव बना दिया और अंत मे वह नतीजा हासिल किया जो वे चाहते थे। पहली पारी का स्कोर काफी खराब रहा, यह इसी देश मे हो सकता है, पूरी पारी ताश के पत्तो की तरह ढह जाए। चौथे दिन के खेल पर उन्होने कहा, हमने सोचा कि पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। लेकिन अनुशासित गेंदबाजी ने गलतियां करने पर मजबूर कर दिया और दबाव बहुत ज्यादा था। जब आप रन नही बना रहे हो तो दबाव से उबरना बहुत मुश्किल है। इससे ही बल्लेबाजी चरमरा गई।

### नहीं मानता कि अतिरिक्त बल्लेबाज से संतुलन बनेगा, तेज गेंदबाजों के रोटेशन पर विचार करेंगे

**लीड्स।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मे बड़ी हार के बावजूद पांच विशेषज्ञ गेंदबाजो के साथ बने रहने का समर्थन करते हुए तेज गेंदबाजो के कार्यभार को ध्यान मे रखते हुए चौथे मैच मे बदलाव का संकेत दिया। कोहली ने मैच के बाद ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन मे टीम मे एक अतिरिक्त बल्लेबाज को रखने के विचार को खारिज कर दिया। पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर कमेंट्री के दौरान कई बार टीम मे एक अतिरिक्त बल्लेबाज को रखने की वकालत करते सुने गए। कोहली से जब छठे विशेषज्ञ बल्लेबाज के बारे मे पूछा गया तो उन्होने कहा, आप विशेषज्ञ बल्लेबाज की बात कर रहे है? मै उस संतुलन मे विश्वास नही करता हूं और मैने उस संतुलन पर कभी विश्वास नही किया क्योकि या तो आप हार को बचाने की या फिर जीतने की कोशिश कर सकते है। हमने अतीत मे इतने बल्लेबाजो के साथ कई मैच ड्रॉ किए है।

### पंत को पूरा मौका देंगे

**लीड्स।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को विकेटकीपर ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा कि टीम प्रबंधन इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचो की बची हुई श्रृंखला मे बल्लेबाजी के लिए उन्हे पूरा मौका देगा। कोहली ने कहा, जैसा कि मैने कहा कि एक हार से मै इसका आकलन नही कर सकता या फिर बतौर कप्तान मै इसका विश्लेषण करना शुरू नही कर सकता। निश्चित रूप से प्रबंधन भी इसका विश्लेषण शुरू नही करेगा क्योकि हम टीम के तौर पर विफल नही हो रहे है।

### हमारे गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया : रूट

**लीड्स।** इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने श्रृंखला।-। से बराबर करने के बाद कहा कि उनके गेंदबाजो ने शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम को पारी और 76 रन से हराने मे मदद की। रूट ने चौथे दिन गेंदबाजो के प्रदर्शन के बारे मे कहा, गेंदबाजो का शानदार प्रदर्शन। नई गेंद से उन्होने कमाल कर दिया। सुबह तीन मेडन ओवर फेंके और जब भी मौके मिले, विकेट झटका लार्ड्स मे मिली हार के बाद वापसी करने के बारे मे उन्होने कहा, ड्रेसिंग रूम मे प्रतिभा को देखते हुए हम जानते थे कि हम वापसी करने मे सक्षम थे, बस हमें और निरंतर होने की जरूरत थी। गेंद से हमारा प्रदर्शन शानदार रहा और इससे पहले बल्ले से हमारे लिए सलामी भागीदारी अहम रही।

## क्विक न्यूज

### मैनचेस्टर लौटे रोनाल्डो

**मैनचेस्टर।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो दोबारा उसी मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए खेलेंगे जिस टीम ने उन्हें फुटबॉल का वैश्विक सुपरस्टार बनाया था। विश्व फुटबॉल जगत को चौंकाने वाले अनुबंध के तहत शुक्रवार को रोनाल्डो की मैनचेस्टर युनाइटेड में वापसी तय हुई।इससे एक दिन पहले उन्होंने युवेंटस को बता दिया था कि अब वह इस इतालवी क्लब के लिए और नही खेलेंगे। युनाइटेड ने ट्वीट किया , वेलकम बैक क्रिस्टियानो।

### तीन और भारतीय एशियाई युवा मुक्केबाजी फाइनल में

**नई दिल्ली।** विश्व युवा कांस्य पदक विजेता विश्वमित्र चोंगथाम (51 किलो) समेत भारत के तीन मुक्केबाज दुबई मे चल रही एशियाई युवा चैम्पियनशिप के फाइनल मे पहुंच गए। चोंगथाम ने ताजिकिस्तान के अकाराली अब्दुरखिवोजोडा को 5-0 से हराकर फाइनल मे जगह बनाई। सुरेश विश्वनाथ (48 किलो) ओर जयदीप रावत (57 किलो) भी फाइनल मे पहुंच गए।

### सानिया–मैकहेल क्लीवलैंड टेनिस फाइनल में

**क्लीवलैंड।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और अमेरिका की क्रिस्टीना मैकहेल ने टेनिस इन द लैड टूर्नामेंट के महिला युगल फाइनल मे प्रवेश कर लिया। सानिया और मैकहेल ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैच मे नार्वे की उलिक्के इकेरी और अमेरिका की कैथरीन हैरीसन को 7-6, 6-2 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान की शुको ओयामा और इना शिबाहारा से होगा।

### सीपीएल : जमैका और त्रिनबागो की पहली जीत

**सेंट किट्स एंड नेविस।** आंद्रे रसेल के रिकॉर्ड 14 गेंद में नाबाद 50 रन की मदद से जमैका टाल्लावास ने हीरो कैरेबियाई प्रीमियर लीग मे सेंट लूसिया किंग्स को 120 रन से हरा दिया। सीपीएल के इतिहास में रनों के अंतर से यह सबसे बड़ी जीत है। जमैका ने 20 ओवर मे पांच विकेट पर 255 रन बनाए। जवाब मे किंग्स की टीम 135 रन पर आउट हो गई।

### फाफ डु प्लेसी टी10 लीग में बंगाल टाइगर्स के बने कप्तान

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी को अबुधाबी टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट मे बंगाल टाइगर्स का कप्तान और आइकन बनाया गया है। डु प्लेसी ने एक विज्ञप्ति मे कहा , यह रोमांचक प्रारूप है और लीग मे दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का मुझे इंतजार है।

### शुभंकर यूरोपीय मास्टर्स में

क्रांस मोंटाना (स्विट्जरलैंड)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यूरोपीय मास्टर्स के दूसरे दौर मे दो अंडर 68 का स्कोर करने के बाद संयुक्त 22वें स्थान पर है जबकि अनुभवी एसएसपी चौरसिया कट हासिल करने से चूक गए। इससे पहले शुभंकर ने पहले दौर मे भी दो अंडर 68 का कार्ड खेला।

## मैं खुद को दिव्यांग नहीं मानती : भाविनाबेन पटेल

भाषा। तोक्यो

**पैरालम्पिक** खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल ने शनिवार को कहा कि वह खुद को दिव्यांग नहीं मानती और तोक्यो खेलों में उनके प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि कुछ भी असंभव नहीं है। बारह महीने की उम्र में पोलियो की शिकार हुई पटेल ने कहा , मैं खुद को दिव्यांग नहीं मानती। मुझे हमेशा से यकीन था कि मैं कुछ भी कर सकती हूं और मैने साबित कर दिया कि हम किसी से कम नहीं है और पैरा टेबल टेनिस भी दूसरे खेलों से पीछे नहीं है। मैने चीन के खिलाफ खेला है और यह हमेशा कहा जाता है कि चीन को हराना आसान नहीं होता है। मैने आज साबित कर दिया कि कुछ भी असंभव नहीं है।हम कुछ भी कर सकते हैं। पटेल ने कहा कि खेल के मानसिक पहलू पर फोकस करने से उन्हें मैच के दौरान मदद मिली। मेरा दिन सुबह चार बजे शुरू हो जाता है और मैं ध्यान तथा योग के जरिए मानसिक एकाग्रता लाने का प्रयास करती हूं। मैचों के दौरान कई बार हम जल्दबाजी में गलतियां करते हैं और अंक गंवा देते हैं लेकिन मैने अपने विचारों पर नियंत्रण रखा। मैं अपने कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे तकनीक सिखाई।

### प्रधानमंत्री ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोक्यो पैरालम्पिक फाइनल में पहुंची टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियो ने पूरे देश को प्रेरित किया है। पटेल ने दुनिया की तीसरे नंबर की चीनी खिलाड़ी को हराकर पैरालम्पिक फाइनल मे प्रवेश किया और यह कारनामा करने वाली वह पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। मोदी ने ट्वीट किया , भाविना पटेल को बधाई। आपने शानदार खेल दिखाया। पूरा देश आपकी सफलता के लिए प्रार्थना कर रहा है और कल आपकी हौसलाअफजाई करेगा। बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। आपकी उपलब्धियो से पूरा देश प्रेरित होगा।

## पैडलर भाविनाबेन ने रचा इतिहास

●पैरालम्पिक टेबल टनिस के फाइनल में

●रजत पदक पक्का

भाषा। तोक्यो



**भारत की** भाविनाबेन पटेल लगातार इतिहास रचते हुए पैरालम्पिक टेबल टेनिस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई जिन्होंने चीन की मियाओ झांग को क्लास 4 वर्ग के कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। पटेल ने दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी को 7-11, 11-7, 11-4, 9-11, 11-8 से हराकर भारतीय खेमे में भी सभी को चौंका दिया। अब उनका सामना दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी चीन की यिंग झोउ से होगा। गुजरात के मैहसाणा जिले में एक छोटी परचून की दुकान चलाने वाले हंसमुखभाई पटेल की बेटी भाविना को पदक का दावेदार भी नहीं माना जा रहा था लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इतिहास रच दिया। बारह महीने की उम्र में पोलियो की शिकार हुई पटेल ने कहा , जब मैं यहां आई तो मैने सिर्फ अपना शत प्रतिशत देने के बारे में सोचा था। अगर ऐसा कर सकी तो पदक अपने आप मिलेगा। मैने यही सोचा था। उन्होंने कहा , अगर मैं इसी आत्मविश्वास से अपने देशवासियों के आशीर्वाद के साथ खेलती रही तो कल स्वर्ण जरूर मिलेगा। मैं फाइनल के लिए तैयार हूं और अपना शत प्रतिशत दूंगी। व्हीलचेयर पर खेलने वाली पटेल ने पहला गेम गंवा दिया लेकिन बाद में दोनों गेम जीतकर शानदार वापसी की। तीसरा गेम जीतने में उन्हें चार मिनट ही लगे। चौथे गेम में चीनी खिलाड़ी ने फिर वापसी की लेकिन निर्णायक पांचवें गेम में पटेल ने रोमांचक जीत दर्ज करके फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी झांग के खिलाफ पटेल की यह पहली जीत थी। दोनों इससे पहले 11 बार एक दूसरे से खेल चुके हैं। पटेल को पहले ग्रुप मैच में झोउ ने आसानी से हराया था। उनके खिलाफ फाइनल जीतना आसान नहीं होगा। पटेल ने 13 साल पहले अहमदाबाद के वस्त्रापुर इलाके में नेत्रहीन संघ में खेलना शुरू किया जहां वह दिव्यांगों के लिए आईटीआई की छात्रा थी। बाद में उन्होंने दृष्टिदोष वाले बच्चों को टेबल टेनिस खेलते देखा और इसी खेल को अपनाने का फैसला किया। उन्होंने अहमदाबाद में रोटरी क्लब के लिए पहला पदक जीता। उनका विवाह निकुंज पटेल से हुआ जो गुजरात के लिए जूनियर क्रिकेट खेल चुके हैं।

### भाला फेंक में भाटी बाहर

**तोक्यो।** भारतीय भाला फेंक एथलीट रंजीत भाटी का शनिवार को यहां पुरुष वर्ग के एफ 57 फाइनल में छह में से एक भी प्रयास वैध नहीं रहा जिससे वह तोक्यो पैरालंपिक से बाहर हो गए। फरीदाबाद के 24 साल के भाटी 2019 में मोरक्को ग्रां प्री में चौथे स्थान पर रहे थे और उन्होंने इस साल गुरूग्राम में राज्य स्तर के टूर्नामेंट और बेंगलुरु में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर क्वालीफाई किया था।

### राकेश प्री क्वार्टर फाइनल में, श्याम सुंदर बाहर

**तोक्यो।** भारतीय तीरंदाज राकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पैरालम्पिक खेलो के प्री क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर लिया जबकि श्याम सुंदर स्वामी दूसरे दौर से बाहर हो गए। क्वालीफिकेशन दौर में 720 में से 699 स्कोर करने वाले 36 वर्ष के राकेश ने हांगकांग के का चुएन एंगाइ को 13 अंक से हराया। दुबई मे इस साल सातवां फाज्जा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट मे व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाले कुमार ने 150 में से 144 अंक बनाए। उन्होंने नौ बार परफेक्ट 10 स्कोर किया जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी ने चार बार यह कारनामा किया। तीसरी वरीयता प्राप्त कुमार का सामना अब 14वी वरीयता प्राप्त मरियन मारेकाक से होगा जो स्लोवाकिया के लिए दो बार पैरालंपिक खेल चुके है। इससे पहले दूसरे दौर मे बाय पाने वाले सुंदर को 2012 पैरालम्पिक रजत पदक विजेता मैट स्टत्जमैन ने 142 . 139 से हराया।

## अमेरिकी ओपन में जोकोविच और ओसाका पर होंगी नजरें

भाषा। न्यूयॉर्क





**अपने** कैरियर का रिकॉर्ड 21वां ग्रैंडस्लैम और पिछले पांच दशक से अधिक समय में एक कैलेंडर वर्ष में सारे ग्रैंडस्लैम जीतने की दहलीज पर खड़े नोवाक जोकोविच पर अमेरिकी ओपन टेनिस में सभी की नजरें होंगी। जोकोविच ने कहा , इसमें कोई शक नहीं कि मेरे लिए यह बहुत बड़ी प्रेरणा है। लेकिन मुझे अहसास है कि मानसिक रूप से संतुलन कैसे बनाना है। मेरे यहां खेलने को लेकर काफी हाइप है चूंकि रफेल नडाल और रोजर फेडरर भी नहीं खेल रहे हैं। जोकोविच के फेडरर और नडाल के समान 20 ग्रैंडस्लैम हैं। दूसरी ओर मानसिक स्वास्थ्य कारणों से फ्रेंच ओपन से बीच में ही हटी नाओमी ओसाका को भी पता है कि सभी की नजरें उन पर होगी। पिछली बार की चैम्पियन ओसाका ने कहा , इस बार कुछ अलग हालात है। मुझे नहीं पता कि इसका वर्णन कैसे करूं लेकिन लोग मुझे अलग नजर से देखेंगे। मैं लोगों का नजरिया नहीं बदल सकती लेकिन इसका सामना करने के लिए खुद को तैयार कर रही हूं। साल का आखिरी ग्रैंडस्लैम सोमवार से शुरू होगा जिसमें पूरी संख्या में दर्शक मौजूद होंगे। यहां 1997 के बाद पहली बार सेरेना और वीनस विलियम्स, फेडरर और नडाल नहीं खेल रहे हैं। सबसे पहले 1938 में डॉन बज ने और 1962 तथा 1969 में रॉड लावेर ने एक कैलेंडर वर्ष में सारे ग्रैंडस्लैम जीते थे। पिछले 52 साल में कोई पुरूष खिलाड़ी एक सत्र में पहले तीन ग्रैंडस्लैम भी नहीं जीत सका है जो जोकोविच ने किया है।

### अमेरिकी ओपन के कोविड-19 प्रोटोकॉल में बदलाव : प्रशंसकों के लिए टीकाकरण प्रमाण जरूरी हुआ

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन के दर्शकों को अब मैच देखने के लिए कोविड-19 टीकाकरण की कम से कम एक डोज का प्रमाण दिखाना होगा। यह बदलाव उस समय किया गया जब इस टेनिस टूर्नामेंट के शुरू होने से 72 घंटे से भी कम समय बचा है। अमेरिकी टेनिस संघ (यूएसटीए) ने शुक्रवार को बताया कि न्यूयॉर्क शहर के महापौर कार्यालय ने राष्ट्रीय टेनिस केंद्र के मुख्य परिसर आर्थर ऐश स्टेडियम में जाने के लिए टीकाकरण के प्रमाण को जरूरी करने का निर्णय लिया है। यूएसटीए ने कहा कि 12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी दर्शकों को टीकाकरण प्रमाण के साथ आना होगा तभी वे सोमवार से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के दौरान मैदान में प्रवेश कर सकेंगे। कोरोना वायरस महामारी के कारण पिछले साल इसमें दर्शकों के प्रवेश पर प्रतिबंध था लेकिन इस बार दो सप्ताह के इस टूर्नामेंट के दौरान स्टेडियम की पूरी क्षमता के मुताबिक (100 प्रतिशत) दर्शक मौजूद रह सकते है।

## तोक्यो ओलंपिक के बाद बेखौफ हो गए हैं : गुरजीत कौर



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद उनकी टीम निडर हो गई है। तोक्यो में टीम के शानदार प्रदर्शन के सूत्रधारों में रही गुरजीत को वर्ष 2020-21 के लिए एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। गुरजीत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 1-0 से मिली जीत में एकमात्र गोल किया था। गुरजीत ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , हम मामूली अंतर से पदक से चूक गए लेकिन इस बेहतरीन अभियान से बहुत सारी सकारात्मक बातें रही। लोगों ने हमारा खेल देखना शुरू कर दिया और मुझे यकीन है कि हमारे प्रदर्शन से युवाओं को हॉकी खेलने की प्रेरणा मिलेगी। तोक्यो ओलंपिक से भारतीय हॉकी के एक नए युग का आगाज होगा।

## महिला टीम का ध्यान वनडे विश्व कप पर

● ऑस्ट्रेलिया दौरे से होगी अच्छी तैयारी: मिताली और पवार

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय** महिला एकदिवसीय टीम की कप्तान मिताली राज और कोच रमेश पवार ने शनिवार को कहा कि टीम का ध्यान अगले साल होने वाले विश्व कप पर है और ऑस्ट्रेलिया का आगामी दौरा इस बड़े टूर्नामेंट के लिए आदर्श तैयारी का काम करेगा। भारतीय टीम तीन वनडे, एक दिन-रात्रि टेस्ट और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो रही है। यह भारतीय महिला टीम का पहला दिन-रात्रि टेस्ट होगा और इस बारे में पूछे जाने पर कोच पवार ने कहा, हमें यह समझने की जरूरत है कि हम पहले तीन एकदिवसीय मैच खेलेंगे और हम अभी विश्व कप की तैयारी पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, दौरे पर खेले जाने वाले इकलौते टेस्ट मैच के बारे में बात करें तो हमें अपने एकदिवसीय प्रारूप के आत्मविश्वास को टेस्ट मैच में ले जाना होगा। हमें अलग से तैयारी करने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम सभी प्रारूपों में अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं। हम यह समझाने की कोशिश करते हैं कि हमें हर प्रारूप को कैसे अपनाना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया का दौरा वनडे श्रृंखला के साथ शुरू होगा। इसका पहला मैच 19 सितंबर को नॉर्थ सिडनी ओवल में खेला जाएगा। इसके बाद 22 और 24 सितंबर को क्रमश: जंक्शन ओवल में दूसरा और तीसरा मैच होगा। महिलाओं के 50 ओवर प्रारूप का विश्व कप अगले साल मार्च-अप्रैल में न्यूजीलैंड में होना प्रस्तावित है। दौरे पर रवाना होने से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कप्तान मिताली राज ने कहा, हम उन क्षेत्रों को जानते हैं जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है और हमने बेंगलुरु में अभ्यास शिविर के दौरान ऐसी सभी पहलुओं पर काम किया है। ऑस्ट्रेलिया में जो भी परिणाम हों, हमारे पास विश्व कप के लिए अभी भी कुछ महीने हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरा हमारे लिए अच्छा है क्योंकि हम सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ खेल रहे हैं, हमें विश्व कप से पहले टीम संयोजन के बारे में भी अंदाजा हो जाएगा। इसलिए विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया एक अच्छा दौरा साबित होगा। महिला राष्ट्रीय टीम के कोच के रूप में अपने दूसरा कार्यकाल शुरू कर चुके कोच ने कहा कि टीम प्रबंधन अनुभवी झूलन गोस्वामी पर बोझ कम करने के लिए तेज गेंदबाजी विभाग को मजबूत करने की उम्मीद कर रहा है। हम तेज गेंदबाजी में निरंतरता की तलाश कर रहे हैं ताकि झूलन खुद को अभिव्यक्त कर सकें, नहीं तो वह रक्षात्मक खेल के लिए मजबूर हो जाएंगी और हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते हैं। हमें उनके लिए एक साथी खोजने की जरूरत है ताकि वह साझेदारी में गेंदबाजी कर सके। हम मेघना सिंह पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हमें पूजा वस्त्राकर से भी उम्मीदें है।